Page 11

खेल

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

Page 10



देश

पूर्व अमेरिकी कप्तान एलेक्स मार्गन का फुटबॉल से सन्यास, 2 ओलंपिक मेडल और 2 बार...

हरियाणा की जनता चाहती है मैं सीएम बनूं, चुनाव के बीच राव इंद्रजीत ने खुलकर ठोका...

शुक्ल पक्ष, ज्येष्ठा, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • बुधवार • 11 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 272 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

सोना चांदी

सोना	चांदी
10 ग्राम 22 कैरेट	1 किलो चांदी
₹ 66,770	₹85,000

आज का इतिहास

- 1887 : भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी तथा उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री गोविंद वल्लभ पंत का जन्म अल्मोड़ा जिले के खोत नामक स्थान पर हुआ।
- 1966 : भारतीय संसद ने आज ही दिन पंजाब और हरियाणा राज्य के गठन को मान्यता प्रदान की।

चार बच्चियों की तालाब में डूबने से हुई मौत

बांका (नि.सं.)। बांका जिले के चांदन प्रखण्ड के बेहरार गांव में करमा त्योहार को लेकर फूल तोड़ने और तालाब में नहाने गई चार बच्चियां डूब गईं हैं। सभी को नजदीक के जुमई जिले के झाझा रेफरल अस्पताल ले जाया गया।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक, 46 एजेंडों पर लगी मुहर

350 जूनियर इंजीनियर की होगी भर्ती

- मीठापुर में मेट्रो स्टेशन बनेगा, दरभंगा एम्स के लिए 37.31 एकड़ जमीन, सीएम ग्रामीण सेतु योजना को मंजूरी

निज संवाददाता | पटना

सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इस दौरान 46 एजेंडों पर मुहर लगी है। 350 जूनियर इंजीनियर की भर्ती होगी। इस पर 13 करोड़ 25 लाख रुपए खर्च होंगे। योजना विकास विभाग आउटसोर्सिंग करेगा। बिहार विधानमंडल के सचेतक को उप मंत्री के बदले राज्य मंत्री का दर्जा दिया जाएगा। इसके अलावा विधान मंडल के नेता विरोधी दल, संसदीय सचिव, सचेतक और सदन नेता के वेतन भत्ता नियमावली 2006 में संशोधन किया गया है। नियामवली के नियम 3(ग) में संशोधन किया गया है। कैबिनेट ने सीएम ग्रामीण सेतु योजना को मंजूरी दी है। बिहार में पुल ध्वस्त होने के बाद ये योजना लाई गई है। 100 मीटर तक पुल का निर्माण ग्रामीण कार्य विभाग करेगा। 100 मीटर से अधिक लंबाई की पुल का निर्माण पुल निर्माण निगम करेगा। पटना के मीठापुर में मेट्रो स्टेशन बनेगा। बिहार सरकार ने पटना मेट्रो को जमीन मुहैया कराई है। 23 करोड़ 52 लाख राशि लेकर जमीन दी गई है। यह जमीन आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय की थी।

सरकार ने 7 डॉक्टरों को बर्खास्त किया है। जमुई-झाझा-सिमुलतला अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. चमन लाल वैद्य, जमुई सदर अस्पताल के सामान्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रवि कुमार चौधरी, अररिया कुर्साकाटा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. रोहित कुमार बसाक, कटिहार प्राणपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. रविश रंजन, पूर्णिया-धमदाहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. शकील जावेद, कटिहार के हसनगंज स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. अमित कुमार और पूर्णिया के दीवार बाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. मशहूर रहमान को बर्खास्त किया गया है। राजधानी पटना में प्रस्तावित फाइव स्टार होटल पाटलिपुत्र अशोक, सुल्तान पैलेस और बाकीपुर होटल में मॉल भी बनेगा। हाइट में बड़ी छूट दी गई। एयरपोर्ट जोन से बाहर रहने पर एलिमिटेड ऊंचाई तक होटल बनेगा। कैबिनेट मीटिंग में दरभंगा एम्स को 37.31 एकड़ और जमीन देने पर सहमति बनी है। कैबिनेट एसीएस डॉ. एस सिद्धार्थ ने बताया की बिहार सरकार ने दरभंगा एम्स के लिए यह जमीन दी है। केंद्र सरकार ने मांग की थी। 113.86 एकड़ जमीन पूर्व में दी गई थी। 151.17 एकड़ जमीन पर दरभंगा में एम्स बनेगा। ग्रामीण सड़कों की मरम्मती के लिए सीएम ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना की फिर से शुरुआत की गई है।

4 सड़कों के निर्माण कार्य पर 2076 करोड़ रुपए खर्च

बिहार में चार नए सड़क की स्वीकृति दी गई है। कुल 204 किलोमीटर नई सड़क बनेगी। निर्माण कार्य पर 2076 करोड़ रुपए खर्च आएगी। बिहार स्टेट हाइवे प्रोजेक्ट-4 के तहत छपरा-मंझौली-दरौली-घुटनी तक सड़क का निर्माण किया जाएगा। इस पर कुल 701 करोड रुपए लागत आएगी। 72.8 किलोमीटर इसकी लंबाई होगी। बाइपास का भी काम होगा। आरा-अकौना-खैरा-सहर सड़क की लंबाई 32.2 16 किलोमीटर होगी। जिस पर 373 करोड़ 56 लाख की लागत आएगी। बनगंगा एनएच-82 जेठियन-गहलोर-बिंदस सड़क की कुल लंबाई 41.256 किलो मीटर होगी। आरओबी का भी निर्माण होगा। कुल 361 करोड़ 32 लाख रुपए खर्च होंगे। धौरैया-इंग्लिश मोड़-असरगंज सड़क की लंबाई 58.57 किलोमीटर की होगी। आरओबी और बाइपास भी बनेगा। निर्माण कार्य पर 650 करोड़ 50 लाख 98 हजार रुपए खर्च होगी।

उत्क्रमित उच्च माध्यमिक स्कूलों में सहायक की होगी नियुक्त

अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में स्थापित 6421 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक स्कूलों में एक-एक सहायक नियुक्त किए जाएंगे। स्कूल सहायकों के पद सृजन और उन पर सालाना 1.27 अरब रुपये का अतिरिक्त खर्च सरकार को वहन करना होगा।

राहुल गांधी का विदेश में आंतरिक मामलों पर बयान देना देशद्रोह की श्रेणी में आता है : ऋतुराज सिन्हा

- श्री सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी की टिप्पणियों से भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि को नुकसान पहुंच रहा है। रहे हैं।
- श्री सिन्हा ने बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की यात्रा पर टिप्पणी की, कहकर कि उन्हें स्पष्ट करना चाहिए कि वे उन लोगों के साथ खड़े हैं जो विदेश में देश का अपमान कर रहे हैं।

निज संवाददाता | पटना

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय मंत्री श्री ऋतुराज सिन्हा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा विदेश में दिए गए हालिया बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। राहुल गांधी ने अमेरिका में एक सभा के दौरान भारत के लोकसभा चुनावों और आंतरिक मामलों पर सवाल उठाए थे, जिसे श्री सिन्हा ने देश के सम्मान के खिलाफ बताया है। श्री सिन्हा ने अपने बयान में कहा,राहुल गांधी जी की आदत बन गई है कि जब भी विदेश जाते हैं, तो देश की निंदा करते हैं। यह समझने की जरूरत है कि सार्वजनिक मंच पर क्या और कब बोलना चाहिए। अगर इतनी सी बात का ज्ञान नहीं है, तो कम से कम अपने पिता, स्वर्गीय राजीव गांधी से सीख ले सकते थे। उन्होंने हमेशा विपक्ष और पक्ष दोनों का सम्मान किया। अटल बिहारी वाजपेयी जैसे विपक्षी नेताओं को भी विदेशों में देश का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया था। उन्होंने राहुल गांधी की विदेशों में दी गई आलोचनात्मक टिप्पणियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये बयान भारत की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नुकसान पहुंचाते हैं। श्री सिन्हा ने आगे कहा, 'राहुल गांधी बार-बार अपनी बयानबाजी से देश के मान-सम्मान को ठेस पहुंचा रहे हैं। यह बात देश की जनता को बिल्कुल समझ में आ गई है कि वे देशहित में नहीं, बल्कि देशद्रोही व्यवहार कर रहे हैं। सिन्हा ने बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की यात्रा पर भी टिप्पणी की, जो आज शुरू हुई। उन्होंने कहा कि यह अच्छी बात है कि तेजस्वी यादव जनता से मिल रहे हैं, लेकिन उन्हें यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि वे उन लोगों के साथ खड़े हैं, जो विदेशों में जाकर देश का अपमान कर रहे हैं।

श्री सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरों की भी प्रशंसा की, जहां वे देश के सम्मान को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि जब नरेंद्र मोदी विदेश जाते हैं, तो हर भारतवासी का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। वहीं, जब राहुल गांधी विदेश जाते हैं, तो उनकी बयानबाजी से देशवासियों को शर्मिंदा होना पड़ता है। देश की जनता को अब समझ में आ गया है कि उन्हें किसकी बात सुननी है और किसका साथ देना है।

इस पूरे घटनाक्रम से भाजपा ने कांग्रेस पर सीधा हमला बोला है और राहुल गांधी को देश की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है। वहीं, तेजस्वी यादव की यात्रा पर भी भाजपा ने सवाल खड़े कर दिए हैं, जो आगामी चुनावों से पहले राजनीतिक माहौल को गरमा सकती है।

अबुआ आभार हेमन्त सरकार

मैं संगीता देवी, धनबाद, पेंशन की राशि मिलने से गुजर-बसर में आसानी हो रही है। इससे पहले वृद्धा पेंशन नहीं मिलता था। लेकिन, पिछले दो साल से पेंशन मिल रहा है। इस पैसे से दवा खरीदती हूं और अपना इलाज कराती हूं। सरकार को धन्यवाद, जिसने हम जैसे गरीबों को पेंशन दिया।
मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत आभार...

झारखण्ड में **40 लाख** जरूरतमंद लोगों को सर्वजन पेंशन योजना से मिल रहा लाभ

मैं महेंद्र प्रसाद, लातेहार, बुजुर्ग होने तथा नियमित आय के अभाव में मुझे परिवार का पालन पोषण करने में कठिनाई हो रही थी। मैंने सर्वजन पेंशन योजना के तहत आवेदन जमा किया। मेरा आवेदन स्वीकृत हुआ और मुझे एक हजार रुपये प्रतिमाह वृद्धा पेंशन मिलने लगा।
हेमन्त सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद...

योजना का लाभ लेकर जीवन में मिली उम्मीद

मनरेगा के अंतर्गत सिंचाई कूप निर्माण से सशक्त हुए किसान

खूंटी

खूंटी के कर्रा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम बमरजा निवासी कोयलो उराँव अपने जीवन को उन्नत करने की दिशा में आगे बढ़ चुके हैं। मनरेगा के तहत संचालित बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना कोयलो उराँव जैसे हजारों किसानों के लिए सार्थक सिद्ध हो रहा है। सफलता के पथ पर बढ़ते ये किसान अब आत्मविश्वास से लबरेज हैं।

कोयलो उराँव के जीवन में एक आशा की किरण तब नजर आई, जब उसने मनरेगा अंतर्गत सिंचाई हेतु कुआँ की जरूरत से ग्राम सभा को अवगत कराया। उसकी जरूरत को देखते हुए ग्राम सभा और प्रखंड स्तर से उसे योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गई। देखते ही देखते उसके खेत में कुआँ निर्माण का कार्य शुरू हो गया।

बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना (लाभुक) - कोयलो उराँव की परिजन

खेती में हो रही थी परेशानी

कोयलो को अपने खेत में सिंचाई के लिए पानी की कमी के कारण खेती में परेशानी हो रही थी। कोयलो दूसरे के खेत में खेती करने को विवश था। उसकी परेशानियां तब कम हुई, जब मनरेगा के अंतर्गत उसके खेत में कुआँ का निर्माण हुआ। इससे न केवल वह अपने खेत में खेती करने लगा, बल्कि उसकी आंखों में उम्मीदों की चमक भी दिखाई देने लगी है। वह दोगुने मेहनत से खेती के कार्य में जुट गया। उसकी मेहनत रंग लाई और उसके खेत लहलहाने लगे।

किसानों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव

किसान कोयलो उराँव का कहना है कि पहले से अब वो चार से पांच गुना ज़्यादा फसल उपजा रहा है। आलू, मटर, बीन, करेला, गोभी, प्याज़, टमाटर इत्यादि से करीब 2 लाख रुपये तक की आमदनी हुई। निकट भविष्य में भी उसे उम्मीद है कि उसके द्वारा उत्पादित फसलों से उसे लाभ होगा। मनरेगा के अंतर्गत कुआँ निर्माण से बमरजा गांव के ही नहीं बल्कि कर्रा प्रखंड के दर्जनों किसानों को भी लाभ हुआ है। किसान कहते हैं कि अब वे हर मौसम में खेती करते हैं और परिवार का भरण-पोषण एवं बच्चों की शिक्षा बेहतर ढंग से कर रहें हैं।

योजना का लाभ लेकर कोयलो कर्रा प्रखंड में एक उभरते हुए किसान के रूप में अन्य किसानों को प्रेरित कर रहा है। मनरेगा से मिली ये सुविधा किसानों तक बेहतर संदेश देने में सहायक सिद्ध हुई हैं। अब ऊर्जावान किसान उन्नत भी हैं और कुशल भी। मालूम हो कि सिंचाई की व्यवस्था के लिए बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना के तहत राज्य भर में 1 लाख कुआँ निर्माण का लक्ष्य रखा गया है

जोहार, मेरा नाम मलविना पूर्ति है। मुझे फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के अंतर्गत योजना का लाभ मिला था। योजना में मिली मदद से मैंने अपना व्यवसाय शुरू किया है। मैं बहुत खुश हूं। हेमन्त दादा को आभार।

मलविना पूर्ति, पश्चिमी सिंहभूम

नियुक्तियों से युवाओं के सपने हो रहे साकार

सरकार के लगातार प्रयास से युवाओं को मिला रोजगार और नियुक्ति के अवसर

हेमन्त सरकार ने राज्य में होने वाली नियुक्ति में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता मिले इसके लिए लगातार प्रयास किये हैं। इसका फायदा भी दिखा है। JPSC एवं JSSC द्वारा ली गयी परीक्षाओं में जो चयन हुआ है उसमें स्थानीय लोगों के चयन का प्रतिशत चौकाने वाले हैं। हाल के दिनों में हुए विभिन्न पदों पर नियुक्तियों में 75 प्रतिशत से 100 प्रतिशत नियुक्ति झारखण्ड के अभ्यर्थियों की हुई है।

JPSC द्वारा जहां लेखा पदाधिकारी के पद पर 100 प्रतिशत झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई, वहीं JSSC द्वारा कनीय अभियंता (सिविल) में 75 प्रतिशत युवा झारखण्ड के चयनित हुए। झारखण्ड राज्य के अभ्यर्थियों की संख्या पर नजर डालें तो कार्यपालक पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, विशेष पदाधिकारी 94 प्रतिशत, सहायक अभियंता 85 प्रतिशत, कनीय अभियंता (विद्युत) 88 प्रतिशत, कनीय अभियंता (यांत्रिक) 95 प्रतिशत एवं स्ट्रीट लाईट इंस्पेक्टर 81 प्रतिशत झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई है। इस तरह झारखण्ड डिप्लोमा संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में मोटरयान निरीक्षक में 97.63 प्रतिशत, कनीय अभियंता (यांत्रिक) में 91 प्रतिशत, कनीय अभियंता (असैनिक) में 79.93 प्रतिशत, कनीय अभियंता (विद्युत) में 92.30 प्रतिशत समेत अन्य में झारखण्ड के अभ्यर्थी नियुक्त हुए हैं।

झारखण्ड को बने दो दशक से अधिक हो गए। लेकिन, विभिन्न विभागों में जहां कई पदों पर पहली बार नियुक्ति हुई तो कहीं नियुक्ति नियमावली भी पहली बार बनायी गयी। सभी अड़चनों को दूर कर झारखण्ड सरकार क्रमबद्ध और योजनाबद्ध तरीके से पूरी तेजी के साथ खाली पदों को भरने का अभियान शुरू कर चुकी है और यह सिलसिला लगातार जारी है।

मुख्यमंत्री ने 1500 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा।

नियुक्ति में स्थानीय युवाओं ने मारी बाजी

(नगर विकास एवं आवास विभाग में विभिन्न पदों के आंकड़े)

लेखा पदाधिकारी	100%
कनीय अभियंता (सिविल)	75%
कार्यपालक पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, विशेष पदाधिकारी	94%
सहायक अभियंता	85%
कनीय अभियंता (विद्युत)	88%
कनीय अभियंता (यांत्रिक)	95%
स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर	81%

PR. No. 335331/IPRD/2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

संक्षिप्त समाचार

4 घंटे तक बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित, न्यू टाउन 2 फीडर से होगा शटडाउन

गया। गया में पितृपक्ष मेला शुरू होने में अब गिनती के दिन शेष हैं। इसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है। बिजली विभाग ने मेला क्षेत्र में किसी प्रकार की बिजली की समस्या न हो। इस बात को ध्यान में रखते हुए पूरी ताकत झोंक रखी है। हर दिन मेला क्षेत्र में बिजली विभाग की ओर से मेंटेनेंस का काम किया जा रहा है। इस दौरान बिजली की सप्लाई रोकी जा रही है। मंगलवार को भी बिजली सप्लाई गुल होगी। बताया गया है कि मंगलवार को 11 केवी न्यू टाउन 2 फीडर से शटडाउन रहेगा। शटडाउन सुबह साढ़े 10 से ढाई बजे तक प्रभावी रहेगा। इसका असर चांद चौरा, नई सड़क, राम सागर, नवागढ़ी, नादरागंज, नारायण चुआं और इनसे जुड़े आसपास के इलाकों में देखने को मिलेगा। बिजली के उपभोक्ता बिजली व पानी से जुड़े जरूरी काम समय रहते निपटा लें, ताकि किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। दोपहर ढाई बजे के बाद बिजली बहाल कर दी जाएगी। पुष्टि बिजली विभाग के इंजीनियर प्रेम कुमार मणि ने की है। इंजिनियर प्रेम कुमार मणि ने बताया कि मेला क्षेत्र में मेंटेनेंस का काम बीते एक पखवाड़े से तेजी से चल रहा है। मंगलवार को भी यह काम मेला क्षेत्र में किया जाना है। करीब घंटे बिजली की सप्लाई नहीं होगी। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में बिजली की बेहतर व्यवस्था हो। इसके लिए 12 पावर हाउस उपकेंद्रों के रखरखाव के काम को पूरा कर लिया गया है। शेष का काम भी पूरा होने वाला है।

विस में राजद दो जिले दो अल्पसंख्यकों को दे टिकट

गया। शहर के मुर्शिद स्थित प्रिंस मैरेज हॉल में सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की एक दिवसीय बैठक हुई। इस बैठक में सभी प्रखंड अध्यक्ष व अल्पसंख्यक कमेटी के सदस्यों के बीच प्रमाण पत्र वितरण किया गया। बैठक में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नेताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव व नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने जिले में कम से कम दो अल्पसंख्यकों को टिकट देने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मो. इलियास अंसारी ने की। मौके पर जिलाध्यक्ष मो. मुर्शिद आलम, शेरघाटी विधायक मंजू अग्रवाल, पूर्व सांसद राजेश मांझी, जिला उपाध्यक्ष बुलबुल अंसारी, जिला मीडिया प्रभारी हामिद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष (अ.प्र.) सरफराज अहमद, प्रधान सचिव अकीब जिया आदि थे।

ब्दो मजदूरों की छत्तीसगढ़ के एलम्युनियम प्लांट में मौत

फतेहपुर। के दो मजदूर की छत्तीसगढ़ के एलम्युनियम प्लांट में काम करने के दौरान मौत हो गई। घटना की खबर पाते ही मृतक दोनों मजदूरों के परिजन सोमवार को शाम में छत्तीसगढ़ पहुंच गए। वे पोस्टमार्टम के बाद वहां से शव को एंबुलेंस से लेकर फतेहपुर के चल दिए हैं। इधर, घटना की खबर आते हीं दोनों मृतक मजदूरों के घरों में कोहराम मच गया है। बताया गया है कि मृतक मजदूर रणधीर मांझी (35) पिता कारू मंझी ग्राम धरहराखुर्द और रामेश्वर मांझी (45) पिता जानकी मांझी ग्राम कत्थाडीह दोनों थाना फतेहपुर जिला गया का रहने वाला था। परिजनों ने बताया कि रणधीर और रामेश्वर दोनों को फतेहपुर थाना क्षेत्र के पाती गांव निवासी सनोज यादव पंद्रह दिन पहले काम दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ ले गया था। वहां सरगुजा जिलांतर्गत लुण्डा थाना क्षेत्र के कुदरगढ़ी सिलसिला स्थित बाक्साइट एलम्युनियम प्लांट में काम पर रखवा दिया था, जहां दोनों काम कर था था। प्लांट में काम करने के दौरान रविवार को हादसा हो गई जिसमें रणधीर और रामेश्वर दोनों की मौत हो गई। इधर, घटना की खबर मिलते ही मृतक दोनों मजदूरों के घरों में कोहराम मच गया।

24 सितंबर को भाकपा माले का महाधरना होगा

परवलपुर। भाकपा माले द्वारा 24 सितंबर को प्रखंड मुख्यालय पर महाधरना दिया जाएगा। इसकी बैठक कर रणनीति बनाई गई। प्रखण्ड सचिव प्रमोद यादव ने कहा कि सरकार गरीबों को सिर्फ ठगने का काम कर रही है। केंद्र सरकार हो या राज्य सरकार, सबने भूमिहीन एवं गरीबों को ठगने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि बाना बिगहा गांव निवासी गोरेलाल कुमार के हत्यारे को कड़ी से कड़ी सजा मिलना चाहिए।शम्भू कुमार वर्मा ने कहा कि मृतक के आश्रित को सरकार दस लाख रुपए एवं एक नौकरी दे। बैठक में सुरेश राउत, शंकर राम, राजा मालाकार, उमेश सिन्हा, कारू पंडित, मिथलेश पंडित सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पइन में मछली पकड़ रहे बच्चे की करंट से मौत

सिलाव। थाना क्षेत्र के तुलसी बिगहा गांव में सोमवार को पानी भरे पइन में मछली पकड़ रहे बच्चे की करंट से मौत हो गई। पइन में बिजली तार टूटकर गिर गया। जिससे पानी में करंट प्रवाहित होने लगा। मृतक बिरेंद्र बिंद का इकलौता 12 वर्षीय पुत्र राजाराम था। पिता ने बताया कि इलाके के किसान खेत पटवन के लिए नंगा तार बांस के सहारे तानकर ले गए था। तार टूटकर पइन में गिर गया। जिससे उनके पुत्र की करंट से जान चली गई।

अगस्त में 1004 अभियुक्त गिरफ्तार, वाहन जांच में वसूले 61.95 लाख रु.

गया। गया पुलिस अपराध नियंत्रण व विधि व्यवस्था को लेकर जिले में विशेष अभियान में 1004 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसमें सबसे अधिक शराब पीने व इसका अवैध व्यापार करने वाले 283 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शराब तस्करी व व्यवसाय के खिलाफ अभियान में करीब 11 हजार 219 लीटर शराब बरामद किया गया है। वहीं जिले में रोको-टोको अभियान चलाकर ट्रैफिक नियमों का उलंघन करने वालों से 61 लाख 95 हजार पांच सौ रुपए जुर्माना वसूला गया है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि जिले में सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में एक अगस्त से 31 अगस्त तक हत्या के प्रयास कांड में 73, हत्या कांड में 18, दुष्कर्म/पॉक्सो कांड में 18, डकैती कांड में चार, एससी/एसटी कांड में 19, पुलिस पर हमला कांड में 06, गृहभेदन/वाहन चोरी/चोरी के कांड में 31, नक्सल कांड में चार, रंगदारी कांड में 06, दहेज हत्या में पांच, लूट कांड में 18, फिरौती के लिए अपहरण में तीन, अन्य कांडों में 516, वारंट की कार्रवाई में 213 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

महाबोधि सांस्कृतिक केन्द्र में 15 को मेगा यूथ फेस्टिवल

गया। 15 सितंबर को महाबोधि सांस्कृतिक केन्द्र में इस्कॉन मंदिर के बैनर तले युवाओं के लिए विप्लव मेगा यूथ फेस्टिवल का आयोजन होगा। इस यूथ फेस्टिवल में बिहार के कई प्रांतों से लगभग एक हजार युवा शामिल होंगे। सभी युवा वैदिक परिधान में रहेंगे। ये बातें सोमवार को शहर के गांधी मैदान स्थित इस्कॉन मंदिर में प्रेस वार्ता के दौरान मंदिर प्रबंधक जगदीश श्याम दास जी महाराज ने कहीं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशामुक्ति व जुआ जैसे विसंगतियां से दूर कर उन्हें आत्म समर्थ बनाना है। भारतीय वैदिक परंपरा को आगे बढ़ने के क्षेत्र में कार्य कौशल सिखाना है। इस फेस्टिवल में इस्कॉन इंडिया यूथ कौंसिल के चेयरमैन सुन्दर गोपाल दास प्रभु जी, रीजनल सेकेट्री (बिहार,झारखण्ड) नरु गोपाल दास प्रभु, इस्कॉन गुरुग्राम के अध्यक्ष रामभद्र दास प्रभु शामिल होंगे, जो युवाओं को मार्गदर्शन देंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार कर ली गई है। इस दिन विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे क्विज, ड्रामा, डिबेट, प्रिंस डांस ग्रुप द्वारा दो शो आयोजित किया जाएगा।

मध्य विद्यालय गेहलौर को डोनेट किया कंप्यूटर व प्रोजेक्टर

गया। जिले के मोहड़ा प्रखंड में संचालित मध्य विद्यालय गेहलौर में सोमवार को स्वयंसेवी संगठन सहभागी शिक्षण केन्द्र एसबीआई फाउंडेशन द्वारा स्कूल को कंप्यूटर, प्रोजेक्टर, फ्रीजर व सोलर लाइट डोनेट किया। इस बीच प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने सभी आगत अतिथियों का स्वागत गुलदस्ता भेंट कर व तिलक लगाकर किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने कंप्यूटर और प्रोजेक्टर कक्ष का अवलोकन किया तथा विद्यार्थियों से बातचीत की।

डायल-112 के चालक हड़ताल पर, ड्यूटी से परेशान होकर बंद किया काम

कहा- हम छापेमारी के लिए नहीं, आपात सेवा के लिए हैं

निज संवाददाता। गया

गया जिले के डायल-112 के चालकों ने चक्का जाम कर दिया है, वे हड़ताल पर चले गए हैं। सभी गाड़ियां सिविल लाइन में खड़ी कर दी गई है। चालकों ने कहा कि हमसे मनमाने तरीके से काम लिया जा रहा है। सैलरी रोकी जा रही है। शराब और बालू की छापेमारी में इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि डायल 112 के चालकों की ड्यूटी आपात सेवा के लिए है न कि छापेमारी के लिए।

15 हजार सैलरी रोक दी जातीः डायल-112 के चालकों के सीनियर नेता सुनील सिंह ने कहा कि डायल-112 का जो एसओपी है उसी के तहत काम लिया जाए, लेकिन गया जिले में ऐसा नहीं हो रहा है। सार्जेंट और थानेदार मनमानी कर रहे हैं। चालकों से एसओपी के विरुद्ध काम लिया जा रहा है। विरोध करने पर कहा जाता है कि एसओपी चेंज हो गया है, लेकिन जब उनसे नए एसओपी की मांग की जाती है कुछ

नहीं बताया जाता है। 15-15 हजार सैलरी रोक दी जा रही है। जबकि 25 हजार रुपए मिलते हैं।

सौ किमी तक ड्यूटी ली जा रही हैः सुनील सिंह ने कहा कि छापेमारी में हमारे ड्राइवरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। जबकि डायल-112 के एसओपी के ये पूरी तरह से विपरीत है। यहां एक समस्या नहीं है। जमकर शोषण किया जा रहा है। छुट्टियां नहीं दी जा रही है। एसओपी में बताया गया है कि डायल-112 के ड्राइवरों की ड्यूटी 10-12 किलोमीटर की दूरी में ही होनी चाहिए, लेकिन यहां 100 किलोमीटर दूर तक ड्यूटी ली जा रही है। उन्होंने बताया कि जब तक हमारी समस्याओं का निदान नहीं होता है। तब तक हम काम पर वापस नहीं जाएंगे। सुनील कुमार ने कहा कि हमें धमकी दी जा रही है कि सभी को जॉब से निकाल दिया जाएगा। जो कि गलत है। ऐसे कोई कैसे जॉब से निकाल देगा।

ड्राइवर मनमानी कर रहे हैंः वहीं, डायल-112 के चालकों के सार्जेंट प्रशांत सिंह का कहना है कि ड्राइवर मनमानी कर रहे हैं। वे ग्रुप बनाकर दबाव बना रहे हैं। उन्हें समझाया जा रहा है। कुछ ही देर में वापस अपने काम पर लौट जाएंगे। गौरतलब है कि डायल-112 के ड्राइवर एक्स आर्मी के जवान है। यहां डेढ़ सौ से अधिक चालक की नियुक्ति है। 60 गाड़ियां (फोर व्हीलर) हैं। जिनकी ड्यूटी शहर से लेकर ग्रामीण थाना क्षेत्रों में है।

वारंटी की बजाय रिटायर्ड शिक्षक के घर घुस गई पुलिस

निज संवाददाता। परवलपुर

समय-समय पर नालंदा पुलिस के कुछ अधिकारी और कर्मियों की हरकत पीपुल्स फ्रेंडली पुलिसिंग पर सवाल खड़ा कर रही है। ऐसा ही मामला रविवार की रात परवलपुर थाना क्षेत्र के बाजार में सामने आया। पुलिस देर रात वारंटी के बजाय उनके भाई रिटायर्ड शिक्षक के घर में घुस गई। पुलिस ने परिवार को अपशब्द कहते हुए उनसे बदसलूकी की। शोर सुन ग्रामीणों के जमा होने पर पुलिस बैरंग लौट गई। रिटायर्ड शिक्षक ने एसपी को ई-मेल भेजकर घटना की शिकायत की। रिटायर्ड शिक्षक 79 वर्षीय रामनंदन प्रसाद सिंह ने बताया कि दारोगा राहुल कुमार दलबल के साथ रात 12 बजे उनके दरवाजे पर पहुंचे। चौकीदार दरवाजा खोलने के लिए आवाज दे रहा था। दरवाजा नहीं खोलने पर तोड़ने की धमकी दी। पूछने पर बताया गया कि पुलिस वारंटी को गिरफ्तार करने आई है। पुलिस को बताया गया कि वह गलत घर का दरवाजा खटखटा रही है। इसके बाद भी जबरन दरवाजा खुलवाया गया। अंदर दाखिल हो पदाधिकारी और कर्मियों ने उनसे व घर की महिलाओं को अपशब्द कहते हुए बदसलूकी की। शोर होने में ग्रामीणों की जाग हो गई। इसके बाद पुलिस बैरंग लौट गई। बुजुर्ग ने बताया कि उन्होंने घटना की शिकायत एसपी से की है। दोषी पर कार्रवाई नहीं होने पर वह न्यायालय व मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज करायेंगे। पुलिस की बदसलूकी का फुटेज साक्ष्य के रूप में उनके पास उपलब्ध है। थानाध्यक्ष पप्पू कुमार सिंह ने बदसलूकी के आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि पुलिस बजुर्ग के बड़े भाई श्यामनंदन सिंह के संबंध में पूछताछ करने गई थी। उनके खिलाफ वारंट निर्गत है।

आवास सहायकों को 5 माह से मानदेय नहीं

निज संवाददाता। सिलाव

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रखंड में कार्यरत सभी आवास सहायकों को पिछले पांच महीने से मानदेय नहीं मिला है। मानदेय नहीं मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है। इनलोगों ने सामूहिक रूप से डीडीसी को कई बार ज्ञापन सौंपकर मानदेय का भुगतान कराने की मांग की है। लेकिन अभी तक मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है। राकेश कुमार, जैनेंद्र नाथ, सनी कुमार, मधुलिका, पिंकी सिन्हा, दिलीप कुमार सिंघानिया, प्रभाकर कुमार, शशिभूषण, ग्रामीण आवास पर्यवेक्षक राजीव कुमार, लेखा सहायक सूरज कुमार, कार्यपालक सहायक समीर बजाज ने बताया कि कम मानदेय पर कार्य करने वाले कर्मियों को मानदेय नहीं मिलने से घर चलाना मुश्किल हो जाता है। पांच माह से बिजली बिल, बच्चों की स्कूल फी, राशन आदि का खर्च जुटाना मुश्किल हो गया है।

नालंदा में 2 महिलाओं की मौत, अलग-अलग हादसों में गई जान, शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में 2 अलग-अलग हादसे में 2 महिलाओं की मौत हो गई। मामला तेल्हाड़ा थाना और चण्डी थाना क्षेत्र का है। मृतकों में चण्डी थाना क्षेत्र के चिश्तिपुर गांव निवासी स्वर्गीय ईश्वर महतो की पत्नी राम सती देवी(85) और तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र के कंजास गांव निवासी वृंदा यादव की बेटी सरिता कुमारी(35) के रूप में की गई है। रामसती देवी के परिजन ने बताया कि टहलने के लिए बुजुर्ग महिला घर से बाहर रविवार को निकली थी। रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की जब नजर पड़ी तो उन्हें इलाज के लिए चण्डी रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर

रेफर कर दिया गया। इलाज के क्रम में सोमवार को मौत हो गई। वहीं, सरिता देवी के परिजन ने बताया कि रविवार को किसी काम को लेकर महिला खेतों की ओर गई थी। आहार में पैर धोने के क्रम में पैर फिसल गया और उसमें डूब गई। देर शाम जब वह वापस नहीं लौटी, तो खोजबीन की गई। लेकिन कहीं पता नहीं चल सका।

सोमवार को जब शव आहार में उपलाया हुआ मिला तो घटना का खुलासा हुआ। वहीं, इस मामले में चण्डी थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि मौत की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्ज में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस वाहन की पहचान में जुट गई है। वहीं, तेल्हाड़ा थाना अध्यक्ष जयप्रकाश ठाकुर ने बताया कि पानी में डूबने से मौत की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। यूडी केस दर्ज कर पुलिस तुरंत कार्रवाई में जुट गई है।

22 सितंबर को होगा चंद्रवंशी ललकार सम्मेलन

राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले- युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर हमने चंद्रवंशियों को ललकारा

निज संवाददाता। नालंदा

भाजपा के राज्यसभा सांसद सह बिहार भाजपा के उपाध्यक्ष और चंद्रवंशी चेतना मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.भीम सिंह सोमवार को बिहारशरीफ सर्किट हाउस पहुंचे। यहां उन्होंने प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि 22 सितंबर को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में चंद्रवंशी चेतना मंच की देखरेख में चंद्रवंशी ललकार सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस ललकार सम्मेलन को सफल करने के

लिए हम कार्यकर्ताओं को आमंत्रित करने पहुंचे हैं। कई जिलों के भ्रमण के बाद आज नालंदा पहुंचे हैं। हमने चंद्रवंशियों को ललकारा है कि आपका इतिहास बहुत ही गौरवशाली है। इस गौरवशाली इतिहास को पूर्णावृति करने के लिए राजनैतिक एकता की जरूरत है। शिक्षा के बाद अगर किसी भी चीज की महत्व है तो वह है राजनीतिक की और राजनैतिक सशक्तिकरण इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य है। हमने नारा दिया है नौजवानों को, शर्ट फेंको कुर्ता पहनो, राजनीति पर कब्जा जमाओ। हमने ललकारा है नौजवानों को चंद्रवंशियों को की शक्ति दिखाओ अधिकार पाओ। सभी लोगों को संगठित करने के लिए 22 सितंबर को सम्मेलन रखा गया है। राजनैतिक एकीकरण करना हमारा मुख्य उद्देश्य है।

नालंदा में 2 बदमाश गिरफ्तार

नालंदा। नालंदा के सिलाव थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। स्थानीय बाजार में दहशत फैलाने के प्रयास में शामिल 2 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी के पास से एक अवैध देसी कट्टा और गोली बरामद की गई है। सिलाव थानाध्यक्ष इरफान खान ने बताया कि 8 सितंबर को सिलाव बाजार में एक व्यक्ति द्वारा गोली चलाने की घटना हुई थी। इस घटना ने स्थानीय लोगों में भय का माहौल पैदा कर दिया था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू की। मात्र 24 घंटों के अंदर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पंकज कुमार और छोटू कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि पंकज के खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।

अनाज के नियमित उठाव और सही वजन के लिए तय होगी जवाबदेही

निज संवाददाता। सिलाव

प्रखंड क्षेत्र के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली के डीलरों के साथ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने सोमवार को प्रखंड सभागार में मासिक बैठक की। बैठक में डीलरों की समस्याओं के साथ-साथ उपभोक्ताओं से मिलन वाली शिकायतों पर भी चर्चा की गई। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आनंद ज्वाला ने सभी डीलरों को आधार सीडिंग, केवाईसी व आयुष्मान कार्ड बनाने का काम तेजी से करने को कहा। साथ ही नए राशन कार्ड को लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि जो भी संपन्न परिवार राशन का लाभ ले रहे हैं, उन्हें चिन्हित कर उनके राशन कार्ड को रद्द करें, ताकि सही लाभुकों को राशन का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण में पारदर्शिता होनी चाहिये। लाभुक को सही वजन दें। सरकार का निर्देश है कि एक यूनिट पर पांच किलोग्राम खाद्यान्न देना है। हर हाल में लाभुक के बीच इस मात्रा का वितरण करें। साथ ही खाद्यान्न का उठाव सही समय पर कैसे हो इसपर भी चर्चा की गई। डिस्पैच के पहले होगी वजन की जांच बैठक में डीलरों को निर्देश दिया गया कि यदि प्रवासी व्यक्ति या परिवार का आगमन क्षेत्र में हुआ है और उनके पास राशन कार्ड नहीं है या विलोपन हो चुका है, तो उन्हें चिन्हित करते हुए जल्द से जल्द इसकी सूचना कार्यालय को दें। गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न एवं सही वजन सही समय पर लाभुकों को उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिय गया। आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि डीलर के पास खाद्यान्न का डिस्पैच करने के पूर्व वजन की जांच की जाएगी। पूर्ण वजन गोदाम से दुकानदार तक पहुंचे, इसके लिए आप लोग धर्मकांटा के वजन पर्ची को एक माह तक सुरक्षित रखें, ताकि कोई भी विसंगति का आकलन जरूरत पड़ने पर किया जा सके।

पूर्व रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना सं. : 129 – 132–एमएलडीटी –24–25, दिनांक 06.09.2024, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा टाउन ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं. 1, निविदा सं. 129–एमएलडीटी–24–25, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता/ II/मालदा मंडल के अधीन सहायक अभियंता/ साहिबगंज के तहत साहिबगंज के नॉर्थ कॉलोनी में क्वार्टरों की उन्नति एवं विस्तृत नवीनीकरण कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 1,95,62,383.48, **क्रम सं. 2, निविदा सं. 130–एमएलडीटी–24–25, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/मालदा के अधीन साहिबगंज स्टेशन में अतिरिक्त प्लेटफॉर्मों पर मार्ग में कोच वाटरिंग सुविधाओं के प्रावधान कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु.83,24,090.02, **क्रम सं. 3, निविदा सं. 131– एमएलडीटी–24–25, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/पूर्व रेलवे, मालदा के क्षेत्राधिकार में भागलपुर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए एसआईजी ग्रुप की उचित कार्यप्रणाली हेतु वर्तमान बिल्डिंग की उन्नति के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु. 41,93,140.77, **क्रम सं. 4, निविदा सं. 132–एमएलडीटी–24–25, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/मालदा मंडल के क्षेत्राधिकार में सहायक अभियंता/भागलपुर के अधीन भागलपुर में ईस्ट कॉलोनी एवं वेस्ट कॉलोनी में क्वार्टरों की उन्नति एवं विस्तृत नवीनीकरण कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु.1,91,30,937.95, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 30.09.2024 को 15.30 बजे। (प्रत्येक हेतु)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in/** मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय/ मालदा टाउन (प्रत्येक हेतु)।

MLD-93/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर /(साधारण)/ पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के सिलसिले में निम्नलिखित ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैंः **क्रम सं. 1, निविदा सं. ईएलईजी–ओटी–1124–2024–25–आर, कार्य का विवरणः** तीन (03) वर्ष के लिए नैहाटी आरआरआई केबिन में इंवर्टर डक्टेड पैकेज एयर कंडीशनिंग यूनिट क्षमता 16 टीआर (प्रस्तुतकारक-ब्लू स्टार) का व्यापक वार्षिक रखरखाव ठेका। **निविदा मूल्यः** रु. 2,38,764/-, **बयाना राशिः** रु. 4,800/-, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु.0.00, **समापन अवधिः** 36 माह। **क्रम सं. 2, निविदा सं. : ईएलईजी–ओटी–1137–2024–25, कार्य का विवरणः** दो (02) वर्षों के लिए न्यू सिकलाइन/सियालदह और आरएचए में एआरटी और एआरएमई वैन के लिए डीजल जेनरेटर सेट क्षमता 1.4 केवीए से 2.4 केवीए, 6 केवीए और 15 केवीए की स्थिति आधारित (जैसे एवं जब जरूरत पड़े) मरम्मत एवं व्यापक वार्षिक रखरखाव ठेका। **निविदा मूल्यः** रु. 15,87,352/-, **बयाना राशिः** रु. 31,800/-, **निविदा कागजात का मूल्यः** रु.0.00, **समापन अवधिः** 24 माह। **क्रम सं. 3, निविदा सं. : ईएलईजी–ओटी–1139–2024–25, कार्य का विवरणः** भाबता (बीएफटी) में नए पीएफ शेड का निर्माण। **निविदा मूल्यः** रु. 15,06,562/-, **बयाना राशिः** रु. 30,100/- **निविदा कागजात का मूल्यः** रु.0.00, **समापन अवधिः** 12 माह। **क्रम सं. 4, निविदा सं. : ईएलईजी–ओटी–1140–2024–25, कार्य का विवरणः** बेलडांगा-दिव्यांगजन के सुविधार्थ सभी अन्य सहायक कार्यों के साथ प्लेटफॉर्म नं. 1 एवं 2/3 पर फुल कवर शेड का प्रावधान। **निविदा मूल्यः** रु. 21,60,546/-, **बयाना राशिः** रु. 43,200/- **निविदा कागजात का मूल्यः** रु.0.00, **समापन अवधिः** 12 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** दिनांक 30.09.2024 को 14.00 बजे। **निविदा बोली के खुलने की तिथि और समयः** दिनांक 30.09.2024 को 14.00 बजे के बाद। **निविदा बोली के प्रारंभ होने की तिथि** : दिनांक 16.09.2024, निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

SDAH-181/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

न्यूज बाइट्स

आयकर रिटर्न की त्रुटियों से बचने के लिए जरूरी निर्देश

डेहरी ऑन-सोन (रोहतास) (नि.सं.)। निर्धारण वर्ष 2024-25 के लिए कुल 7.28 करोड़ से अधिक आयकर रिटर्न दाखिल किए गए हैं। यह करदाताओं और कर पेशेवरों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो यह संकेत देती है कि भारत धीरे-धीरे 2047 के दृष्टिकोण की ओर बढ़ रहा है। यदि आपने अब तक अपना आयकर रिटर्न दाखिल कर दिया है, तो निम्नलिखित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान देना आवश्यक है। त्रुटियों की जांचः सबसे पहले, यह सुनिश्चित करें कि आपका रिटर्न किसी प्रकार की त्रुटियों से मुक्त हो। आयकर अधिनियम 1961 की धारा 139(9) के तहत, यदि आपका रिटर्न दोषपूर्ण पाया जाता है, तो आपको इसे सही करने की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। सूचना प्राप्तिः यदि आपका रिटर्न दोषपूर्ण पाया जाता है, तो आयकर विभाग आपको आपके पंजीकृत ईमेल या डाक के माध्यम से सूचित करेगा। यह नोटिस आयकर विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल पर भी देखा जा सकता है। सुधार की प्रक्रियाः नोटिस प्राप्त होने के बाद, आपको इसे ठीक करने के लिए 15 दिनों का समय या नोटिस में बताए गए समय सीमा के भीतर इसे सही करना होगा। यदि आप इस अवधि में त्रुटि को ठीक नहीं कर पाते हैं, तो आप समय विस्तार के लिए अनुरोध कर सकते हैं। समय पर उत्तर देनाः यदि आप समय पर जवाब नहीं देते हैं, तो आपका रिटर्न अमान्य घोषित किया जा सकता है। इसके परिणामस्वरूप आपको जुर्माना भरना पड़ सकता है, ब्याज देय हो सकता है, और आप अपने नुकसान को आगे नहीं ले जा सकेंगे या विशिष्ट कर छूटें खो सकते हैं। इसलिए, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि आप अपने रिटर्न की स्थिति को नियमित रूप से जांचते रहें और किसी भी दोषपूर्ण नोटिस का समय पर उत्तर दें। आयकर विभाग द्वारा दी गई समयसीमा का पालन करके आप इन संभावित जटिलताओं से बच सकते हैं। यह प्रक्रिया आपके वित्तीय हितों की सुरक्षा के लिए है और इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

सड़क किनारे एक अज्ञात विक्षिप्त अधेड़ का मिला शव

रजौली (नवादा) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के एनएच-31 स्थित दिबौर के खालसा ढ़ाबा के सामने से पुलिस ने एक विक्षिप्त अधेड़ के शव को बरामद किया है। होटल संचालक एवं आसपास के दुकानदारों ने शव को देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लिया। हालांकि शव की पहचान स्थानीय लोगों द्वारा नहीं की जा सकी। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु नवादा सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि एक विक्षिप्त अधेड़ के शव को लेकर सूचना पुलिस को मिली। सूचना के आलोक में जब घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा कि लगभग 45 वर्षीय एक विक्षिप्त अधेड़ सड़क के किनारे पड़ा था। उन्होंने बताया कि शव के पास से किसी प्रकार का पहचान पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। जिसके वजह से न तो घटनास्थल और न ही अस्पताल में कोई परिजन मिलने पहुंच पाए। पुलिस शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल नवादा पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं उन्होंने कहा कि अज्ञात अधेड़ के शव बरामदगी को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस हर बिंदुओं पर जांच कर रही है। साथ ही थानाध्यक्ष ने कहा कि शव के पोस्टमार्टम होने के 72 घंटे तक शव को सुरक्षित रखा जाएगा।

मारपीट एवं गाली-गलौज करने के मामले में चार पर प्राथमिकी दर्ज

नासरीगंज (रोहतास) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के कैथी गांव के सिकान्ति देवी ने थाना में मारपीट एवं गाली गलौज करने का प्राथमिकी दर्ज कराया है। इस बात को लेकर मेरे पड़ोस के विनय पासवान, विकास पासवान, बीरबल पासवान एवं रंजीत पासवान विगत 7 सितंबर की संध्या करीब 7:30 बजे अपने अपने हाथ में डंडा लेकर गाली-गलौज करते हुए मेरे दरवाजे पर आ गए तो मैं बोली की गाली गलौज क्यों कर रहे हैं।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर के प्रति किया गया जागरूक

निज संवाददाता | बिक्रमगंज (सूर्यपुरा)

हिंदी के लोकप्रिय कहानीकार राजा राधिका रमन प्रसाद सिंह की नगरी सूर्यपूरा में नुक्कड़ नाटक 'लगे स्मार्ट, लगाये स्मार्ट' के माध्यम से बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर की खूबियों से अवगत कराया गया। इसके साथ ही स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ताओं को जागरुक करने के लिए आउटरीच कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। आउटरीच कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर के विषय में तफसील से पूरी जानकारी देने के साथ साथ इससे संबंधित उनके द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब भी दिये गये ताकि उनके मन में किसी तरह की शंका न रहे। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपभोक्ताओं को समझाया गया कि कैसे स्मार्ट प्रीपेड मीटर पुराने मीटर की तुलना में अधिक सुविधाजनक और उपयोगी है। बिजली बिल जमा करने के लिए बिजली ऑफिस का चक्कर लगाना अब जरूरी नहीं है। घर बैठे ही अपने मोबाइल फोन के जरिए आसानी से स्मार्ट प्रीपेड मीटर को रिचार्ज कर सकते हैं। इतना ही नहीं, स्मार्ट प्रीपेड मीटर में आप प्रतिदिन के हिसाब से बिजली खपत को भी देख सकते हैं और इसके अनुसार आप बिजली खपत को नियंत्रित करने की योजना बना सकते हैं। स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर आम उपभोक्ताओं के मन में कई तरह की भ्रांतियां भी थीं। आउटरीच कार्यक्रम के दौरान सवाल-जवाब के जरिए उपभोक्ताओं के मन में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर रहने वाली तमाम संदेहों का भी समाधान किया गया। जिले के विद्युत अधीक्षण अभियंता इंद्रदेव कुमार ने वहां मौजूद उपभोक्ताओं को समझाया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर को अपने घर के बाहर लगवाएं। कोशिश करें कि बैलेंस खत्म होने के पहले ही रिचार्ज करवा लें। स्मार्ट प्रीपेड मीटर में रीडिंग की गड़बड़ी बिल्कुल नहीं है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर को कहीं से भी रिचार्ज कर सकते हैं सिर्फ आपको अपना रजिस्टर मोबाइल नंबर डालना होगा। बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के सीनियर प्रोटोकॉल अधिकारी ख्वाजा जमाल ने कहा कि ऊर्जा विभाग के सचिव सह बीएसपीएचसीएल के सीएमडी पंकज कुमार पाल के दिशा-निर्देशों के मुताबिक नुक्कड़ नाटक और आउटरीच के माध्यम से पूरे बिहार में बिजली उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्रीपेड मीटर की खूबियों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। धीरे-धीरे उपभोक्ता भी इस बात को समझने लगे हैं कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर उनके लिए क्यों जरूरी है। स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ताओं के मन में किसी तरह की शंका न रहे इसके लिए कई स्तर पर सघन अभियान चलाए जा रहे हैं। स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाना हर उपभोक्ता के लिए अनिवार्य है। किसी कारणवश यदि किसी उपभोक्ता के घर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर नहीं रहेगा तो वह बिलिंग प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे, और उनका कनेक्शन अवैध कर दिया जाएगा। नुक्कड़ नाटक 'लगे स्मार्ट, लगाये स्मार्ट' की पूरी टीम ने अपने शानदार अभिनय और संवाद अदायगी से न केवल दर्शकों को बांधे रखा बल्कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर की खूबियों से भी उन्हें अवगत कराया। नाटक में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की मौजूदगी काफी उत्साहजनक रही। ग्रामीण दर्शक नाटक का तो आनंद उठा ही रहे थे, साथ ही नाटक के द्वारा दिए जा रहे संदेशों को भी अच्छी तरह से समझ रहे थे। जिस हास्य-व्यंग्य वाले अंदाज में नाटक को पेश किया जा रहा था, उससे दर्शक गुदगुदा भी रहे थे। बड़ी संख्या में मौजूद बच्चे हंस-हंस कर लोटपोट हो रहे थे।इस अवसर पर रोहतास विद्युत आपूर्ति अंचल सासाराम के विद्युत अधीक्षण अभियंता इंद्रदेव कुमार, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के सीनियर प्रोटोकोल ऑफिसर ख्वाजा जमाल, विद्युत कार्यपालक अभियंता ब्रवीम, सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार, कार्यपालक सहायक दाऊद खान उर्फ आदिल खान, सूर्यपूरा के जिला पार्षद प्रतिनिधि प्रदीप कुशवाहा, प्रमुख प्रतिनिधि सुनील कुमार गुप्ता, सूर्यपुरा के मुखिया प्रमोद चंद्रवंशी, मुखिया बलिहार रणजीत सिंह उर्फ पिंटू सिंह, गोशलडीह के मुखिया प्रतिनिधि शशि यादव, शिवोबहार के मुखिया भागीरथी सिंह, अगरेर के मुखिया राम जी, सूर्यपूरा भाग 2 के पंचायत समिति सदस्य विनोद सिंह, बलिहार पंचायत समिति सदस्य विनोद राम, गोशलडीह के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि बजरंगी यादव, बलिहार के पूर्व मुखिया हीरा सिंह, सूर्यपूरा के पूर्व मुखिया सीता सिंह, समाजसेवी विजय सिंह, सूर्यपूरा वार्ड पार्षद अध्यक्ष प्रतिनिधि मजहरूल हक, सूर्यपूरा के पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि अशोक सिंह, बलिहार सरपंच मो.समीम, सूर्यपूरा सरपंच शिवयश भगत, बलिहार पैक्स अध्यक्ष राम प्रसाद सिंह, बलिहार के पूर्व पैक्स अध्यक्ष सुनील कुमार उर्फ पिंटू, सूर्यपूरा के उप मुखिया जयनाथ सिंह, बलिहार के उप मुखिया अशोक सिंह, अगरेर के उप मुखिया अजय शर्मा व शिवोबहार के उप मुखिया मुनीब राम और एजेंसी इन्टेलिस्मार्ट के प्रतिनिधि मौजूद थे।

राजा राधिका रमण प्रसाद सिंह की जयंती पुरे उल्लास के साथ मनी

निज संवाददाता | (रोहतास)

राज राजेश्वरी प्लस टू उच्च विद्यालय सूर्यपुर के सभागार में मंगलवार को हिंदी साहित्य जगत के सुप्रसिद्ध साहित्यकार सह विद्यालय के संस्थापक राजा राधिका रमण प्रसाद सिंह की जयंती पुरे उल्लास के साथ मनाई गई। जयंती के मौके पर सबसे पहले शिक्षको एव उपस्थित अतिथियों ने राजा साहब के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया।उसके बाद प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव रंजन की अध्यक्षता और वरीय शिक्षक संजीत सहारा के संचालन में कार्यक्रम की शुरूआत हुई। जयंती समारो का उदघाटन बीडीओ तेज बहादुर सुमन, सीओ गोल्डी कुमारी, प्रशिक्षु डीएसपी कंचन राज, बीईओ मनोज कुमार, जेरनल मैनेजर अनिल सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वही अतिथियो व शिक्षकों ने राजा साहब के जीवन शैली व उनकी रचनाओ पर प्रकाश डाला। इस दौरान संबोधित करते हुए प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष ने कहा कि उस समय में यहां राजा साहब ने इस विद्यालय की स्थापना यही सोच कर किया होगा की क्षेत्र के सभी बच्चे अच्छी और उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश के अच्छे और उच्च पद को प्राप्त कर अपने परिवार और समाज का नाम रौशन करे, आगे कहा बालिकाओ के बीच सुरक्षा से संबंधित नियम कानून को बताया। साथ ही कहा कि जो भी समस्याएं आये उसे तत्काल जानकारी दे, इसके लिए हेल्प डेस्क भी बना है, तत्काल निदान होगा। बीडीओ ने कहा कि हम सब यहां आकर बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रहे है। राजा साहब के जीवन आदर्शो से सीख लेकर हमे भी एक निश्चित लक्ष्य पाने की कोशिश करनी चाहिए। अंचलाधिकारी ने अपने गीत के माध्यम से शिक्षा का संदेश दीया और राजा साहब के साहित्यिक और समाजिक के साथ ही राष्ट्र भक्त की चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षा ग्रहण करते हुए बंग भंग आंदोलन में भाग लेने के कारण उन्हें बंगाल निकाशी की सजा अंग्रेजों ने दिया था।बीईओ ने कहा कि राजा साहब एक अमुल्य प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे, जो राजा तो थे ही अपितु लेखनी के भी राजा थे। उनके सभी रचित रचनाओं पर विशेष चर्चा किया।प्रभारी प्रधानाध्यापक ने कहा कि राजा साहब राजा होते हुए साहित्य के क्षेत्र में नई ज्योति जलाई। उन्होंने अपनी रचनाओ के माध्यम से समाज के हर एक तबके को जोड़ कर उनमे समरसता धारा प्रवाहित करने का काम किया है। संचालन कर रहे शिक्षक संजीत कुमार सहारा ने कहा कि राजा साहब लेखनी के धनी थे।तभी तो जब भारत गुलामी की जंजीर में जकड़ा हुआ था हर जगह आजादी की लड़ाई की विगुल फुके जा रहे थे तब राजा साहब ने न सिर्फ अपनी लेखनी से लोगो को जगाने का काम किया वल्कि उन दिनों विद्यालय खुलवा कर क्षेत्र के लोगो में जो शिक्षा का संचार करने का काम किया इससे साफ़ जाहिर होता है कि लोगो में शिक्षा का संचार ही असली आजादी है। मौके पर एसआइ विमलेश कुमार, अनामिका सुधा, छात्र-छात्रा व अतिथि उपस्थित थे।

नगर पंचायत में प्रशासन का चला बुलडोजर

निज संवाददाता | कोचस (रोहतास)

इन दिनों जाम की समस्या तथा सड़क दुर्घटना को लेकर प्रशासन एक्शन मूड में है। जिले से लेकर प्रखंड स्तर तक छोटे तथा बड़े शहरों में हो रही जाम तथा अन्य समस्या को लेकर प्रशासन अपना बुलडोजर अतिक्रमणकारियों के ऊपर चला रही है। प्रशासन की बातों की अवहेलना करने वाले अतिक्रमण कारियो पर प्रशासन के द्वारा कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। वहीं जिले के कोचस नगर पंचायत मे मंगलवार को नगर प्रशासन की बुलडोजर अतिक्रमण कारियो पर चली। इस दौरान नगर प्रशासन की बुलडोजर ने सड़कों पर अवैध तरीके से कब्जा कर व्यवसाय कर रहे लोगों के दुकान को ध्वस्त कर दिया। जिसमें अवैध कबजेदारों में हड़कंप मच गया। इस संदर्भ में नगर ईओ ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि हो रही सड़क दुर्घटना तथा जाम की समस्याओं को निजात दिलाने के लिए पुलिस नगर पंचायत में अतिक्रमण हटाओ अभियान चला कर सड़क किनारे लगाए गए दुकानों को ध्वस्त किया। इस दौरान कोचस चौक से मोहनिया रोड, दिनारा रोड, बक्सर रोड तथा सासाराम रोड में सड़कों के किनारे अवैध तरीके से लगाए गए दुकानों को धवस्त कर प्रशासन ने सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराया। अतिक्रमण कारियो को पहले भी नोटिस दे माईकिंग कर सड़क खाली कराने का समय दिया गया था। जिसमें प्रशासन की निर्देशों का अवहेलना करने पर नगर प्रशासन ने कार्रवाई की है। उन्होंने यह भी कहा कि यह करवाई निरंतर अतिक्रमण के खिलाफ जारी रहेगी। मौके पर अंचलाधिकारी विनीत कुमार व्यास थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा के साथ नगर कर्मी व प्रशासन मौजूद रही।

बुधौल बस स्टैंड बना कचरा डंपिंग यार्ड, खबर पर डीएम ने लिया संज्ञान

निज संवाददाता | नवादा

नगर के खुरी नदी के साथ ही अब बुधौल सरकारी बस स्टैंड में कचड़ा डंप किया जाने लगा है। कचरे से निकल रहे बदबू की वजह से यात्री और स्थानीय मुहल्ले में निवास करने वाले परेशान हैं। शहर के बुधौल में बुधौल बस स्टैंड में नगर परिषद के सफाईकर्मियों द्वारा कचरा डंप किया जा रहा है। इससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हो रही है। नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों द्वारा सुबह गलियों और सड़कों की सफाई के बाद कचरा को बुधौल बस स्टैंड की चहारदीवारी के अंदर लाकर डंप कर दिया जाता है। वहीं, कचरे से उठ रहे बदबू के कारण यात्रियों और स्थानीय लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है। अर्पणा कोलनी में निवास करने वाले मतदाता जागरूकता मंच के संस्थापक अधिवक्ता आजाद गीता प्रसाद शर्मा ने बताया कि नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों द्वारा सरकारी बस स्टैंड में डंप किए गए कचरे को नियमित रूप से उठाया नहीं जा रहा है। नप के कचरा वाहन शहर के विभिन्न वार्डों, कॉलोनियों और मोहल्लों से कचरा इकट्ठा कर यहां पर डाल रहे हैं। समस्या का समाधान नहीं होने के कारण यात्री और स्थानीय लोग परेशान हो रहे हैं। स्थानीय लोग और यात्रियों का कहना है कि जिम्मेदारों का भी इस ओर कोई ध्यान, नहीं है। बरसात से कचरा सड़ रहा है और दुर्गंध दे रहा है। ऐसे में यात्रियों और आसपास के लोगों को परेशानी हो रही है। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे संक्रमण फैलाने की आशंका है। खबर का प्रकाशन होते ही जिलाधिकारी ने नगर परिषद अधिकारी को फटकार लगाते हुए कचरा को साफ करने का निर्देश दिया। नगर परिषद ने डीएम के आदेश के बाद रात से ही हरकत में आकर कचरा को साफ करने में जुट गयी है। जिलाधिकारी के कार्यों की सराहना भी की जा रही है।

अभद्र टिप्पणी को लेकर प्रशासन ने किया प्राथमिक दर्ज

रोहतास (रोहतास) (नि.सं.)। नगर पंचायत के बसकटिया और रामको शाहिद के साइन बोर्ड पर असमाजिक तत्वों ने अभद्र टिप्पणी तथा उखाड़ फेंका। जिसको लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों में आक्रोश दिखी। वही मामले को लेकर सभी धर्म के समाज सेवियों ने कहा की इस तरह की घिनौनी मानसिकता रखने वाला असामाजिक तत्व समाज के लिए अभिशाप है। उसके ऊपर कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं प्रशासन ने मामले की गंभीरता को लेकर रोहतास थाना प्रभारी निकुंज भूषण प्रसाद ने उक्त मामले में अज्ञात के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

शराब धंधेबाज को घर से किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के अंधरबारी मोड़ से उत्पाद बलों ने चार बोतल विदेशी शराब के साथ एक होम डिलीवरी करने वाले डिलीवरी बॉय को गिरफ्तार किया। इसके बाद डिलीवरी बॉय के निशानदेही पर बहादुरपुर पंचायत के पिपरपंती गांव स्थित शराब धंधेबाज के घर में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान घर से 30 केन बियर एवं 72 बोतल विदेशी शराब बरामद किया। साथ ही शराब धंधेबाज को भी गिरफ्तार किया गया। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि नवादा उत्पाद की टीम में रहे एएसआई अजय कुमार एवं अर्चना सिन्हा के साथ सैप बलों ने अंधरबारी मोड़ के समीप डिलीवरी बॉय अंधरबारी गांव निवासी अजित कुमार के पुत्र अंशुमन कुमार को इम्पेरियल ब्लू के 375 एमएल वाले चार बोतल के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अंशुमन कुमार ने बताया कि उसे शराब की आपूर्ति पीपरपाती का हीरालाल प्रसाद करता है। तत्पश्चात उत्पाद टीम ने गिरफ्तार अभियुक्त के निशानदेही पर पीपरपाती गांव निवासी इन्द्रदेव प्रसाद के 38 वर्षीय पुत्र हीरालाल प्रसाद पिता के घर पर पहुंच कर तलाशी लिए जाने पर ड्राइंग रूम वाले हॉल में रखे फ्रिज से किंगफिशर स्ट्रांग प्रीमियम बियर 500 एमएल के 13 केन बियर, ऊपर के फ्लोर में दाहिने तरफ बने बाथरूम के कमोड में रॉयल स्टैग व्हीस्की का सील टुटा 750 एमएल का एक बोतल में करीब 375 एमएल बरामद किया गया। हीरालाल प्रसाद के समीप के दूसरे पुराने मकान के सीढी के पास के कमरे में अवस्थित अनाज वाले कोठी से विदेशी शराब इंपीरियल ब्लू और स्टर्लिंग व्हीस्की का 10 बोतल एवं इसी मकान के प्रथम तल पर सीढी के समीप के एक कमरे में रखे बक्से से विदेशी शराब की 56 बोतल व गोदरेज के लॉकर से गॉडफादर एव किंगफिशर स्ट्रॉन्ग प्रीमियम बियर का 17 केन बियर और इंपिरियल ब्लू व्हीस्की का 10 बोतल बरामद कर हीरालाल प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया गया। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि बरामद शराब की मात्रा में 750 एमएल के 76 बोतल,375 एमएल के 20 बोतल एवं 500 एमएल के 30 केन बीयर बरामद किया गया। इस प्रकार जब्त शराब की कुल मात्रा 106 बोतल में कुल मात्रा विदेशी शराब 36.375 लीटर और बीयर 15 लीटर बरामद किया गया। वहीं हीरालाल प्रसाद ने पूछताछ में यह बताया कि वह शराब खुद झारखंड से लेकर आता है। जिन कमरों से शराब की बरामदगी हुई है, उनको सील बंद करने की कार्रवाई की जा रही है।

करौटा पटनेर से अशोकधाम रेलवे स्टेशन के बीच सतह त्रिकोण का सीआरएस द्वारा किया गया निरीक्षण

निज संवाददाता | हजीपुर (वैशाली)

सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे) पूर्वी परिमंडल, कोलकाता ने करौटा पटनेर से अशोकधाम रेलवे स्टेशन के बीच 8 किमी लंबे नई विद्युतीकृत बीजी रेललाइन के सतह त्रिकोण का मोटर ट्रॉली द्वारा निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद, रेल संरक्षा आयुक्त ने इस रेलखंड पर विशेष ट्रेन द्वारा सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/दक्षिण श्री रामाश्रय पाण्डेय, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री जयंत कुमार चैधरी और निर्माण विभाग तथा दानापुर मंडल के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। गौरतलब है कि करौटा पटनेर स्टेशन किउल-गया रेल लाइन पर स्थित है जबकि अशोकधाम स्टेशन पटना-झाझा मेन लाइन पर स्थित है। वर्तमान में, गया-किउल रेलखंड से आने वाली ट्रेनों को पटना की ओर जाने के लिए पहले किउल जाना पड़ता है, जहां इंजन का रिवर्सल किया जाता है, फिर पटना की ओर ट्रेनों को भेजा जाता है। सतह त्रिकोण के चालू हो जाने से गया की ओर से पटना की ओर आने वाली ट्रेनों को अब किउल नहीं जाना पड़ेगा और वे सीधे करौटा पटनेर स्टेशन से अशोकधाम स्टेशन पहुंच जाएंगी। इससे इंजन रिवर्सल की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी, जिससे संरक्षित परिचालन के साथ समयपालन में भी काफी सुधार होगा।

50 एकड़ महादलितों की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर पीड़ितों ने एसडीओ से की शिकायत

» मोहल्ले में खाली पड़े जमीन पर जब महादलित परिवार अपना आशियाना बनाने की शुरुआत की गई, तो अवैध कब्जा धारियों द्वारा निर्माण सामग्रियों जैसे बालू, ईंट एवं छड़-सीमेंट को लूट लिया गया।

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड क्षेत्र में जैसे-जैसे जमीन की कीमतें बढ़ रही है, वैसे-वैसे कुछ लोगों द्वारा परती भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर जालसाजी किया जा रहा है। ताजा मामला महसई मोहल्ले में खाली पड़े जमीन पर जब महादलित परिवार अपना आशियाना बनाने की शुरुआत की गई, तो अवैध कब्जा धारियों द्वारा निर्माण सामग्रियों जैसे बालू, ईंट एवं छड़-सीमेंट को लूट लिया गया। साथ ही जमीन को जबरन अपना बताकर भद्दी-भद्दी गालियां देकर खदेड़ दिया गया। पीड़ित मिथलेश राजवंशी ने बताया कि वे पचास वर्षों से अधिक से अपनी जमीन मौजा संख्या 184 के खाता संख्या 3/589,9114/5941,9111/5985 एवं 9108/5984 पर खेती-बारी करते आ रहे हैं। विगत कुछ वर्षों से जमीन खाली पड़ी थी। जिसपर झारखण्ड के कन्हैया महतो के पुत्र कैलाश यादव, शिव गोप के पुत्र हीरा यादव, तिलक यादव, रामदेव यादव, लखन यादव व पुत्री धर्मी देवी, राजो यादव की पत्नी प्रमिला देवी एवं छोटू यादव की पत्नी कलवा देवी द्वारा रजौली थाना क्षेत्र के नवकाडीह गांव निवासी स्व भिखारी पासवान, रामखेलावन पासवान के पुत्र सुबोध पासवान एवं समन भुइयां के पुत्र लाखवां भुइयां के सहयोग से अवैध कागजात बनाकर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं विरोध जताने पर महादलित परिवारों को कब्जाधारियों द्वारा तरह-तरह की धमकियां दी जा रही है। पीड़ितों ने एसडीओ रजौली आदित्य कुमार पीयूष को लिखित आवेदन सौंप कर न्याय की गुहार लगाई है।

1990 आरक्षण आंदोलन में शहीद हुए तीन युवकों की मनाई गयी पुण्यतिथि

निज संवाददाता | हिसुआ (नवादा)

नगर के महादेव मोड़ स्थित 1990 में आरक्षण विरोधी लहर में जान गवाने वाले टीम अमर शहीदों को महादेव मोड़ के समीप मंगलवार को उनके स्मारक पर शहादत दिवस मनाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। 10 सितंबर 1990 को महादेव मोड़ पर आरक्षण विरोधियों द्वारा गोली फायरिंग में 3 आरक्षण समर्थक को गोली मारकर हत्या कर दिया गया था। उनके याद में हर 10 सितंबर को शहादत दिवस मनाया जाता रहा है। शहादत दिवस पर नगरवासी 10 सितम्बर 1990 को शहीद मिथिलेश कुमार, रविन्द्र कुमार व दिलीप कुमार को लोग याद करते हैं। इस मौके पर समाजसेवी कृष्णा चौधरी उर्फ किरो चौधरी के नेतृत्व में उनके स्मारक पर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी व जनसुराज नेता मसीहउद्दीन ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए 1990 की घटित घटना का चर्चा किया। उन्होंने कहा जब आरक्षण को लेकर पुरे देश में जंग छिड़ी थी तब हिसुआ के लोगों ने विरोध किया, जिसको लेकर विरोधियों ने अंधाधुंध फायरिंग की जिसमें हिसुआ के तीन लाल शहीद हो गए थे। आज उनकी याद में हर वर्ष यहां श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं। समाजसेवी अरविंद चंद्रवंशी ने 34 वर्ष पूर्व शहीद हुए अमर शहीदों का दास्तान व्याख्या किया। समाजसेवी कृष्णा चौधरी उर्फ कीरो चौधरी ने कहा आज आरक्षण में शहीद इन तीनों बहादुर युवकों ने जो कुर्बानी दी है, यह हमलोगों के लिए प्रेरणा है। हमलोगों को अपनी हक और मानसम्मान के लिए खुद एकजुट होकर लड़ाई लड़ना है। तब हम अपनी आरक्षण आरक्षण और देश के प्रति मजबूत रहेंगे। 90 के दशक में जब गोलियों की बौछार हो रही थी, तब हमलोग ने बगैर कोई हथियार उठाए इसका विरोध किया था। आज इन तीनों की कुर्बानी बेकार नहीं गई है। हमलोग प्रत्येक वर्ष इनकी शहादत को याद करेंगे। मौके पूर्व वार्ड पार्षद रामकरण पासवान, सुनील कुमार पत्रकार, लव कुमार सिंह, सुरेंद्र पासवान, मनीष पासवान, मिथुन कुमार, सोनू यादव, आशीष यादव निक्कू, अनुज कुमार, गौतम कुमार, प्रवेश यादव, सौरव कुमार गोलू कुमार, सत्यम कुमार, कमल किशोर सिंह, उपेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार पंकज, अश्विनी यादव, कारू कुमार, अरविंद सिंह, विनोद कुमार, धर्मेन्द्र कुमार सहित दर्जनों गणमान्य लोगों ने उनके स्मारक पर श्रद्धांजलि दी।

न्यूज बाइट्स

कौआकोल के युवक की दुर्गापुर में सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत

कौआकोल (नवादा) (नि.सं.)। कौआकोल थाना क्षेत्र के एक युवक की सोमवार को पश्चिम बंगाल के दुर्गापुर में सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। युवक की पहचान कौआकोल थाना क्षेत्र के पाली पंचायत के मंदरा गांव निवासी सहिंद्र यादव के पुत्र रामानन्द यादव के रूप में की गई है। जिसका उम्र लगभग 20 वर्ष बताया जाता है। मृतक युवक ट्रक में खलासी का काम करता था। पारिवारिक सदस्यों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक युवक पर दुर्गापुर में बालाजी कम्पनी के पार्किंग में एक ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना गांव में मिलते ही कोहराम मच गया। मृतक युवक के स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक अपने माता-पिता का अविवाहित पुत्र था। मृतक तीन भाई एवं दो बहन थें। घटना के बाद मृतक के स्वजन शव को लाने दुर्गापुर रवाना हो गए

आठ महिलाओं का हुआ बंध्याकरण

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज में मंगलवार को परिवार नियोजन कार्यक्रम हुआ। केंद्र में आये आठ महिलाओं को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार ने बंध्याकरण किया। इस दौरान लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार व आशुतोष कुमार ने बंध्याकरण के लिए आये महिलाओं का मूत्र जांच, रक्त जांच समेत अन्य जांच किये। इस मौके पर फार्मासिस्ट मिथिलेश कुमार, एएनएम शोभा कुमारी, स्वर्णलता कुमारी, परिचारी आशिक आलम समेत अन्य रहे।

13 सितम्बर को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। पेंशनर भवन नारदीगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित होगा। यह आगामी 13 सितम्बर 2024 को आयोजित किया जाएगा। शिविर में आये पेंशनरों को चिकित्सक डा. इरशाद हसन स्वास्थ्य जांच करेंगे। यह जानकारी पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद व सचिव श्रीकांत सिंह ने संयुक्त रूप से दिया।

करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

नारदीगंज (नवादा) (नि.सं.)। थाना क्षेत्र के दलेलपुर गांव में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। उस गांव के सियाशरण यादव का 28 वर्षीय पुत्र रामप्रवेश कुमार के साथ घटना घटी। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों को रो रोकर बुरा हाल हो रहा था। लोगों में मातम छा गया। यह घटना मंगलवार की सुबह में बताया जा रहा है। बताया जाता जाता है कि उसी गांव के रामप्रवेश कुमार खेत में लगा धान का फसल को देखने के लिए गया था, तभी बिजली के तार के सम्पर्क में आ गया, और भूमि पर गिर पड़ा, उसमे विधुत प्रवाहित हो रहा था। खबर मिलते ही परिजनों के अलावा आसपास के लोग समेत अन्य दौड़े, और इलाज के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य नारदीगंज लेकर गए, वहां चिकित्सक ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक को एक पुत्र व पुत्री है, जो छोटे हैं।

पूरी पारदर्शिता के साथ होगा नया सर्वे का काम

नरहट (नवादा) (नि.सं.)। प्रखंड में इन दिनों नया सर्वे को लेकर भू स्वामियों में काफी अफरा तफरी मची हुई है। दूर दराज में रहने वाले लोग अपनी नौकरी छोड़कर या छुट्टी लेकर घर आ रहे हैं। वंशावली को लेकर काफी भ्रांतियां थी। इतना ही नहीं कई लोगों का खाता में गलत प्लाट अन्य लोगों का चढ़ गया है तो कुछ लोगों का अपना सही प्लॉट नंबर नहीं चढ़ा है ऐसी स्थिति में भू स्वामी बहुत परेशान है अब उन्हें लग रहा है कि नया सर्वे में अगर यही दस्तावेज दिया गया तो हमें भविष्य में काफी परेशानी होगी शेखपुरा पंचायत सरकार भवन कुटनी विगहा में सर्वे का कार्यालय खुला है। यहां एएसओ, कानूनगो तथा 11 अमीन सर्वे कार्य के लिए प्रतिनियुक्त हैं। नरहट में पदस्थापित कानूनगो नमित सिंह ने बताया कि हमारी टीम प्रखंड के प्रत्येक पंचायत के गांव में जाकर नया सर्वे के लिए लोगों को जानकारी दे रही है भूस्वामियों को कहा गया है कि इसमें परेशान होने की आवश्यकता नहीं है आपके पास जितने भी सही दस्तावेज हैं आप वही लेकर आएं। सादा कागज पर वंशावली बनाकर लाएं अगर कोई भूमि से संबंधित जानकारी लेनी हो तो कार्यालय आएं या वेबसाइट पर भी जाकर अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं साइबर कैफे में भी जाने की आवश्यकता नहीं है अपने-अपने स्मार्टफोन में बिहार सर्वे को सर्च करें और समस्या का समाधान के लिए ऑनलाइन घर बैठे करें सभी समस्याओं का समाधान संभव है बहुत परेशान होना अज्ञानता का परिचायक है आपकी सुविधा के लिए हम सब हमेशा तत्पर हैं राजस्व एवं भू सर्वेक्षण विभाग आपको अधिकतम सहूलियत देने को हमेशा तैयार है आप भू आंकड़ा सही रिकॉर्ड के अनुसार देने का प्रयास करें अन्यथा हम तो गलत रिकॉर्ड को मिलान कर पहचान ही जाएंगे यह सर्वे पूरी पारदर्शिता के तहत होगी अभी फार्म 2 में भरकर लिया जा रहा है जिसमें आपका आधार नंबर वंशावली तथा पुराना रिकॉर्ड अति आवश्यक है।

24 घंटे के अंदर 39 फरार अपरधियों की हुई गिरफ्तारी-एसपी

नवादा (नि.सं.)। अम्बरीष राहुल पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि 09 सितम्बर 2024 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, हत्या में 01, महिला उत्पीड़न में 01, आर्म्स एक्ट में 02, अनुसूचित जाति/जनजाति में 01, हत्या के प्रयास में 01, मद्य निषेध में 10 एवं अन्य गिरफ्तारी 23 कुल 39 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 552.05 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट निष्पादन की संख्या 56 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या 06 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 464 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 01 लाख 40 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 03, पिकअप 01, ट्रैक्टर 02, कार 01, मोबाईल 03, अपहृता 03 एवं कैमरा 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्य जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

तालाब में डूबा युवक, शव ढूंढने के लिए पहुंची एसडीआरएफ की टीम

पकरीबरावां (नवादा) (नि.सं.)। पकरीबरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत पोकसी गांव में तालाब में एक युवक गहरे पानी में डूब गया। नहाने के दौरान यह हादसा हुआ। कई घंटे की मशक्कत के बाद भी युवक का शव तालाब से बरामद नहीं किया जा सका। युवक पोकसी के आनंदी मिस्त्री के नाती 20 वर्षीय नीरज कुमार है। वह बचपन से ननिहाल में रहकर पढ़ाई करता था। जबकि मूल निवासी पकरीवर्मा अंतर्गत बरौना गांव के मनोज मिस्त्री का पुत्र बताया गया। बताया जाता है कि युवक सुबह करीब 8 बजे अपने दोस्तों के साथ तालाब में नहाने गया था। इसी दरम्यान वह गहरे पानी में चला गया। दोस्तों द्वारा उसे बचाने का प्रयास किया गया, परंतु असफल रहे। तत्काल इसकी सूचना परिजनों एवं अन्य ग्रामीणों को दी गई, जिसके बाद गांव में अफरातफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण तालाब के पास इकट्ठा हो गए। ग्रामीण तालाब में डूबे युवक को ढूंढने लगे, परंतु उसका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को दी गई। मौके पर पकरीबरावां थानाध्यक्ष अजय कुमार एवं सीओ राजेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर पड़ताल शुरू की। घटना को लेकर ग्रामीणों से जानकारी ली। स्थानीय प्रशासन द्वारा एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया है। एसडीआरएफ टीम के द्वारा लगातार 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक तलाव में खोजबीन करते रहा पर सबको खोजने में सफल नहीं हुआ। शव खोजा जा रहा है।

भूमि सर्वे में रैयतों के लिए विभाग के द्वारा जारी हुआ दिशा-निर्देश

निज संवाददाता | नवादा

जिला बंदोबस्त पदाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त अन्तर्गत भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार द्वारा रैयतों के लिए निम्न निर्देश दिये गए हैं। उक्त निर्देशों के आलोक में सभी रैयत अपना कागजात को जमा कराएं। बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त अन्तर्गत रैयतों के लिए निम्नलिखित **दस्तावेजों का होना आवश्यक हैः-**

(1) स्वघोषणा का प्रपत्र-02 रैयत या रैयत के वंशज द्वारा धारित भूमि को भरकर अपने अंचल के शिविर में जमा करें या भू-अभिलेख एवं परिमाप की वेबसाईट dlrs.bihar.gov.in पर अपलोड करें। (2) खतियानी रैयत/जमाबन्दी रैयत के वंशज स्वयं प्रपत्र-03 (i) में वंशावली तैयार कर अपने अंचल के शिविर में जमा करें या निदेशालय की वेबसाइट dlrs.bihar.gov.in पर अपलोड करें। (3) राजस्व रसीद की छायाप्रति स्वघोषणा के साथ संलग्न करें। (4) यदि क्रय/बदलैन/दान की भूमि हो तो दस्तावेज की छायाप्रति। (5) यदि सक्षम न्यायालय का आदेश हो तो आदेश की छायाप्रति। (6) बन्दोवस्त भूमि/भू-दान प्रमाण पत्र/वासगीत पर्चा की छायाप्रति। (7) जमाबंदी रैयत जीवित हैं तो केवल स्वघोषणा (प्रपत्र-02) देंगे, वंशावली नहीं। बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त अन्तर्गत रैयतों के लिए निम्नलिखित **दस्तावेजों का होना आवश्यक नहीं हैः-**

(1) प्रपत्र-03 (i) में वंशावली पर कार्यपालक दण्डाधिकारी/नोटरी पब्लिक के समक्ष शपथ करने की आवश्यकता नहीं है। (2) प्रपत्र-03 (i) में वंशावली पर संबंधित ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि से हस्ताक्षरित कराना आवश्यक नहीं है। (3) खतियान के सच्ची प्रतिलिपि की आवश्यकता नहीं है। (4) किस्तवार प्रक्रम में अपने भू-खण्ड पर आपकी उपस्थिति अनिवार्य नहीं है। अगर आप स्वयं या आपका कोई विश्वस्त प्रतिनिधि जमीन पर उपस्थित रहता है तो सर्वे कर्मियों को पहचान में सुविधा होगी। (5) राजस्व रसीद की अद्यतन/ऑनलाईन प्रति आवश्यक नहीं है। **नोटः-** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जा रही सेवाओं का लाभ लेने के लिए वेबसाइट https://state.bihar.gov.in/LRC पर उपलब्ध लिंक ''नागरिक सेवाएं'' पर क्लिक करें तथा इन सेवाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया की जानकारी हेतु ''नागरिक सुविधाओं के बारे में जानकारी'' लिंक पर क्लिक करें।

जेब में रखा मोबाइल हुआ ब्लास्ट

नवादा (नि.सं.)। अगर आप भी जेब में मोबाइल रखते हैं तो सावधान हो जांय! कभी भी ब्लास्ट होकर आपकी जान को खतरे में डाल सकता है। ऐसा होने से आर्थिक क्षति के साथ आपकी जान को खतरा पैदा कर सकता है। जिले के नेमदारगंज थाना क्षेत्र के फरहा गावं में युवक के पास रखा VIVO कंपनी का मोबाइल जेब में ही अचानक ब्लास्ट कर गया। हादसे के बाद पीड़ित को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जख्मी शख्स नवादा के नेमदारगंज थाना क्षेत्र के राजादेवर गांव का निवासी बताया जा रहा है। पीड़ित शख्स की मानें तो उसकी पॉकेट में मोबाइल था, जो अचानक ब्लास्ट कर गया। उसने बताया कि इस घटना के बाद अब ये तय हो गया है कि मोबाइल फोन भी पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है।

जिले के थाना प्रभारियों के साथ किया गया बैठक

निज संवाददाता | नवादा

नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के मार्गदर्शन में आशुतोष कुमार झा जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के निर्देश के आलोक में आज आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के सफलता हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कुमारी सरोज कीर्ति के प्रकोष्ठ में दिनांक 10.09.2024 को जिले के थाना अध्यक्षों/थाना प्रभारियों एवं वरिष्ठ अधिवक्तागण के साथ बैठक किया गया। बैठक में उपस्थित थाना अध्यक्षों द्वारा प्रस्तुत किये गये तामिला प्रतिवेदन का अधोहस्ताक्षरी के द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान जिस थाना से कम नोटिसों का तामिला प्राप्त हुआ है उस थाना के थाना प्रभारियों को सख्त हिदायत देते हुए शत्-प्रतिशत तामिला कराने का निर्देश दिया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा उपस्थित थाना अध्यक्ष को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक नोटिसों का तामिला करवायें एवं पक्षकारों को उपस्थित होने के लिए पंचायत एवं ग्राम स्तर पर पहल किया जाए क्योंकि निर्गत नोटिसों के तामिला के आधार पर ही लोक अदालत की सफलता निर्भर करती है। इसलिए निर्गत नोटिसों के शतप्रतिशत तामिला पर बल दें। बैठक के क्रम में संबंधित थानों में तामिला हेतु भेजे गए नोटिसों के अधिक से अधिक तामिला करवाने एवं तामिला प्रतिवेदन कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि अधिक से अधिक सुलहनीय योग्य वादों का निष्पादन सुलह समझौते के आधार पर किया जा सके। सचिव महोदया द्वारा उपस्थित जिले के थाना अध्यक्षों/थाना प्रभारियों एवं वरीय अधिवक्तागण को आपस में सामनजस्य बनाकर वादों के निष्पादन में सुलह करने का निर्देश दिया गया। बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कुमारी सरोज कीर्ति के अतिरिक्त नवादा जिले के विभिन्न थाना यथा- नगर थाना, लॉयर तथा स्थायी लोक अदालत नवादा के पेशकार सुशील कुमार उपस्थित थे।

पांच लीटर शराब और बाइक जप्त, तस्कर फरार

निज संवाददाता | नरहट (नवादा)

थाना क्षेत्र के गारोबिगहा गांव से एक बाइक और 5 लीटर देशी महुआ शराब बरामद किया गया है। पुलिस को देख शराब तस्कर गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया। इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि पुलिस पदाधिकारी एसआई मिथिलेश कुमार सिंह ट्रक दुर्घटना के मामले में जांच के लिए गारो बिगहा गांव गए थे इस दौरान पुलिस को देख कर एक बाइक चालक जल्दी में बाइक छोड़ फरार हो गया। बाइक की तलासी ली गई तो डिक्की में शराब मिला। बरामद शराब और बाइक को जप्त कर थाना लाया गया है। जप्त शराब और बरामद बाइक के मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

नवादा न्याय मंडल के वरीय अधिवक्ता की हुई बैठक

निज संवाददाता | नवादा

नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर आशुतोष कुमार झा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के निर्देश के आलोक में आज व्यवहार न्यायालय, नवादा में सभी प्रकार के सुलहनीय वादों के निष्पादन हेतु आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के सफलता हेतु आज सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के अध्यक्षता में नवादा न्यायमंडल के वरीय अधिवक्तागण के साथ बैठक की गयी। बैठक में सभी प्रकार के सुलहनीय अपराधिक वादों के बारे में अधोहस्ताक्षरी के द्वारा अनुरोध किया गया कि सभी अधिवक्तागण कम से कम 10 सुलहनीय वादों को सुलह के आधार पर निष्पादन में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि छोटे छोटे वादों जिसमें नोटिस निर्गत किया जा चुका है उसमें सुलह के आधार पर निष्पादन करें। बैठक में उपस्थित अधिवक्ताओं ने कहा कि हमलोग सहयोग के लिए तत्पर हैं जो भी पक्षकार नोटिस लेकर न्यायालय में आते हैं उन्हें इस अवसर का लाभ दिलाया जाएगा। बैठक में सचिव, जिला अधिवक्ता संघ, नवादा, सचिव, एडवोकेट एसोसिएशन, नवादा, सुधांशु कुमार अधिवक्ता, अनिल कुमार, अधिवक्ता आशा कुमारी अधिवक्ता, सलोनी कुमारी अधिवक्ता, कमलेश कुमार अधिवक्ता, कृष्णकमार मधुकर अधिवक्ता. शशिभूषण कुमार अधिवक्ता, मो0 वालीदुलाह हसन अधिवक्ता, शशिभूषण सिंह अधिवक्ता, रामानुज प्र0 सिंह अधिवक्ता, अजीत कुमार अधिवक्ता, ओमप्रकाश प्रसाद, अधिवक्ता, सोनु सिन्हा, अधिवक्ता, अरूण कुमार वर्मा, अधिवक्ता एवं सुशील कुमार सहायक जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा उपस्थित थे।

जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए लाभुकों से मांगी जा रही नाजायज राशि

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

मामले में लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा पूर्व जेएसएस संजय कुमार को दोषी भी पाया गया था। वहीं पीड़ित द्वारा बताया गया कि बीते पांच दिनों पूर्व नवपदस्थापित जेएसएस सुधीर कुमार द्वारा कहा जा रहा है कि पहले का पेंडिंग काम खत्म होगा।

नगर पंचायत में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्रों के लिए लाभुकों से नाजायज राशि मांग जारी है। नाजायज राशि नहीं दिए जाने पर लाभुकों को टाल-मटोल कर बेवजह परेशान किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत के कुछ वार्ड पार्षद एवं उनके प्रतिनिधियों के अलावे कुछ दलाल भी लाभुकों से प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर 3000 से 5000 रुपये की मांग करते हैं। ताजा मामला नगर पंचायत के वार्ड संख्या 5 का है। वार्ड संख्या 5 के जगदीश मार्केट निवासी मोतीलाल मोदी के पुत्र राजेश कुमार ने बताया कि वे तीन माह पूर्व अपने बेटे समर राज के जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन नगर पंचायत कार्यालय को दिया था। किंतु भ्रष्ट सिस्टम की वजह से आजतक उनके बेटे का जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया है। पीड़ित ने बताया कि उनके बेटे समर राज के विद्यालय प्रबंधन द्वारा दशवीं कक्षा में निबंधन हेतु जन्म प्रमाण पत्र की मांग की गई थी। जिसको लेकर वे नगर पंचायत कार्यालय में जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन दिए, किन्तु उन्हें कार्यालय से किसी प्रकार का रिसिप्ट वगैरह नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि आवेदन के साथ सारे जरूरी दस्तावेज भी जमा किया गया है। इसके बावजूद उन्हें दर्जनों बार टाल-मटोल कर वापस घर भेज दिया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि वे जब नगर पंचायत कार्यालय आकर बेटे के जन्म प्रमाण पत्र के बारे में जानकारी लेते हैं, तो उन्हें कम्प्यूटर ऑपरेटर द्वारा बताया जाता है कि जेएसएस सर द्वारा ओटीपी नहीं दिया जा रहा है। इसकी वजह से जन्म प्रमाण पत्र बनाने की कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पा रही है। मिली जानकारी के अनुसार नगर पंचायत कार्यालय से जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए पूर्व में पदस्थापित जेएसएस संजय कुमार द्वारा काफी अनियमितता बरती जा रही थी। जिसको लेकर एक आरटीआई एक्टिविस्ट द्वारा सूचना की मांग पर जेएसएस द्वारा गलत जानकारी दी गई थी। इस मामले में लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी द्वारा पूर्व जेएसएस संजय कुमार को दोषी भी पाया गया था। वहीं पीड़ित द्वारा बताया गया कि बीते पांच दिनों पूर्व नवपदस्थापित जेएसएस सुधीर कुमार द्वारा कहा जा रहा है कि पहले का पेंडिंग काम खत्म होगा, उसके बाद नए कार्यों के लिए ओटीपी दिया जाएगा। नवपदस्थापित जेएसएस द्वारा ऐसा कहना कितना सही या गलत है, इसका निर्णय वरीय पदाधिकारी ही कर पाएंगे। इस तरह नगर पंचायत क्षेत्र के लोगों का जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाना बिना पैसे दिए मुश्किल ही नहीं नामुमकिन सा काम हो गया है।

सात दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर कोलकाता से नवादा पहुंचे मत्स्य पालक

निज संवाददाता | नवादा

जिले के तीस मत्स्य पालक पश्चिम बंगाल के केंद्रीय अंतरस्थलीय मात्सियकी अनुसंधान संस्थान बैरकपुर कोलकाता से प्रशिक्षण प्राप्त कर नवादा पहुंच गए हैं। इससे अब लगने लगा है कि नवादा जिले में भी नीली क्रांति का असर दिखेगा। तथा लोग मछली पालन को व्यवसाय बनाकर रोजगार की ओर उन्मुख होंगें। चार से दस सितंबर तक चलने वाला सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल तीस मत्स्य पालक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। टीम लीडर राकेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में मत्स्य पालक तथा कुछ इच्छुक मत्स्य पालक भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। इस दौरान इनलोगों को केंद्रीय अंतरस्थलीय मात्सियकी अनुसंधान संस्थान बैरकपुर कोलकाता के अलावा फील्ड विजिट के दौरान इससे संबंधित संस्थानों तथा तथा कई हैचरी, सीईएफए कल्याणी, नैहाटी मछली मार्केट एंड हेचरी, विश्व प्रसिद्ध पंछी मार्केट ले जाया गया। वहीं प्रभारी जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि मछली पालन के प्रति उत्साह जगाने तथा इससे संबंधित जानकारी के लिए समय समय पर जिले के मछली पालकों को राज्य तथा से बाहर स्थित शोध संस्थानों में भेजा जाता है। जिसका प्रतिकूल असर जिले में देखने को मिल रहा है। लोग इस व्यवसाय से जुड़ने में रुचि दिखाने लगे हैं। इस मौके पर रोह से अमन कुमार, मंटू शर्मा, काशीचक से गौरी शंकर कुमार, रजौली से सचिन कुमार मिश्र, कौवाकोल से पप्पू कुमार, बच्चू प्रसाद सिंह, ललन कुमार, वारिसलीगंज से आदित्य कुमार उर्फ विक्की कुमार, अकबरपुर से अरविंद कुमार, राहुल कुमार सहित कुल तीस मत्स्य पालक किसान प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे।

जिले के प्रमुख बैंक के अधिकारियों के साथ की गई बैठक

निज संवाददाता | नवादा

नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के निर्देश के आलोक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कुमारी सरोज कीर्ति के प्रकोष्ठ में आज एक बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें दिनांक 14.09.2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में आवश्यक विचार विमर्श के लिए जिले के प्रमुख सरकारी बैंकों एवं निजी बैंकों के अधिकारियों के साथ बैठक किया गया। बैठक के क्रम में विभिन्न बैंकों के अधिकारियों ने आश्वस्त किये कि वे लोग अपने अपने बैंकों के ऋण वादों के निष्पादन के संबंध में लगातार प्रयास कर रहे हैं तथा पक्षकारों को सूचित कर रहे हैं जिससे कि अधिक से अधिक वादों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत में किया जा सके। बैठक में ऋणवादों के नोटिसों के शत्-प्रतिशत तामिला के संबंध में विचार विमर्श किया गया। उन्होंने बताया कि नोटिसों के तामिला पर ही बैंकऋण वादों का निष्पादन संभव है। बैठक के क्रम में चिन्हित पूर्व विवादित मामले में पूर्व बैठक/पूर्व परामर्श की संख्या एवं चिहिन्त वादों की सूची के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा यह भी बताया गया कि पूर्व बैठक (प्री सीटिंग) के माध्यम से बैंकऋण वादों को कॉउन्सीलिंग कर सुलह के आधार पर वाद का निष्पादन किया जायेगा। सफलता हेतु जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों की सूची बैंक पदाधिकारियों को प्रचार प्रसार हेतु ऑडियो क्लीप के माध्यम से पंचायत स्तर तक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया।

दो गोली व एक कट्टा के साथ दो बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

» थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद कहा पीटीसी संजय मिश्र पुलिस जवानों के साथ मंगलवार को तीन बजे सुबह में गश्ती कर रहे थे।

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)

पुलिस गश्ती के दौरान दो युवक को दो गोली एक कट्टा के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस ने नारदीगंज चौक पर की। पुलिस के इस कार्रवाई में गिरफ्तार युवक जफरा निवासी सुधीर सिंह का पुत्र ऋषि कुमार व काजी बिगहा निवासी सुबोध सिंह का पुत्र सत्यम कुमार के रूप में किया गया है। इस दौरान पुलिस ने उनलोगों का एक बाइक व दो मोबाइल भी जब्त किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने मंगलवार की सुबह तीन बजे के आसपास में की है। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद कहा पीटीसी संजय मिश्र पुलिस जवानों के साथ मंगलवार को तीन बजे सुबह में गश्ती कर रहे थे, इसी बीच नारदीगंज चौक पर एक बाइक सवार आ रहा था, उस बाइक पर दो युवक थे। पुलिस ने उसे रोक लिया, और तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उनलोगों के पास से दो गोली व एक कट्टा बरामद किया गया, और दो मोबाइल व बाइक भी जब्त कर लिया गया है। कहा गया कि उनलोगों के विरुद्ध विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है, जिसका कांड संख्या 319 /2024 है। दोनों से पूछताछ के बाद मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

धरमपुर गांव से पुलिस ने लग्जरी कार में रहे 210 लीटर शराब को किया बरामद, धंधेबाज फरार

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

थाना क्षेत्र के धरमपुर गांव से एसआई सत्येन्द्र सिंह ने लग्जरी कार में रहे 210 लीटर देशी महुआ शराब को जब्त किया।जबकि लग्जरी कार में रहे दो शराब धंधेबाज फरार हो गए। थाना क्षेत्र के हरदिया डैम और धरमपुर गांव का रास्ता शराब धंधेबाजों के लिए शराब परिवहन हेतु आम रास्ता हो गया है। शराब धंधेबाज हरदिया डैम के पीछे बिहार और झारखण्ड के सीमावर्ती जंगली क्षेत्रों में निर्मित होने वाली शराब की खेंप को रजौली एवं नवादा के अलावे अन्य आसपास के जिलों में पहुंचाने के लिए डैम के रास्ते से सतगीर और धरमपुर मोड़ के रास्ते का उपयोग धड़ल्ले से कर रहे हैं। पुलिस एवं उत्पाद बल आये दिन इन क्षेत्रों में छापेमारी कर शराब के साथ धंधेबाज एवं बाइक व कार आदि को जब्त करने में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि बीते सोमवार की संध्या को शराब की खेंप को लेकर गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई को लेकर संध्या गश्त में रहे एसआई सत्येन्द्र सिंह को सशस्त्र बलों के साथ छापेमारी हेतु भेजा गया। पुलिस वाहन को दूर से आता देख लग्जरी कार मारुति स्विफ्ट संख्या डीएल8सीएच7065 में सवार रहे दो लोग अंधेरे का फायदा उठाकर भगाने में सफल रहे। वहीं पुलिस बलों द्वारा लग्जरी कार की तलाशी लिए जाने पर तीन जुट के बोरे में उजले प्लास्टिक की थैली में पैक रहे कुल 210 लीटर देशी महुआ शराब को बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब एवं कार के अलावे भागने वाले दो शराब धंधेबाजों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं शराब धंधेबाजों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

संक्षिप्त समाचार

डीईओ ने कक्षा में बच्चों की उपस्थिति का लिया जायजा

कोईलवर। जिला शिक्षा पदाधिकारी भोजपुर, अहसन के द्वारा अपराह्न 3 बजे मध्य- सह- उच्च माध्यमिक विद्यालय चंदा काजीचक, कोईलवर का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने सभी कक्षाओं में बारी-बारी से जाकर बच्चों की उपस्थिति का जायजा लिया। जिन कक्षाओं में उपस्थिति कम रही, उसमें बच्चों की उपस्थिति को बढ़ाने का निर्देश दिये। उच्च माध्यमिक विद्यालय के उन्नयन कक्षा का भी मुआयना किया। जहां स्मार्ट टीवी के माध्यम से बच्चों का शिक्षण चल रहा था। वर्ग कक्ष में जिला शिक्षा पदाधिकारी भोजपुर ने उन्नयन कक्षा के अपने अनुभवों को भी शेयर किया। विद्यालय में चल रहे शिक्षण, विद्यालय परिसर की साफ- सफाई, पौधारोपण एवं नवनिर्मित मंच की सराहना की गई। विद्यालय परिसर में बने मंच पर संगीत शिक्षिका, शालिनी के द्वारा किये गये खूबसूरत और आकर्षक मधुबनी पेंटिंग को जिला शिक्षा पदाधिकारी भोजपुर द्वारा बहुत सराहना की गई।

दोषियों पर 1 लाख 50 हजार रुपए जुर्माना, हत्या के प्रयास व एससी/एसटी के मामले में चार को उम्रकैद

आरा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1 ऋषि कुमार सिंह ने उदवंतनगर थाना क्षेत्र में फायरिंग, हत्या और एससी/एसटी एक्ट के मुकदमे में चार अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा का निर्णय सुनाया है। इसके साथ ही सभी इसके साथ ही सभी अभियुक्त के खिलाफ 50-50 हजार रुपए अर्थदंड लगाया गया है। अर्थदंड नहीं चुकाने की स्थिति में 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतना होगा। आजीवन कारावास की सजा पाने वाले बड़कागांव के दीनानाथ कुमार उर्फ दीनानाथ यादव, विक्रम यादव उर्फ सिंघानिया, निरंजन कुमार और मौलानाचक का दरोगा यादव उर्फ अर्जुन यादव है। इनके खिलाफ सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। न्यायालय में एससी/ एसटी एक्ट के विशेष लोक अभियोजक सतेंद्र कुमार सिंह दारा ने बताया कि उदवंतनगर थाना क्षेत्र के जगजीवन हॉल्ट के पास दो लोगों की गोली मारी गई थी। जिसमें एक घायल व्यक्ति सोनू की इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई थी। दूसरा व्यक्ति अनिल चौधरी घायल हो गया था। घायल के बयान पर उदवंतनगर थाना में एफआईआर कराया गया था। न्यायालय में अनिल चौधरी ने बताया था कि वह अपने साथी सोनू के साथ जगजीवन हॉल्ट पर बैठा था। तभी चारों नामजद अभियुक्तों ने दोनों पर फायरिंग कर दिया। जिसमे सोनू की मौत हो गई थी। अनिल इलाज के बाद बच गया।

पत्नी की हत्या का आरोपित गिरफ्तार

बक्सर। पत्नी की हत्या के आरोपित को टाउन थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया। टाउन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि सुमेश्वरस्थान के अर्जुन पांडेय के खिलाफ उसके ससुर अंजनी तिवारी ने हत्या का एफआईआर दर्ज कराई थी। उसकी पत्नी की मौत 25 अगस्त को उनकी पत्नी प्रीति देवी की मौत घर में हुई थी। ससुराल वालों के मुताबिक फांसी लगाकर प्रीति ने आत्महत्या किया था लेकिन अंजनी तिवारी ने हत्या का संदेह जताते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी।

कार के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

बक्सर। दहेज में कार के लिए ससुराल वालों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। घटना को लेकर विवाहिता ने महिला थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। महिला थाना पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। डुमरांव अनुमंडल के कंझरुआ गांव के राजेन्द्र मिश्रा की पुत्री सुमति कुमारी की शादी वर्ष 2018 में भोजपुर जिला के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव के पवन कुमार तिवारी के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही दहेज में स्वीफ्ट कार के लिए उसे प्रताड़ित किया जाने लगा। इसी बीच विवाहिता गर्भवती हो गई। गर्भवती होने के बाद ससुराल वालों ने वर्ष 2020 में मारपीट कर घर से निकाल दिया। प्रसव होनें के बाद विवाहिता ने समझौता का कई बार प्रयास किया। मामले को लेकर कई बार समझौता का प्रयास किया गया। समझौता नहीं होनें पर विवाहिता ने महिला थाना में एफआईआर दर्ज कराई है।

पूर्व के मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

गड़हनी। स्थानीय शाहपुर थाना पुलिस ने सोमवार को नगर क्षेत्र से पूर्व के मारपीट मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष कुमार रजनीकांत ने बताया कि शाहपुर नगर क्षेत्र के रहने वाले नागेश्वर पंडित और पंकज पंडित को पूर्व के मारपीट मामले में गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

पत्नी को लाने ससुराल गए युवक को ससुर और उनके पुत्रों ने पीटा

बक्सर। शहर के सोहनीपट्टी मोहल्ले में पत्नी को लिवाने पहुंचे युवक और उसके भाई को ससुर और उनके पुत्रों ने जमकर पीट दिया। जख्मी युवकों का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। एफआईआर टाउन थाना में दर्ज कराई गई है। पुलिस ने युवक के ससुर और उनके एक पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के इटाढ़ी रेलवे क्रासिंग के समीप 11 नंबर लख के समीप रहने वाले छठु लाल के पुत्र लक्ष्मण गुप्ता की शादी सोहनीपट्टी के राजाबाबू साह की पुत्री के साथ हुई थी। लक्ष्मण की पत्नी मायके गई थी। रविवार को लक्ष्मण के साले चंदन गुप्ता ने फोन कर सोहनीपट्टी बुलाया और कहा कि आप अपनी पत्नी को लिवा जाइये। फोन आने के बाद लक्ष्मण अपने भाई पवन गुप्ता के साथ सोहनीपट्टी पहुंच गया। दोनों भाई के सोहनीपट्टी पहुंचते ही उसके ससुर राजा बाबू साह, चंदन गुप्ता और गोलु गुप्ता ने मारपीट की। ससुराल वालों ने दोनों भाईयों को लाठी-डंडे और धारदार हथियार से मारकर जख्मी कर दिया। स्थानीय लोगों के मदद से दोनों को बचाया गया। दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

1590 बोतल शराब के साथ तीन गिरफ्तार

बक्सर। उत्पाद पुलिस ने सोमवार को वीर कुंवर सिंह पुल स्थित चेकपोस्ट से 1590 टेट्रा पैक शराब के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। उत्पाद पुलिस ने गिरफ्तार शराब तस्करों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया।प्रभारी उत्पाद अधीक्षक आलोक रंजन चौधरी ने बताया कि सोमवार को जांच के दौरान ऑटो से शराब लेकर जा रहे सीतामढ़ी जिला के कौड़िया गांव के जमीर शाह को 1156 टेट्रा पैक और यूपी के उजियार गांव के मो हलीम और अफताब को जुगाड़ गाड़ी से 434 टेट्रा पैक शराब ले जाते हुए पकड़ा गया। तीनों को जेल भेज दिया गया।

टाउन थाने की बिजली 8 घंटे से गुल

बक्सर। सोमवार को टाउन थाने की बिजली 8 घंटे से गुल रही। पुलिस कर्मियों ने बताया कि दोपहर 2 बजे से हीं बिजली गुल रही। जिसके कारण से देर रात तक थाना परिसर में अंधेरा पसरा रहा। थाने के पुलिसकर्मियों ने बताया कि दिन में तो किसी तरह काम चला लेकिन रात के समय में काफी परेशानी हुई। अंधेरे में ही किसी तरह काम निपटाना पड़ी। वहीं गर्मी में परेशानी का सामना भी करना पड़ा।

अंडर 19 खेलकूद प्रतियोगिता के लिए टीम दरभंगा के लिए रवाना

बक्सर। सोमवार को राज्य स्तरीय विद्यालय कबड्डी अंडर 19 (बालिका) खेलकूद प्रतियोगिता की टीम दरभंगा के लिए रवाना हो गई। इस दौरान पोशाक देकर रवाना किया गया। जिलें के चयनित खिलाड़ी अंडर 19 रितु कुमारी, रौशनी कुमारी, प्रियांशु कुमारी, खुशबू कुमारी, सलोनी कुमारी, ज्योति कुमारी, शिवानी कुमारी, सीमा कुमारी, श्रुति कुमारी, निक्की कुमारी, गोल्डी कुमारी, प्रतिमा कुमारी समेत टीम प्रबंधक के रूप में कोमल कुमारी एवं टीम प्रभारी के रूप में आलोक कुमार भी शामिल रहे। नोडल पदाधिकारी उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा ने बताया कि खेल विभाग बिहार पटना एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना के खेल कार्यक्रम 2024-25 के निर्देशन में दरभंगा में राज्य स्तरीय विद्यालय कबड्डी अंडर 19 (बालिका) खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 10 सितंबर से 15 सितंबर तक आयोजित किया गया है।

नकल से रोका तो महिला प्रोफेसर को लड़कियों ने पीटा

कॉलेज से बैन होने पर हंगामा, गेट तोड़कर अंदर घुसे, प्रश्नपत्र छीने

निज संवाददाता। आरा

आरा के वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में बुधवार को पोस्ट ग्रेजुएशन की परीक्षा के दौरान स्टूडेंट्स गेट तोड़कर अंदर घुस गए। यूनिवर्सिटी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। परीक्षा हॉल में कॉपियां भी छीनने की कोशिश की गई। सभी स्टूडेंट्स महाराजा कॉलेज के बताए जा रहे हैं। मंगलवार को परीक्षा में नकल से रोकने पर लड़कियों ने महिला असिस्टेंट प्रोफेसर की पिटाई कर दी। 3 छात्राओं ने मिलकर महिला प्रोफेसर डॉ. शुचि स्नेहा को लात और सैंडल से पीटा। इसके बाद सीढ़ी से धक्का दिया। उन्हें आंख, पीठ, हाथ और गर्दन पर चोट लगी है। तीनों लड़कियों को निष्कासित कर दिया गया है। तीनों तीन साल तक एग्जाम नहीं दे पाएंगी। ये तीनों लड़कियां भी कॉलेज के बाहर अपने साथियों के साथ नारेबाजी कर रही हैं। कॉलेज से बैन हुई छात्राओं का कहना है कि 'सोमवार को हॉल में बैठे छात्रों द्वारा कमेंट और छेड़छाड़ की जा रही थी। जब हम लोगों ने इसका विरोध किया तो वो सभी छात्र जाकर प्रिंसिपल से शिकायत कर दी। इसके बाद मैम ने हम लोगों का मोबाइल छीन लिया और छात्रों के मोबाइल को छोड़ दिया। लड़के भोजपुरी गाने बजा रहे थे। हमारी शिकायत

पर उन लोगों ने कोई एक्शन नहीं लिया गया। जब हम लोगों ने कहा कि मोबाइल सभी परीक्षार्थियों का लीजिए तो मैम ने मेरा हाथ मरोड़ दिया और पिटाई की। उसी दौरान हम तीनों की पिटाई कर दी गई। मैम को हम लोगों ने नहीं मारा है। मैम खुद ही भीड़ के कारण सीढ़ी से लड़खड़ाकर गिर गईं।' इस पूरे मामले की पड़ताल के लिए भास्कर की टीम वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय पहुंची। हमने यहां महिला प्रोफेसर के साथ मारपीट वाले दिन ड्यूटी कर रहे साथियों से बात की। हमने महिला प्रोफेसर से भी बात करने की कोशिश की, लेकिन वो मारपीट के बाद से छुट्टी पर हैं। उन्होंने बताया कि वो बात करने की हालत में नहीं हैं।

सबसे पहले महिला प्रोफेसर का पुलिस को दिया आवेदनः महिला प्रोफेसर डॉ. शुचि स्नेहा ने पुलिस को दिए अपने आवेदन में बताया कि 'सोमवार को सुबह 10 बजे पोस्ट ग्रेजुएशन की परीक्षा चल रही थी। हॉल में एक छात्रा मोबाइल से नकल कर रही थी। मैंने उससे कहा कि आप ऐसे खुलेआम नकल नहीं कर सकती। इस पर छात्रा ने हंगामा शुरू कर दिया। गाली-गलौज करते हुए मेरे पास आई और हाथापाई शुरू कर दी। जब हमने विरोध किया तो तीनों छात्राएं मेरे साथ मारपीट करने लगीं। मुझे सीढ़ी से धक्का दे दिया।' महिला प्रोफेसर ने बताया कि 'दूसरे कमरे में तैनात शिक्षक और छात्रों ने बीच-बचाव कर मुझे बचा लिया। इस बीच एक छात्रा वीडियो बना रही थी, नकल कर रही छात्रा और उसके साथ 2 लड़कियों ने उसका मोबाइल तोड़ दिया। मारपीट करने वाली छात्राएं जैन कॉलेज की थीं। जिनका एग्जाम सेंटर महाराजा कॉलेज में पड़ा था।'

सोमवार से शुरू हुई परीक्षाः वहीं, प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर आलोक रंजन ने पुलिस को 112 नंबर पर फोन किया। मौके पर पहुंची पुलिस को आवेदन सौंपा। मारपीट करने वाली छात्राओं का मोबाइल भी महिला प्रोफेसर के पास था, जिसे प्राचार्य ने पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

हॉल में दो महिला और दो पुरुष शिक्षकों को रखा जाएगाः कुलसचिव डॉक्टर रणविजय कुमार ने कहा कि 'विश्वविद्यालय प्रशासन मारपीट के मामले पर गंभीर है। तत्काल परीक्षा से छात्राओं को वंचित कर दिया गया है। साथ ही अगले तीन साल तक परीक्षा में ये छात्राएं शामिल नहीं होंगी। आगामी परीक्षा को लेकर विश्वविद्यालय ने केंद्रों को निर्देश दिया है कि हर हॉल में दो महिला और दो पुरुष वीक्षकों को रखा जाए।'

पुल निर्माण निगम द्वारा संचालित योजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

निज संवाददाता। बक्सर

पुल निर्माण निगम द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा एवं पूर्व में किए गए निरीक्षण के अनुपालन की समीक्षा डीएम ने बैठक की। जिलें में बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा क्रियान्वित बक्सर बरूणा आरओबी एवं चौसा गहमर रेलवे स्टेशन के मध्य निर्माणाधीन आरओबी के पहुँच पथ के निर्माण कार्य की समीक्षा एवं पूर्व में संबंधित आरओबी के स्थल निरीक्षण के क्रम में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की विस्तार से समीक्षा किया गया। इटाढी गुमटी एवं चौसा गहमर के मध्य रेलवे क्रासिंग पर जाम की समस्या के निराकरण हेतु दोनों ओवर ब्रिज के पहुँच पथ को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करने हेतु वरीय परियोजना अभियंता एवं अन्य अभियंताओं को निर्देश दिया गया। संबंधित पहुँच पथ के निर्माण योजना अंतर्गत रैयतों से अर्जित की गई भूमि का नियमानुसार शीध्र भुगतान करने हेतु जिला भू अर्जन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। पुल निर्माण निगम के संबंधित अभियंताओं को दोनों ओवर ब्रिज के पहुँच पथ हेतु निर्माण कार्य दिसम्बर 2024 तक पूर्ण करने हेतु कार्य योजना तैयार कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही एसडीओ को संबंधित पहुँच पथ से अतिक्रमण हटाने हेतु निर्देशित किया गया।

सरकारी कर्मचारी को दिखाया कट्टा,जान से मारने की दी धमकी, जमीन मापी कराने गया था पीड़ित

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर से एक वीडियो सामने आया है, जहां एक युवक हाथ में कट्टा लेकर सरकारी कर्मचारी को धमका रहा है। सफेद गंजी, कंधे पर लाल गमछा और ब्लू रंग की लूंगी पहने युवक हाथ में कट्टा लेकर सरेआम सरकारी कर्मचारी को जान से मारने की धमकी दे रहा है। युवक को न तो पुलिस का डर है और न ही लॉ एंड ऑर्डर की फिक्र है। युवक अपनी दबंगई को खुलेआम पेश कर लॉ एंड ऑर्डर की धज्जियां उड़ा रहा है। वहीं, वीडियो जमीनी विवाद को लेकर बताया जा रहा है।

धमकी देते हुए दिखाया पिस्टलः घटना आरा के मुफस्सिल थाने के अलीपुर गांव का बताया जा रहा है, जहां रविवार को अलीपुर गांव स्थित जमीन के एक टुकड़े को लेकर विवाद शुरू हो गया। इसके बाद गांव के ही कुछ नामजदों ने जमीन के मालिक को कट्टा दिखाते हुए धमकाया और फिर लाठी डंडे से पिटाई की। इसमें जमीन के मालिक और उनके भाई घायल हो गए। इस दौरान पीड़ित पक्ष ने बदमाश के कट्टा लहराते और धमकी देते हुए का वीडियो बना लिया। घटना को लेकर मुफस्सिल थाना में पीड़िता द्वारा एक आवेदन भी दिया गया है। जिसमें बताया गया है कि 5 महीने पहले मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अलीपुर निवासी सरकारी कर्मचारी शिवानंद कुमार सिंह ने अलीपुर गांव में ही कुछ जमीन खरीदी थी। इसके बाद वो रविवार को अपने जमीन की नापी कराकर वापस

आरा स्थित अपने घर लौट रहे थे। तभी रास्ते में अलीपुर निवासी संजय कुमार सिंह और विमलेश कुमार सिंह ने अपने साथियों के साथ मिलकर उन्हें और उनके बड़े भाई को जमीन उनका न होने का हवाला देते हुए लाठी डंडे से पिटाई की। फिर कट्टा दिखा गोली मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़ित सरकारी कर्मचारी ने आरोपियों के खिलाफ मुफस्सिल थाने में नामजद केस दर्ज कराया है। इसके बाद मुफस्सिल थाने की पुलिस वीडियो के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

पशुपालन विभाग का सरकारी कर्मचारी है पीड़ितः बता दें कि पीड़ित व्यक्ति पशुपालन विभाग का सरकारी कर्मचारी है। जो भोजपुर के गड़हनी प्रखंड में कार्यरत है। उन्होंने बताया कि जमीन मालिक अनु कुमारी पति प्रकाश कुमार से बातचित पक्का करने के बाद 5 माह पहले ब्याना के रूप में कुल कीमत का आधा पैसा चुकता कर दिया था। बाकी पैसा देने के बाद रजिस्ट्री करने

♦ नहीं होने का हवाला देकर पहले मारा-पीटा, फिर पिस्टल दिखाया

की बात बनी। इसके बाद करीब 9 बजे सुबह नापी करने के बाद लौटते समय बिमलेश कुमार सिंह, मनीष कुमार, सोनू कुमार द्वारा गाली-गलौज करते हुए लाठी भाला फरसा लेकर आए। हमलोग ने गाली देने से मना किया। बिमलेश कुमार सिंह ललकारे की मारो, इतने पर मनीष कुमार और सोनू कुमार लाठी और फरसा से मारने लगा। इससे सरकारी कर्मचारी के कमर पर अंदरुनी चोट का हवाला दिया है।

सोची समझी साजिश के तहत किया हमलाः इसके बाद बिमलेश कुमार सिंह ने फोन करके अपने बड़े भाई संजय कुमार सिंह से ही एक सोची समझी साजिश के तहत वे हथियार से लैस होकर तैयारी में था। 2 मिनट के अन्दर ही हम और मेरे चचेरे भाई महाराणा प्रताप सिंह भागने के सोच ही रहे थे। तभी नामजद चारो अभियुक्त जानलेवा हमला किए। वहीं, पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि चारों नामजदों ने लाठी से मारकर गले का चैन (सिकड़ी) डेढ़ भर की जिसकी कीमत 90 हजार रुपए है। वो छीन लिया गया है। इसके बाद हो हल्ला सुनकर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। तब अभियुक्त भागे, जाते समय मनीष कुमार भाला दिखाते हुए कहा कि जमीन का ख्वाब छोड़ दो वरना मार के इसी जमीन में गाड़ देगें।

अलग-अलग सड़क हादसे में 3 जख्मी, भोजपुर में अनियंत्रित बस ने मारी टक्कर, सवारी से भरी ऑटो पलटी

निज संवाददाता। आरा

बिहटा स्टेट हाईवे पर सोमवार को अनियंत्रित बस ने बाइक सवार दो दोस्तों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। परिजन द्वारा जख्मियों को इलाज के लिए आरा अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। घटना में घायल ज़ख्मियों की पहचान कारनामेपुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी लक्ष्मण पाल का 32 वर्षीय पुत्र राज कुमार पाल एवं उसी गांव के निवासी 36 वर्षीय मनोज कुमार यादव के रूप में हुई है।

टक्कर में दोनों युवक जख्मीः घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि दोनों युवक बाइक से जगदीशपुर नयका टोला किसी काम से जा रहे

थे। धर्म कांटा के समीप अनियंत्रित बस ने दोनों को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल रह गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत को चिंताजनक देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया।

सवारी से भरी ऑटो पलटी, डिलीवरी बॉय जख्मीः मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शुक्लपुर गांव के समीप का नियंत्रित होकर सवारी से भरी ऑटो पलट गई। हादसे में ऑटो पर सवार एक डिलीवरी बॉय गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इलाज के लिए परिजन ने आरा सदर अस्पताल लाया। जख्मी युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव निवासी छतबली पासवान का 42 वर्षीय पुत्र धनंजय पासवान है।

बाएं पैर में काफी गंभीर चोटः जख्मी युवक आरा शहर में किराए का मकान में रहकर डिलीवरी बॉय का काम करता है। जख्मी युवक के परिजन ने बताया कि वह ऑटो से दरियापुर राशन लाने के लिए जा रहे था। इसी बीच शुकुलपुरा गांव के समीप अचानक उनके ऑटो के सामने बकरी आ गई। जिसे बचाने के दौरान ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई।हादसे में जख्मी युवक के बाएं पैर में काफी गंभीर चोट आई है।

भोजपुर में नदी में डूबने से युवक की मौत

निज संवाददाता। आरा

शाहपुर थाना क्षेत्र में बीमारी गांव स्थित ब्रह्मस्थान के समीप सोमवार को चारा लाने गए युवक की धर्मावती नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के बीमारी गांव वार्ड नंबर चार निवासी रमेश गोड़ का 22 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार, पेशे से किसान था। परिजनों ने मौत की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। घटना की पूरी जानकारी मृतक के पिता द्वारा दी गई है।

गमछा देखकर शव का पता लगाः मृतक के पिता ने घटना को लेकर बताया कि वह गांव के कुछ लड़कों के साथ मवेशी के लिए घास लाने धर्मावती नदी के किनारे गया था। अन्य लड़के घास लेने के बाद वापस घर आ गए लेकिन वो नहीं आया। जिसके बाद खोजबीन करना शुरू किया गया। मृतक को खोजने के लिए परिजन नदी के किनारे गए। नदी के पास देखा गया कि मृतक का गमछा वहां पर है और वो नदी में पड़ा हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से उसके शव को बाहर निकाल गया। परिजन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई में बड़ा था। उसके परिवार में मां बबीता देवी व दो भाई अमन कुमार एवं विशाल कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटना के बाद मृतक की मां बबीता देवी एवं परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बक्सर में धारदार हथियार से वृद्ध की हत्या

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के पांडेय पट्टी में घर में अकेली रह रही वृद्ध की हत्या कर दी गई है। इसकी सूचना पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई। माना जा रहा है की घर में लूट की नीयत से वृद्ध महिला की हत्या हुई है। क्योंकि घर के अंदर का सामान बिखरा हुआ था। साथ ही महिला का कान नाक पर गहने नोचने के साथ गर्दन पर भी धारदार हथियार के निशान थे। पुलिस द्वारा आसपास के सीसीटीवी खंगालने पर बहुत कुछ स्पष्ट हुआ है। वृद्ध के घर में मुंह बांध कर 2 लोग आते जाते दिखाई दिए। इसके आधार पर पुलिस ने 2 अज्ञात लोगों पर एफआइआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पांडेय पट्टी गांव में स्वर्गीय रामदयाल शर्मा की पत्नी कमलावती देवी(65) अपने घर में मृत पाई गई थी। उनके घर में केवल किरायेदार रहते हैं। अपने बच्चों और पत्नी के साथ दानापुर में निवास करने वाले उनके बेटे ज्योति कुमार ने बताया कि उनकी मां की मौत की सूचना उन्हें मिली। इसके बाद वह घर पर पहुंचे थे। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी कि उनकी मां की हत्या कर दी गई है। सूचना पर पुलिस भी पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। इस संबंध में मुफस्सिल थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार द्वारा बताया गया कि पोस्टमॉर्टम के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। गली का सीसीटीवी खंगालने पर 2 संदिग्ध लोगों को घर में आते जाते दिखाई दिया है। इनकी पुलिस पहचाना करने में जुटी है। 2 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घर में लूट की नीयत से घुसे अपराधियों द्वारा वृद्ध के विरोध में हत्या करने जैसा मामला प्रतीत हो रहा है।

10 से 21 सितंबर तक रोजगार का अवसर, प्रखण्डवार भर्ती कैंप का आयोजन, जिला नियोजन पदाधिकारी ने दी जानकारी

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर जिला में आज से लेकर 21 सितंबर तक प्रखण्डवार सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर भर्ती कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला नियोजन पदाधिकारी अनीश तिवारी द्वारा कैंप की जानकारी दी गई है। प्रखण्डवार भर्ती कैंप का आयोजन विभिन्न तिथियों पर होगी। कैंप लगाने के लिए रोजगार देने वाली कंपनी को संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी से अनुमति लेना होगा। उक्त शिविर में आवेदकों का चयन एसआईएस इंडिया लिमिटेड (SIS India Limited) के माप दण्ड के अनुसार की जाएगी।

किन प्रखंडों में कब लगेगा कैंपः प्रखण्डवार सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर भर्ती कैम्प की तिथि

और जगह को लेकर बताया गया है कि 10 सितंबर यानी आज राजपुर प्रखंड परिसर में कैंप का आयोजन होगा। 11 सितंबर को चौसा प्रखंड परिसर, इटाढी प्रखंड परिसर में 12 सितंबर को ,13 सितंबर को संयुक्त श्रम भवन और आईटीआई परिसर में, 14 सितंबर को डुमरांव प्रखंड परिसर में, नावानगर प्रखंड परिसर में 17 सितंबर, 18 सितंबर को ब्रह्मपुर प्रखंड परिसर में, 19 सितंबर को केसठ प्रखंड में, 20 सितंबर को चौगाई प्रखंड परिसर में और 21सितंबर को सिमरी प्रखंड परिसर में निर्धारित किया गया है।

चयनित अभ्यर्थियों को मिलेगी 1 महीने की ट्रेनिंगः बताया गया कि जिस प्रखंड में कैंप का आयोजन किया गया है। सिक्योरिटी गार्ड कंपनी को संबंधित प्रखंड के बीडीओ से अनुमति प्राप्त करना होगा। आवेदकों का चयन एसआईएस इंडिया लिमिटेड (SIS) के मापदण्डों के अनुसार की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को एक माह का आवासीय प्रशिक्षण और प्रशिक्षण किट दी मिलेगी। प्रशिक्षण किट शुल्क अभ्यर्थियों को देना होगा। जिला नियोजनालय, निजी नियोजकों एवं अभ्यर्थियों के बीच मात्र समन्वय एवं सहयोग की भूमिका निर्वहन करती है।

संक्षिप्त समाचार

नगर आयुक्त ने मेयर व प्रभारी संग की बैठक

भागलपुर। नगर आयुक्त डॉ. प्रीति ने सोमवार को मेयर डॉ. बसुंधरा लाल व सभी शाखा प्रभारी के साथ बैठक की है। मेयर के चेंबर में नगर आयुक्त ने आधे घंटे से अधिक देर चली बैठक में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक से लेकर शहर के विकास के मुद्दे पर चर्चा की। मेयर ने कहा कि नगर आयुक्त के साथ सफाई व्यवस्था, डोर टू डोर कचरा उठाव के साथ, सड़क और गलियों की बेहतर सफाई पर बात हुई। वहीं, चौराहों के सौंदर्यीकरण के साथ विभिन्न वार्डों में खाली पड़े जगहों पर पार्कों के निर्माण व कम्यूनिटी हॉल बनाने को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। नगर आयुक्त ने सोमवार को सभी शाखा प्रभारी के साथ भी बैठक कर उनके विभागों से जुड़े काम की जानकारी ली। मेयर डॉ. बसुंधरा लाल ने स्थायी समिति की बैठक करने को लेकर नगर आयुक्त डॉ. प्रीति को पत्र लिखा है। उन्होंने लिखे पत्र में बताया है कि आगमी 18 सितंबर को बैठक करने का निर्णय लिया गया है। अपरिहार्य कारणों से बीते 21 अगस्त को होने वाली बैठक को रद्द करना पड़ा था। लेकिन शहर के विकास को देखते हुए नीति निर्धारण के लिए स्थायी समिति की बैठक करना जरुरी है।

खुदकुशी के मामले में यूडी केस दर्ज

भागलपुर। ई-रिक्शा चालक की खुदकुशी के मामले में यूडी धारा में केस दर्ज किया गया है। तातारपुर पुलिस ने मृतक चालक दीपक कुमार के छोटे भाई सूरज के बयान पर सोमवार को केस दर्ज की है। बता दें कि बीते रविवार की शाम को दीपक ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली थी। परिजनों ने बताया था कि दीपक बीते कुछ दिनों से अवसाद में चल रहा था। वह एक निजी क्लिनिक में नशे की लत को छुड़ाने के लिए इलाज करवा रहा था।

एक केस के दो अभियुक्तों की अलग-अलग चार्जशीट दाखिल

भागलपुर। इशाकचक में 25 दिसंबर 2007 को मोहम्मद नौशाद के घर पर हुई बमबाजी में पुलिस की ओर से एक ही केस में दो तरह की चार्टशीट दाखिल करने का मामला सामने आया है। इसके बाद कोर्ट ने आईओ से संबंधित डॉक्यूमेंट की रिपोर्ट मांगी है। बताया गया कि मामले के एक अभियुक्त की चार्जशीट में पुलिस ने विस्फोटक अधिनियम को हटा दिया था। इस अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। लेकिन चार्जशीट के आधार पर कोर्ट से वह बरी हो गया था। जबकि इसी केस के दूसरे अभियुक्त की सुनवाई के दौरान जब बचाव पक्ष ने पूर्व में रिहा हुए अभियुक्त के आधार पर इस अभियुक्त को भी रिहा करने की अपील की तो कोर्ट ने डॉक्यूमेंट देखा। रिहाई की अपील कर रहे अभियुक्त की चार्जशीट में विस्फोटक अधिनियम का जिक्र था।

अंडरपास का काम एनओसी नहीं मिलने के कारण ठप

भागलपुर। सबौर कृषि विश्व विद्यालय के दोनों परिसरों को जोड़ने के लिए अंडरपास का निर्माण कराया जा रहा है। एनएच-80 व साहिबगंज-भागलपुर रेलखंड को नीचे से नए रास्ते को बनाया जा रहा है। जिससे कृषि विवि के दोनों परिसर आपस में जुड़ जाएंगे। अभी दोनों परिसरों में आने-जाने के लिए रेलवे क्रासिंग व हाईवे को पार करना होता है। पुल निर्माण निगम व रेलवे में सही से तालमेल नहीं होने के कारण अंडग्राउंड रास्ते का काम बीच में ही बंद हो गया है। निर्माण स्थल पर पानी भरा हुआ है। बीएयू के अंडरग्राउंड रास्ते का काम रेलवे की एनओसी के कारण बीच में अटक गया है। हालांकि अधिकारी पानी जमा होने के कारण काम बंद होने की बात कह रहे हैं। लेकिन जहां पानी नहीं है वहां क्यों नहीं काम किया जा रहा है इसपर कुछ नहीं बोल रहे हैं।

विवि की गलती से छात्रों पर बढ़ रहा आर्थिक बोझ

मुंगेर। विश्वविद्यालय छात्र राजद राजभवन से मुंगेर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक की शिकायत करेगा। विश्वविद्यालय छात्र राजद अध्यक्ष श्रवण कुमार ने कहा कि परीक्षा विभाग छात्र-छात्राओं के लिए परेशानियों का सबब बन गया है। सूचनाओं की अशुद्धियों के अलावे प्रश्न पत्र की गलत छपाई से स्नातक के परीक्षार्थियों को मानसिक परेशानी के दौर से गुजरना पड़ा है। केवल अंग्रेजी में प्रश्न पूछे जाने से कतिपय परीक्षार्थियों ने कॉपी में केवल प्रश्न पत्र उतार दिया। अब परीक्षा विभाग ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए परीक्षा को रद्द कर दिया है। इतना ही नहीं परीक्षा नियंत्रक ने रामधनी भगत कॉलेज संग्रामपुर परीक्षा केन्द्र पर क्षमता से अधिक परीक्षार्थियों की परीक्षा लेकर इसका मखौल बना दिया है। उनके इस गलत एवं लापरवाह रवैये से विश्वविद्यालय के साथ-साथ विद्यार्थियों को भी आर्थिक बोझ सहना पड़ेगा। परीक्षा विभाग की गलतियों से राजभवन को रूबरू कराया जाएगा।

अनुमंडल अस्पताल तारापुर में एसएनसीयू होगा शुरू

मुंगेर। मुंगेर सदर अस्पताल के विशेष नवजात देखभाल इकाई (एसएनसीयू) के तर्ज पर तारापुर अनुमंडल अस्पताल में भी अब प्रसुताओं और नवजात बच्चों के लिये बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने को लेकर मैटरनिटी एंड नियोनेटल केयर यूनिट (एमएनसीयू) आरंभ किया जा रहा है। जिसके समुचित संचालन के लिये जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा सदर अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में नियुक्त चिकित्सक डॉ. रफिक रजा की प्रतिनियुक्ति तारापुर अनुमंडल अस्पताल में किया गया है। सिविल सर्जन डॉ विनोद कुमार सिन्हा ने बताया कि तारापुर अनुमंडल अस्पताल है, जहां सिजेरियन प्रसव की व्यवस्था है। ऐसे में प्रसव के बाद नवजात शिशुओं के इलाज के लिये वहां एक भी शिशु विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं थे। जिसे लेकर वहां डॉ. रफिक रजा को प्रतिनियुक्त किया गया है। वे सिजेरियन प्रसव या सामान्य प्रसव के बाद नवजात शिशुओं को होने वाली परेशानियों का इलाज करेंगे। वर्तमान में एनएमसीयू के लिये तारापुर अनुमंडल अस्पताल में कुल 15 बेड की व्यवस्था की गयी है। विभाग को रेडिएंट वॉर्मर तथा फोटोथैरेपी के लिये विभाग को जानकारी दी गयी है। विभाग से दोनों उपकरण मिलने के बाद वहां इंस्टॉल किया जायेगा। जिसका लाभ अनुमंडल क्षेत्र के नवजात शिशुओं को मिल पाएगा।

नवोदय की प्रवेश परीक्षा की तैयारी के छात्र-छात्राओं को दिये टिप्स

हवेली खड़गपुर। जवाहर नवोदय विद्यालय रमनकाबाद की ओर से सोमवार को गति निर्धारक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रखंड के मध्य विद्यालय मधुवन दरियापुर टू के छात्र-छात्राओं को जेएनवी के कक्षा 6 में प्रवेश के लिए आयोजित आगामी चयन परीक्षा के स्वरूप और प्रश्न पत्र की प्रकृति से परिचित कराया गया। इसके अंतर्गत जेएनवी के वरिष्ठ शिक्षक केसी कुमार ने छात्र-छात्राओं को बताया कि परीक्षा में कुल 100 अंकों के 80 प्रश्न पूछे जाते हैं। प्रत्येक प्रश्न का मान 1.25 होता है। प्रश्न पत्र में भाषा के 20, गणित के 20 और मानसिक योग्यता आधारित 40 प्रश्न शामिल होते हैं। शिक्षक एसके नीरज और राजीव कुमार ने छात्र-छात्राओं को परीक्षा की तैयारी का सही तरीका विस्तारपूर्वक बताया। जेएनवी के प्राचार्य अरुण कुमार ने अन्य विद्यालयों में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने पर जोर दिया। इस मौके पर मध्य विद्यालय मधुवन दरियापुर टू के प्रभारी प्रधानाध्यापक चाणक्य चरण और वरीय शिक्षक चुनचुन कुमार तथा नवोदयकर्मी अमरेश कुमार ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग किया।

दो समुदाय में जमकर मारपीट, 8 घायल छेड़खानी और नशे में हंगामा का आरोप

निज संवाददाता। भागलपुर

सुलतानगंज के नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड-7 स्थित मिर्जागांव में देर रात मामूली विवाद को लेकर दो समुदाय के बीच जमकर में मारपीट हो गई। बचाव करने गए लोगों में से दोनों समुदाय के 8 लोग घायल हो गए हैं। सभी घायलों को मायागंज रेफरल अस्पताल भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना के बाद पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस सूझबूझ से इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सफल हुई। दोनों पक्षों ने छेड़खानी व दुर्व्यवहार करने का विरोध करने पर मारपीट कर घायल और नशे की हालत में दो युवक रास्ते पर हंगामा करने का एक दूसरे पर आरोप लगाया है।

दोनों पक्षों ने लगाया एक दूसरे पर आरोप: मामले को लेकर एक पक्ष से घायल सचिन और राजेश ने बताया कि कुछ लोग शराब पीकर उनके घर के समीप हल्ला-हंगामा कर रहे थे। हंगामा करने के लिए मना करने को पर विवाद बढ़ गया। दूसरे पक्ष से फरमान खातुन का कहना है कि उनके घर के सामने अपशब्द बोलने पर मना करने पर उन पर हमला किया गया। दोनों समुदाय में मारपीट की शुरुआत दो युवक आपसी लड़ाई से हुई थी। लड़ाई के बीच-बचाव करने गए स्थानीय लोगों पर शरारती तत्व लाठी भांजने लगे। इस दौरान रोड़ेबाजी भी हुई। विवाद इतना गहरा हो गया कि दोनों पक्ष के लोग एक-दूसरे पर लाठी-डंडे और लोहे के रॉड से वार करना शुरू कर दिया।

8 घायलों में से 6 को मायागंज अस्पताल रेफर: मारपीट की इस घटना में घायल हुए एक पक्ष से विमल तांती, सचिन कुमार, चित्रा देवी, राजेश कुमार व दूसरे पक्ष से मो. सोनू व रवीना खातून को प्राथमिक उपचार कर मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया है। अन्य घायल रोशन कुमार व सो पिंकी खातून का इलाज रेफरल अस्पताल में कराया जा रहा है। अस्पताल कर्मी के अनुसार रेफर किए गए घायल विमल तांती के साथ आए परिजन अपने साथ लेकर चले गए हैं। अन्य पांच घायलों को एम्बुलेंस से मायागंज अस्पताल भेजा गया है।

तेज रफ्तार हाइवा ने मासूम को रौंदा, मौत

मुंगेर में सड़क पार करने के दौरान हुआ हादसा, आक्रोशित लोगों ने NH-333 को किया जाम

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में मंगलवार की सुबह एक तेज रफ्तार हाइवा ने एक सात साल के मासूम को रौंद दिया। जिससे उसकी मौत हो गई, घटना खड़गपुर बरियारपुर एनएच 333 मुख्य मार्ग के बनारसी बासा मुसहरी की है। मृतक की पहचान उक्त गांव निवासी सुबोध मांझी के बेटे भागवत कुमार(7) के रूप में हुई है। घटना के बाद आक्रोशित परिजन और स्थानीय लोगों ने की एक घंटे तक सड़क जाम कर दिया। सुचना पर पहुंची पुलिस ने पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। वहीं शव को पोस्टमॉटम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा है। बताया जा रहा है कि भागवत सड़क पार कर रहा था तभी हाइवा ने उसे रौंद दिया। घटना के बाद प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि अमित कुमार उर्फ बबलू सिंह पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देते हुए सरकार से मिलने वाली मुआवजा की मांग की है। बता दें कि इस मार्ग पर बीते तीन दिनों में यह दूसरी घटना है जिसमें दो लोगों की मौत हुई है।

घटना के बाद चालक फरार: घटना को लेकर शामपुर थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि आरोपी वाहन चालक वाहन को लेकर भागने में सफल रहा। वाहन की पहचान की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल मुंगेर भेज दिया गया है आगे की करवाई जारी है।

नहाने के दौरान 2 सहेलियों पोखर में डूबीं

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में कर्मा-धर्मा पर्व को लेकर पोखर में नहाने गई दो सहेली डूब गई। घटना में एक की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी को किसी तरह बचा लिया गया और उसे गंभीर स्थिति में भर्ती कराया। घटना धरहरा थाना क्षेत्र के अमारी गांव की है। मृतक की पहचान अमारी गांव निवासी विजय कुमार गुप्ता की 14 वर्षीय बेटी ईशा कुमारी के रूप में हुई है। 15 वर्षीय विधा भारती को बचाया गया है। घटना के बाद मृतक सहेलियों के परिजनों घर कोहराम मचा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। परिजनों ने बताया कि कर्मा पूजा पर ईशा अपनी सहेलियों के साथ गांव से डेढ़ किलोमीटर दूर डंगरी आहार में नहाने गई थी। सहेलियों के साथ स्नान कर रही थी। तभी ईशा डूबने लगी जिसे बचाने के लिए सहेली विद्या गई वो भी डूबने लगी। दोनों को डूबता देख अन्य सहेलियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया जिसके बाद आस पास ग्रामीणों ने डूब रही दोनों बच्चियों को निकाला।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/13/2024-25, दिनांक–10.09.2024

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

क्र० सं०	प्रखण्ड का नाम	योजना का नाम	प्रशासनिक स्वी0 की राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	मेराल	गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल प्रखण्ड के ग्राम हसनदाग में मेराल पथ से चारमुहान हरिजन टोला मध्य विधालय होते हुए चरक पथली लगमा जरही पथ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य	43,20,700.00	86,500.00	5000.00	02 Months

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 12.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय दिनांक–12.09.2024 से दिनांक–20.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–23.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्र.सं.–02, गढ़वा

PR 335278 Rural Development(24-25)#D

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची।

आवश्यक सूचना

इस कार्यालय द्वारा Garhwa (Municipal area remaining uncovered) Urban Water Supply Scheme के PFR/DPR के निर्माण हेतु परामर्शी चयन से संबंधित RFP No. 10/CDO/Ranchi/UWSS/2023-24 की सूचना, जिसका PR No.-322533, 322817 & 323092 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D है, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह०/–
कार्यपालक अभियन्ता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
राँची पश्चिम, राँची।

PR 335244 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।

अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

1. ई0–निविदा संख्या–EE/RDSD/PALAMAU-12/2024-25

Sl. No.	Name of Work	Estimated Cost	Amount of Earnest Money	Cost of Tender Paper	Time Completion of Work
1.	प्रखण्ड छतरपुर के पंचायत मुरूमदाग के ग्राम मुरूमदाग में मुरूमदाग मुख्य पथ से बढ़का बांध से राजेश ठाकुर के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	2489500.00	50000.00	5000.00	03 माह।
2.	प्रखण्ड मेदिनीनगर के ग्राम पोखराहा खुर्द आर.ई.ओ. मुख्य पथ से मेडिकल कॉलेज गेट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	1185300.00	24000.00	2500.00	02 माह।
3.	प्रखण्ड उंटारी रोड के पंचायत लहरबंजारी के ग्राम सिड़हा के ग्राम सिड़हा में कोयल पुल से मुख्य पथ सिड़हा तक पथ निर्माण।	4996600.00	100000.00	5000.00	04 माह।

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **12.09.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक **12.09.2024** से दिनांक **20.09.2024** को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **23.09.2024** अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
पलामू।

PR 335215 (District) 24-25 (D)

Office of The Civil Surgeon –Cum-Chief Medical Officer, Garhwa
Email ID- cs.garhwa@gmail.com,
Short e-Tender Notice
(E-Procurement Notice)

Tender No. :- CS/GRH/08/24-25 Date: 10 /09/2024

Civil Surgeon, Garhwa, Jharkhand Invites e-Tender from eligible bidders for entering into rate contract for One Dialysis unit Installation at Sadar Hospital, Garhwa(JharKhand). Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through website http://jharkhandtenders.gov.in and bid should be submitted through e-procurement systems only. Hard copies of technical bid and financial bid should be submitted to the department on and before declared due date. Tender fee & Ernest money deposit (EMD) separately to the concerned office.

Sl.No.	Particulars	Details
1	Name of the work	Rate Contract for One Dialysis unit Installation at Sadar Hospital, Garhwa(JharKhand).
2	Date of Publication of the Tender on Website	13/09/2024
3	Pre-Bid Conference Last date of receipt of pre bid queries (if any) from intended bidders.	16.09.2024 latest by 3.00 P.M. The bidders may visit the department concerned and submit their queries / Suggestions to the Civil Surgeon Cum CMO, Garhwa for which the intended bidders want any amendment or alteration in the tender terms of specifications.
4	Date & Time Online submiss ion of BID	18.09.2024 to 03.10.2024
5	Bid submission closing date	03.10.2024 by 5.00PM
6	Bid Opening date	05/10/2024 by 03.00PM
7	Opening date online Financial proposal	After completion of Technical BID
8	Bid Document Fee (Non-refundable)	**1,000/- (One Thousand Only)** Non-Refundable should be deposited through online mode www.jharkhandtenders.gov.in before uploading the bid in the e -Procurment portal of the tender inviting authority
9	Bid Security/ Earnest Money Deposit (EMD)	Rs. 75 ,000/- (Rs. Seventy Five thousand only) should be deposited through online mode www.jharkhandtenders.gov.in before uploading the bid in the e-Procurement portal of the tender inviting authority
10	Contact No. of Procurement Cell	9934725715

Note : The specified dates and time may change due declaration of holidays or any other unforeseen circumstance. The same shall be informed through web-portal as and when required.

Civil Surgeon-Cum-
Chief Medical Officer, Garhwa.

PR 335272 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा

अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–11/2024–25

1	विभाग का नाम	:– भवन निर्माण विभाग।
2	विज्ञापन दाता का नाम	:– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
3	परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय	:– 20/09/2024 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4	मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय	:– 21/09/2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5	मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय	:– 21/09/2024 को 03:00 बजे अपराह्न से।
6	परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान	:– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में। 2. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में।
7	निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान	:– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर।
8	**कार्य का विवरण:–**	

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र की राशि	कार्य समाप्ति की अवधि
1	नगर उँटारी के विलासपुर में चेक पोस्ट निर्माण।	₹ 7,47,800/-	₹ 15,000/-	₹ 1,250/-	4 माह
2	खरौंधी में चेक पोस्ट निर्माण।	₹ 7,47,800/	₹ 15,000/	₹ 1,250/	4 माह
3	गढ़वा के फरठिया में चेक पोस्ट निर्माण।	₹ 7,47,800/	₹ 15,000/	₹ 1,250/	4 माह
4	रंका रमकण्डा पथ पर चेक पोस्ट निर्माण।	₹ 7,47,800/	₹ 15,000/	₹ 1,250/	4 माह

निविदा की शर्तें *www.jharkhand.gov.in* एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

नोट:–***Updated Character PAN, GST Return File Latest,*** पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, गढ़वा

PR 335224 Building(24-25)#D

संक्षिप्त समाचार

कभी भी हो सकता है नीतीश सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार, बोले बिहार बीजेपी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल

पटना , एजेंसी। बिहार बीजेपी के अध्यक्ष और राजस्व भूमि सुधार मंत्री दिलीप जायसवाल ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होने कहा कि बिहार मंत्रिमंडल का विस्तार कभी भी हो सकता है। सबकुछ तैयार है। किसी भी समय कैबिनेट विस्तार हो सकता है। जायसवाल ने ये बयान नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा से मुलाकात के बाद दिया। दोनों के बीच करीब आधे घंटे तक बैठक चली। जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक के बाद दिलीप जायसवाल ने कहा कि बीजेपी और जेडीयू जो गठबंधन के दल हैं। कैसे दोनों पार्टियों के कार्यकर्ता आपस में मिलकर बूथ लेवल पर संगठन को मजबूत करें। इस पर चर्चा हुई इसके अलावा हमारी पार्टी का सदस्यता अभियान भी चल रहा है। वहीं बिहार मंत्रिमंडल विस्तार के सवाल के जवाब में उन्होने कहा कि सब तैयार है किसी भी समय हो सकता है। कैबिनेट विस्तार कभी भी संभव है। वहीं जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि समन्वय और आपसी तालमेल को गठबंधन के घटक दलों के बीच कैसे मजबूत किया जाए, इसके अलावा कई मुद्दों पर बिहार बीजेपी अध्यक्ष दिलीप जायसवाल से चर्चा हुई। आपको बता दें बीते कई दिनों से मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा जोरों पर हैं। जिस पर आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने मुहर भी लगा दी है। जिसमें कई चेहरे शामिल हो सकते हैं, कई चेहरे बदले जा सकते हैं। ये विस्तार जातीय समीकरण को ध्यान में रखते हुए होगा या फिर काम के आधार पर ये देखने वाली बात होगी।

पटना में मकान और जमीन की ऑनलाइन रजिस्ट्री शुरू, अब निबंधन कार्यालय जाने की जरूरत नहीं

पटना , एजेंसी। बिहार में अब मकान और जमीन की ऑनलाइन रजिस्ट्री शुरू हो गई है. इसकी शुरुआत पटना से की गई है. जमीन और मकान की खरीद-बिक्री के लिए सोमवार से पटना के फुलवारी, बाढ़, बिक्रम, मसौढ़ी और संपतचक निबंधन कार्यालय में ऑनलाइन आवेदन लेने की शुरूआत कर दी गई है. इसके साथ ही जिला निबंधन कार्यालय अरवल, सारण जिले के सोनपुर, वैशाली जिले के पातेपुर, नवादा जिले के रजौली, मुजफ्फरपुर के कटरा, भोजपुर के पीरो में ऑनलाइन आवेदन लेने का काम भी शुरू हो गया है. बता दें कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत निबंधन विभाग पहले चरण में फतुहा, पटना सिटी, बिहटा, दानापुर निबंधन कार्यालय में ट्रायल किया था. 40 दिन बाद दूसरे चरण में 11 निबंधन कार्यालयों को ऑनलाइन किया गया है. अब आपको जमीन, मकान और फ्लैट की रजिस्ट्री का आवेदन करने के लिए निबंधन कार्यालय जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी. नए सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है जिसपर आवेदन करते ही चालान की राशि भी ऑटोमैटिक जेनरेट हो जाएगी. इस राशि को बैंक में जमा कर लोगों को अपलोड करना पड़ेगा. राशि अपलोड करने के बाद लोगों को रजिस्ट्री कराने के लिए तारीख और समय ऑनलाइन माध्यम से मिलेगी. तय समय के अनुसार कार्यालय पहुंचने वाले खरीदार और विक्रेता के आधार कार्ड और अंगूठे का निशान का मिलान कर फोटो कराया जाएगा. इसके साथ ही खरीदार और विक्रेता को सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करते ही जमीन, मकान, फ्लैट की खरीद-बिक्री का काम पूरा हो जाएगा. नए सॉफ्टवेयर पर जमीन का सर्किल दर और निबंधन कार्यालय द्वारा लिए जाने वाले शुल्क, स्टांप ड्यूटी, जमीन की खरीद-बिक्री पर रोक सहित अन्य सभी बेसिक जानकारी उपलब्ध है. जमीन, मकान, फ्लैट के क्रेता और विक्रेता को बेसिक जानकारी के साथ दस्तावेज अपलोड करते ही सॉफ्टवेयर से मॉडल डीड बनकर तैयार हो जा रहा है. अभी तक इन सभी कामों के लिए निबंधन कार्यालय जाना पड़ता था. वहां जाने के बाद दस्तावेज तैयार कर लाइन में खड़ा रहना पड़ता था.

मुख्यमंत्री नीतीश ने ताजपुर-बख्तियारपुर पुल का किया हवाई सर्वेक्षण

410 करोड़ की अन्य योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया

पटना , एजेंसी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण दौरे पर पटना जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बख्तियारपुर (करजान)-ताजपुर (समस्तीपुर) पुल और बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन पथ का हवाई सर्वेक्षण किया। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने पटना जिले में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्माण कार्य की गति बढ़ाने और परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि इस फोरलेन के शुरू होने से पटना से बख्तियारपुर होकर मोकामा, बरौनी, बेगूसराय और लखीसराय की यात्रा में सुगमता आएगी। इससे समय की बचत होगी और ईंधन की लागत भी कम होगी। बख्तियारपुर-ताजपुर पुल के निर्माण से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच एक नया संपर्क स्थापित होगा, जिससे यात्रा की दूरी 60 किलोमीटर कम हो जाएगी। साथ ही उत्तर बिहार जाने वाले वाहनों को पटना से गुजरने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

मुख्यमंत्री ने बेलछी पहुंचकर प्रखंड सह अंचल कार्यालय सह आवासीय भवन का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इसके अलावा, उन्होंने पटना जिले में 17.78 करोड़ रुपये की लागत से बनाए गए मॉडल थाना भवनों, 11 हजार 285 मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट, 122 पुस्तकालय, 21 सामुदायिक भवन, 122 पशु शेड, नौ प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों, ग्रामीण हाट और आंगनबाड़ी केंद्र भवनों का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने पटना जिले में 88.97 करोड़ रुपये की लागत से 11 मॉडल थाना भवन और 17 पुलिस भवनों का शिलान्यास भी किया। इसके साथ ही उन्होंने राजकीय अंबेडकर अनुसूचित जाति +2 आवासीय विद्यालय, 20 ग्राम संगठन भवन, 900 नए पशु शेड, 1911 सोकपिट, और 103 छत वर्षा जल संचयन संरचनाओं का शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण आवास योजना के लाभुकों को एक लाख 20 हजार रुपये का सांकेतिक चेक और जीविका समूहों को 55 करोड़ 30 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। इसके साथ ही उन्होंने धनरुआ और नौबतपुर जीविका भवन की चाबी जीविका दीदियों को सौंपी।

मुख्यमंत्री ने हाथीदह, मोकामा में एनएच-31 के फोर बाई सिक्स लेन औंटा-सिमरिया परियोजना का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य की तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बेगूसराय की ओर 10 किलोमीटर एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखा जाए, ताकि वाहनों की संख्या अधिक होने से जाम की समस्या उत्पन्न न हो।

मुख्यमंत्री ने मरांची में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन किया और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

पूर्णिया में शराब के नशे में पति ने पत्नी की पीट-पीटकर कर दी हत्या

पूर्णिया, एजेंसी। पूर्णिया में शराब के नशे में पति ने अपने पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। ईंट और बांस से तब तक उसे मारा जब तक उसने दम नहीं तोड़ दिया। मृतका की पहचान डगरूआ थाना क्षेत्र के चतरा गांव निवासी उमेश चौधरी (64) की पत्नी चंपा देवी (52) के रूप में हुई है।

बेटे संदीप चौधरी ने कहा कि सोमवार सुबह 4 बजे किसी दूसरे आदमी से मुझे जानकारी मिली। जिसके बाद हम अपने पापा को फोन किए। वो बोला हम तुम्हारी मम्मी को मार दिए हैं, लाश ले जाओ। बोला हमारी लड़ाई हुई थी। नशे में वारदात को अंजाम दिया है। मौके पर सिगरेट रखा हुआ था। खाना को लेकर हमेशा विवाद होता था। घटना सदर थाना क्षेत्र के गुंडा चौक की है।

वारदात के वक्त घर में कोई नहीं था : मृतका के 3 बेटे और 2 बेटियां है। जो वारदात के समय अपनी मां के साथ नहीं थे। जब ये लोग घर पहुंचे तो कमरे में शव को खून से लथपथ देखा। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और लाश को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतका के शरीर पर कई गहरे जख्म के निशान मिले हैं। आरोपी अपनी पत्नी के साथ यहां किराए के मकान में रहता था। जो वारदात के फरार है। कारखाने में गार्ड की नौकरी करता था।

लाश के पास बांस और ईंट के टुकड़े पड़े थे

बेटे ने कहा कि मां की हत्या की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे। कमरे में मां का शव पड़ा था। पास में ईंट और बांस फेंका मिला। जिस पर खून के धब्बे थे। कमरे से देसी शराब के पैकेट और सिगरेट भी बरामद हुई है। वहीं, वारदात के बाद घरवालों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। पोस्टमॉर्टम में जुट गई है।

तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, गंभीर

किशनगंज, एजेंसी। किशनगंज के टेढ़ागाछ थाना क्षेत्र के फुलबरिया मुख्य मार्ग पर मुख्यालय के तरफ आ रही एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर एक बाइक सवार को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतना जबरदस्त था कि जहां एक तरफ बाइक के परखच्चे उड़ गए। वहीं बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना सोमवार देर रात की है। हादसे की खबर की सूचना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल लाया गया । जहां से युवक के स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे सदर अस्पताल किशनगंज रेफर कर दिया गया है। घायल की पहचान टेढ़ागाछ प्रखंड क्षेत्र के आशा के रहने वाले रबुल आलम के बेटे मो. मुस्तकीम के रूप में हुई है। इधर घटना की सूचना मिलते ही मौके पर टेढ़ागाछ थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

भाकपा-माले नेता की हत्या, सीने-सिर में मारी 6 गोलियां

अरवल पुलिस बोली- बदले की नीयत से हुआ पूर्व माओवादी एरिया कमांडर का मर्डर

अरवल, एजेंसी। अरवल में भाकपा-माले नेता सुनील चंद्रवंशी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। एक बाइक पर सवार 3 बदमाशों ने सुनील चंद्रवंशी को 6 गोलियां मारी हैं। सीने, सिर और हाथ में दो-दो गोलियां मारी गई हैं। घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश हथियार लहराते भाग निकले। घटना सोमवार देर रात किंजर थाना इलाके के इमामगंज करपी पथ के राइस मिल के पास की है। सुनील चंद्रवंशी माओवादी एरिया कमांडर भी रह चुका था। भाकपा माले जिला सचिव जितेंद्र यादव ने बताया कि सुनील चंद्रवंशी कैडर कन्वेंशन को लेकर तैयारी में जुटे थे। करपी इलाके में प्रचार-प्रसार और आंदोलन की तैयारी में लगे हुए थे। सोमवार की देर शाम वो करपी से अपने गांव छक्कन बिगहा लौट रहे थे। इस दौरान बाइक सवार तीन अपराधियों ने उन पर फायरिंग कर दी, जिससे वह जमीन पर गिर गए। फिर अपराधियों ने नजदीक से उन्हें छह गोलियां मारी। घटना के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना किंजर थाने को दी। सूचना पर किंजर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

बदले की नीयत से मारी गई गोली

पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील ने बताया कि शुरुआती जांच में ऐसा लग रहा है कि वारदात को अंजाम बदले की भावना को लेकर दिया गया है। पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। मृतक के बैकग्राउंड की भी जांच की जा रही है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। एफएसएल टीम घटनास्थल पर जांच कर रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। अब तक पुलिस को खोखा बरामद नहीं हुआ है।

10 साल पहले भाकपा-माले से जुड़ा थे

भाजपा माले के जिला सचिव जितेंद्र यादव ने बताया कि 10 साल पहले सुनील चंद्रवंशी मुख्य धारा में आकर भाकपा माले से जुड़कर लोगों के लिए संघर्ष कर रहे थे। इससे पहले पूर्व में पीपुल्स वार से जुड़े हुए थे।

तेज रफ्तार हाइवा ने दो युवतियों को रौंदा...एक की मौत

सीतामढ़ी में पिता से मिलकर लौट रही थी, दूसरे की हालत गंभीर

सीतामढ़ी, एजेंसी। सीतामढ़ी के परिहार में सोमवार की देर शाम एक हाइवा ने दो बच्चियों को कुचल दिया। जिसमें एक बच्ची की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही, दूसरी बच्ची की स्थिति गंभीर है। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना जिले के परिहार थाना क्षेत्र के धामी टोल स्कूल के पास की है। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई।

सूचना पर पहुंची स्थानीय थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सीतामढ़ी भेज दिया है। जबकि घायल किशोरी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मृतका की पहचान थाना क्षेत्र के परिहार थाना क्षेत्र के सहजौली गांव निवासी महादेव पंडित की बेटी सपना कुमारी(14) के रूप में की गई है। वहीं घायल किशोरी सहजौली गांव के ही अशोक पंडित की बेटी काजल कुमारी(13) गई है। जिसे सीएचसी प्रभारी मनोज कुमार ने खतरे से बाहर बताया है।

पुलिस ने वाहन को किया जब्त

पुलिस ने हाईवा को जब्त कर लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक सपना और काजल ऑटो पर सवार होकर घर से गणेश पूजा देखने के लिए परिहार आई थी। सपना के पिता महादेव पंडित धामी टोल में मूर्ति बनाने का कार्य करते हैं।

धामी टोल में सपना, काजल के साथ अपने पिता से मिलने गई थी। जहां से लौटने के दौरान यह हादसा हो गया। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

रंगदारी न देने पर 2 बसों पर किया हमला:मैनेजर से प्रति ट्रिप 200 की थी डिमांड

पुलिस ने तीन बदमाशों को पकड़ा

नालंदा, एजेंसी। नालंदा में हिलसा थाना क्षेत्र में यात्रियों से भरी 2 बसों पर हमला हुआ है। जिसमें कई लोग घायल हो गए। घटना में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि मुख्य आरोपी फरार हैं। रविवार को बिहारशरीफ से हिलसा आ रही एक यात्री बस और हिलसा से बिहारशरीफ जा रही दूसरी यात्री बस पर हथियारबंद बदमाशों ने हमला कर दिया। हमले के दौरान दोनों बसों पर गोलीबारी की गई और रोड़ेबाजी की गई। इस हमले में आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए, जबकि दोनों बसें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। नालंदा नाइट किंग बस के मैनेजर पंकज कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि टूशन गोप, बिल्ला सिंह सहित 9 नामजद और 10 अज्ञात लोगों ने बस से प्रति ट्रिप 200 रुपए की रंगदारी मांगी थी। जब उन्होंने मना कर दिया, तो उन्हें निशाना बनाकर हमला किया गया।

तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया

हिलसा के डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल बिल्ला सिंह समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, मुख्य आरोपी टूशन गोप अभी भी फरार है और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस के अनुसार, चार दिन पहले महादेव स्थान के पास हुए एक झगड़े के बाद यह घटना हुई है। बस चालक और टूशन गोप के बीच बकझक होने के बाद यह हमला का अंजाम दिया गया। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और जल्द ही मुख्य आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

गया में डायल 112 के जवानों के साथ मारपीट:रिवॉल्वर भी लूट ले गए अपराधी

पुलिस की हवाई फायरिंग के जवाब में चलाने लगे गोली

गया, एजेंसी। गया के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में अपराधियों का पुलिस को पीटने और उनके हथियार छीनकर ले जाने का लंबा इतिहास रहा है। कभी एसएलआर, कभी रिवॉल्वर छीन लेने के साथ-साथ पुलिस की बेरहमी से पिटाई का मामला अक्सर होता रहा है। ताजा मामला रविवार की देर रात का है। मोबाइल की लूट की सूचना पर पहुंची डायल 112 के बाइक सवार पुलिसकर्मियों की अपराधियों ने ना केवल पिटाई की, बल्कि उनकी बाइक और सर्विस रिवॉल्वर भी लूट ले गए। हालांकि, बाइक तो देर रात मिल गई, लेकिन सर्विस रिवॉल्वर नहीं मिली। ताज्जुब की बात यह है कि बचाव के लिए पुलिस ने हवाई फायरिंग भी की। फिर भी अपराधी नहीं डरे। इस घटना के बाद से पूरा पुलिस महकमा हरकत में है। इधर, सोमवार को एसएसपी आशीष भारती ने घटनास्थल का जायजा लिया। आईजी क्षत्रनिल सिंह ने मुफस्सिल थाने पहुंच कर पूरे मामले की पड़ताल की। पकड़े गए अपराधियों से एक-एक कर आईजी और एसएसपी ने पूछताछ की।

डायल 112 के दो जवानों के साथ हुई घटना

रविवार की रात 9 बजे के बाद एक व्यक्ति मुफस्सिल थाना पहुंचा। उसने पुलिस को बताया कि उसके साथ आरओबी के पास लूट की वारदात हुई है। अपराधियों ने उसका मोबाइल छीन लिया है। इस सूचना पर पुलिस ने डायल 112 को घटनास्थल भेज दिया। डायल 112 के दो जवान मौके पर पहुंचे तो वहां कोई नहीं मिला। इस पर डायल 112 के जवान आरओबी के नीचे वाली सड़क (अबगिला पहाड़ तल्ली) पर चले गए। वहां खड़े 4-5 लड़कों से लूट की घटना के संबंध में पूछताछ करने लगे। पुलिस को देख और भी लड़के पहुंच गए। दोनों के बीच बहस हुई और मारपीट शुरू हो गई।

डायल 112 के जवान ने मुफस्सिल पुलिस को घटना की सूचना दी

अपराधी सिपाहियों पर हावी हो गए। कुछ उनके हथियार छीनने लगे तो कुछ उनकी बाइक छीनने लगे। इस बीच डायल 112 के जवान ने मुफस्सिल थाने को घटना की सूचना दी। सर्विस रिवॉल्वर और खुद के बचाव के लिए हवाई फायरिंग भी की। लेकिन, इस बीच अपराधी बाइक और एक जवान की रिवॉल्वर ली। अपराधियों ने भी फायरिंग की। थानाध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद का कहना है कि अपराधी जवान को गोली मारने तक की बात कह रहे थे। लूट के दौरान सिपाही समरजीत कुमार जख्मी हो गया। इस बीच मुफस्सिल पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। अपराधी तो नहीं मिले, लेकिन बाइक तालाब में मिली। सुबह होने तक पुलिस ने 4 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अपराधियों के पास से एक देसी कट्टा भी बरामद किया है।

संक्षिप्त समाचार

बिहार को हरा कर झारखंड की बालिकाएं फाइनल में पहुंचीं

रांची, एजेंसी। झारखंड की बालिका फुटबॉल टीम सब जूनियर गर्ल्स नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गयी है. मालदा में सोमवार को खेले गये सेमीफाइनल मैच में झारखंड ने टाइब्रेकर में बिहार को 4-3 से हराया. टाइब्रेकर में झारखंड की ओर से सुनयना कुमारी, गोलू कुमारी, दीपिका कुमार और नैंसी कुमारी ने गोल किया. इससे पहले निर्धारित समय तक दोनों टीमें 2-2 गोल से बराबरी पर थीं. इस जीत के साथ झारखंड की टीम मालदा वेन्यू की ग्रुप चैंपियन बन गयी है. वहीं, चैंपियनशिप के फाइनल में बुधवार 11 सितंबर को झारखंड का मुकाबला मणिपुर से होगा, जिसने बहरामपुर में खेले गये एक अन्य सेमीफाइनल में बंगाल को 5-0 से पराजित किया.

जेएसएसपीएस की अमीषा ने एशियन जूनियर बॉक्सिंग में जीता रजत पदक

रांची, एजेंसी। फाइनल में तजाकिस्तान की बॉक्सर फरिनोज अब्दुल्लोवा ने हराया रांची. झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) की कैडेट अमीषा केरकेट्टा ने एशियन जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक जीता. अबुधाबी में आयोजित चैंपियनशिप के फाइनल के 54 किग्रा भारवर्ग में तजाकिस्तान की बॉक्सर फरिनोज अब्दुल्लोवा से हार कर अमीषा केरकेट्टा को रजत पदक से संतोष करना पड़ा. सिमडेगा के पैकपारा गांव की रहनेवाली अमीषा के पिता दिलीप केरकेट्टा किसान हैं. बचपन से ही अमीषा की रुचि खेलों में रही है. इसी क्रम में उसे जेएसएसपीएस में दाखिला मिला, जहां वह बॉक्सिंग का प्रशिक्षण ले रही है. इससे पहले 2023 में अमीषा केरकेट्टा ने आइबीए वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीता था. अमीषा की जीत पर जेएसएसपीएस एलएमसी के सीइओ जीके राठौर समेत अन्य ने उसे बधाई दी है.

बेटा को रेप केस में पकड़ने की बात कह ठग लिये 80 हजार रुपये

रांची, एजेंसी। मैं एसएसपी विशाल कुमार बोल रहा हूं. तुम्हारा बेटा रेप केस में पकड़ा गया है. उसे जेल भेज दिया जायेगा. अगर उसे बचाना चाहते हो, तो 80 हजार रुपये भेज दो. ऐसा नहीं करने पर उसे जेल भेज देंगे. यह बात कह सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मधुबन रुगड़ीगढ़ा निवासी सुधीर ठाकुर से साइबर फ्रॉड ने 80 हजार रुपये की ठगी कर ली. इस मामले में सुधीर ठाकुर ने अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है. कहा है कि चार सितंबर को वे भाभी के श्राद्धकर्म में भाग लेने के लिए हरमू गये हुए थे. इसी दौरान एक अनजान व्हाट्सऐप नंबर से कॉल आया कि विशाल कुमार एसएसपी बोल रहा हूं. तुम्हारा बेटा बलात्कार में पकड़ा गया है. उसे बचाना चाहते हो, तो 80 हजार रुपये दो. नहीं, तो उसे जेल भेज देंगे. कॉल के माध्यम से ही किसी बच्चे से बात भी करायी गयी, जिसकी आवाज मेरे बेटे से मिलती-जुलती थी. बच्चा बोल रहा था कि पापा मुझे बचा लो. मैंने कुछ नहीं किया है. यह लोग जितना पैसा बोल रहे हैं, दे दो. यह सुनकर वे घबरा गये. इसके बाद बेटी-दामाद के माध्यम से यूपीआइ के जरिये दो बार में फोन करनेवाले को 80 हजार रुपये भिजवा दिये. बाद में बेटा से संपर्क करने पर उन्हें ठगी का पता चला.

यूजी मेडिकल के लिए 25 से हॉस्टल का आवंटन, पर कई कमरों में फर्नीचर नहीं

रांची, एजेंसी। रिम्स में एमबीबीएस के नये सत्र को शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार शुरू करने की तैयारी जारी है. इसी को ध्यान में रखते हुए मेडिकल यूजी की कक्षाएं एक अक्तूबर से शुरू की जायेंगी. लेकिन इससे पहले हॉस्टल आवंटन की प्रक्रिया पूरी करनी है. ऐसे में 25 सितंबर से हॉस्टल के कमरों का आवंटन शुरू हो जायेगा. छात्र-छात्राओं को जिस हॉस्टल में रखना है, उसके खाली कमरों की सूची तैयार की जा रही है. दूसरी ओर हॉस्टल के कई कमरों में फर्नीचर ही नहीं हैं.इधर रिम्स प्रबंधन बेड, टेबल और कुर्सी की खरीदारी के लिए जैम पोर्टल में निविदा की प्रक्रिया पूरी करने में लगा है. हालांकि इस प्रक्रिया को पूरा करने में समय लग सकता है, लेकिन प्रबंधन का दावा है कि विद्यार्थियों के हॉस्टल शिफ्ट करने से पूर्व कमरों में फर्नीचर उपलब्ध हो जायेंगे.

रांची पहुंचे जदयू कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा- एनडीए गठबंधन में लड़ेंगे विधानसभा चुनाव

रांची, एजेंसी। जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक पुराना विधानसभा स्थित विधायक क्लब परिसर में संपन्न हुई। बैठक में शामिल होने जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा रंची पहुंचे थे। एयरपोर्ट पर प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो, प्रदेश प्रभारी डॉ अशोक चौधरी, सह प्रभारी मनोज यादव, जदयू नेता मधुकर सिंह, सागर कुमार एवं सुशील सिंह सहित हज़ारों कार्यकर्ताओं ने उनका ज़ोरदार स्वागत किया। संजय झा बतौर मुख्य अतिथि कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो ने की। संचालन महासचिव श्रवण कुमार ने किया। बैठक में विशिष्ट तौर पर जदयू के प्रदेश प्रभारी और मंत्री डॉ अशोक चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, जदयू के सह प्रभारी और विधान परिषद सदस्य विजय सिंह, सह प्रभारी और बेलहर विधायक मनोज यादव, विधायक सरयू रॉय, पूर्व मंत्री सुधा चौधरी, पूर्व विधायक कामेश्वर दास उपस्थित रहे। कार्यसमिति की बैठक में जदयू के प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष एवं कार्यसमिति सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा की जदयू गठबंधन में चुनाव लड़ेगी इस निमित बातचीत जारी है। नीतीश कुमार चाहते है पार्टी झारखंड में पुनः खड़ी हो। बिहार के बाद पार्टी की सबसे अधिक संभावना झारखंड में है। जदयू का झारखंड में बड़ा आधार था। उन्होंने कहा केंद्र सरकार में नीतीश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष को निर्देश दिया कि एक महीना के अंदर विभिन्न

विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन करें। जनता से जो रिपोर्ट मिल रहा है उस अनुसार राज्य में एनडीए की सरकार बनेगी। सरयू रॉय पुराने नेता है उनके आने से राष्ट्र स्तर पर एक अच्छा संदेश गया है।

प्रदेश प्रभारी डॉ अशोक चौधरी बोले खीरू महतो ने संगठन मज़बूत किया है, और मज़बूती की ज़रूरत है। उन्होंने कहा खीरू महतो को राज्यसभा भेज नीतीश कुमार ने झारखंड के प्रति अपना प्रेम दिखाया। उन्होंने कहा हम गठबंधन में जाएँगे, पार्टी का झारखंड में बहुत क्षमता है। उन्होंने कहा पार्टी हर प्रमंडल में एक बड़ा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि हम पीछे खड़े है, आपलोग आगे बढ़िये।

मंत्री श्रवण कुमार ने कहा की खुशी है कि सभी पुराने साथी पार्टी के साथ है। सरयू राय और खीरू महतो की जोड़ी झारखंड में पार्टी को मज़बूत करेंगे। उन्होंने कहा नीतीश के कार्यकर्ता कभी निराश नहीं होते, पूरे दमख़म से पार्टी चुनाव लड़ेगी। प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो ने कहा लोकसभा में पार्टी ने एंडीए के साथियों का सहयोग किया अब विधानसभा में बेहतर तालमेल हो। विधायक सरयू रॉय ने कहा की झारखंड में जदयू का संगठन मजबूत है कोई ग़लतफ़हमी में ना रहे। उन्होंने कहा पार्टी जो ज़िम्मेवारी देगी उसे पूरा करूंगा। सह प्रभारी विजय सिंह ने कहा की संगठन को मज़बूत करने के लिए हमारी जहां ज़रूरत प्रदेश जदयू महसूस करेगी हम हाज़िर हो जाएँगे। सह प्रभारी मनोज यादव ने कहा की इस बार चुनाव में पार्टी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।

बैठक में आफ़ताब जमिल, रेणु गोपीनाथ, संजय सिंह, उपेंद्र सिंह, दीपनारायण सिंह, निर्मल सिंह, पिंटू सिंह, अखिलेश राय, आशा शर्मा, दुष्यंत पटेल, ब्रह्मदेव प्रसाद, संतोष सोनी, सरयू गोप, रामस्वरूप यादव, बिगा मिंज, अंजलि शर्मा, प्रदीप महतो, रामजी प्रसाद व अन्य उपस्थित थे।

सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने ली बीजेपी की सदस्यता, वरुण साहू ने किया स्वागत

रांची , एजेंसी। बीजेपी, रांची महानगर जिला के अध्यक्ष वरुण साहू की अध्यक्षा में मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पिस्का मोड़ निवासी, सामाजिक कार्यकर्ता रौशन मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों की तादाद में कार्यकर्ताओं और समाजसेवियों ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर उपस्थित रांची विधायक सीपी सिंह ने रौशन मिश्रा तथा उनके नेतृत्व में सदस्यता ग्रहण कर रहे सभी कार्यकर्तागण का बीजेपी परिवार में स्वागत किया। कहा कि युवाओं के जुड़ने से बीजेपी परिवार और मजबूत होगा।

वरुण साहू ने सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत बीजेपी का अंग वस्त्र पहनाकर किया। महानगर अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा की आज झारखंड की जनता त्राहि त्राहि कर रही है। झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन मानवता और कर्तव्य को ताक पर रख कर नृत्य कर रहे हैं। झारखंड की जनता सब देख रही है। हेमंत सोरेन को सबक सिखाने और सड़ चुकी सरकार को शासन से बेदखल करने के लिए हज़ारों की संख्या में लोग बीजेपी से जुड़ रहे हैं। वरुण साहू ने यह भी कहा कि आने वाले चुनाव में हेमंत सरकार सत्ता से बाहर होगी। मिलन समारोह का संचालन बलराम सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन जितेंद्र वर्मा ने किया।

मिलन समारोह में मुख्य रूप से रांची विधायक सीपी सिंह, रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू के साथ संजय जसवाल, ललित ओझा, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, विनय कुमार सिंह, पायल सोनी, ओम प्रकाश पाण्डे सहित अन्य रहे। मौके पर शालिग्राम ओझा, संतोष कुमार, रविशंकर सिंह, ओम निवास तिवारी, प्रवीण गुप्ता, जितेंद्र कुमार, नामित लाल, रौशन झा, पवन सिन्हा, विक्रांत सिंह, शुभम कुमार, सरोज कुमार, विशाल कुमार, अर्पण गुप्ता, सचिन यादव, श्याम गुप्ता, नंदकिशोर सिंह, अभय संकर, विश्वनाथ घोष, पंकज गुप्ता, चंदन झा सहित सैकड़ों की तादाद में लोगों ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की।

परीक्षा से पहले 10वीं के छात्रों को मिली बड़ी राहत, अब गणित के पेपर के लिए मिलेंगे अतिरिक्त 30 मिनट

धनबाद, एजेंसी। काउंसिल फार द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआइएससीई) ने 2025 में होने वाली बोर्ड परीक्षा में आइसीएसई यानी दसवीं के छात्रों को बड़ी राहत दी है। दसवीं के छात्रों को उनके 80 अंकों के गणित के पेपर के लिए ढाई घंटे की जगह अब तीन घंटे मिलेंगे।

पेपर हल करने के लिए आधा घंटा अतिरिक्त मिलेगा। भाषा और गणित को छोड़कर सभी विषयों के लिए दसवीं परीक्षा की अवधि अभी दो घंटे है। छात्रों को सेकंड लैंग्वेज के लिए तीन घंटे और गणित के लिए ढाई घंटे मिलते थे। बोर्ड की ओर से जारी सर्कुलर में कहा गया है कि परीक्षा की अवधि बढ़ा दी गई है।

प्रश्नों की संख्या या गणित के प्रश्नपत्र के प्रारूप में कोई बदलाव नहीं होगा। बोर्ड परीक्षा में योग्यता-केंद्रित प्रश्नों के बढ़ते महत्व के कारण छात्रों का तनाव कम करने और मूल्यांकन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

बोर्ड ने अगले वर्ष से योग्यता आधारित (क्वालिटी असेसमेंट) प्रश्नों को लगभग 25 प्रतिशत वेटेज देने का फैसला किया। डिनोबिली स्कूल सीएमआरआइ की प्राचार्या

तनुश्री बनर्जी और कार्मल स्कूल की प्राचार्या सिस्टर सिल्वी ने कहा गणित के लिए अतिरिक्त 30 मिनट छात्रों के लिए बहुत मददगार होंगे।

लेखन समय में वृद्धि स्वागत योग्य कदम है। गणित विषय से डरनेवाले छात्रों को इससे मनोवैज्ञानिक लाभ मिलेगा। तनुश्री बनर्जी बताती हैं कि बोर्ड की तैयारी के लिए छात्रों को आठवीं कक्षा से ही ढाई घंटे में सवालों के जवाब देने का अभ्यास कराती हैं।

झारखंड शिक्षा परियोजना समावेशी शिक्षा प्रभाग के अंतर्गत मंगलवार को बिरसा मुंडा स्टेडियम हीरक रोड़ में खेलकूद का आयोजन होगा। इसमें सभी प्रखंड के दिव्यांग बच्चे हिस्सा लेंगे। सुबह नौ बजे से कार्यक्रम होगा।

एपीओ मीतू सिन्हा ने बताया कि प्रतियोगिता में 100 मीटर रेस, जलेबी रेस, चम्मच रेस, बैलून फुलाना, गेंद फेंकना आदि समेत कई प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इसमें 150 दिव्यांग बच्चे विभिन्न खेलों में आज अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

सुप्रियो भट्टाचार्य बोले:भाजपा की हकीकत भी लोग जान चुके हैं, इसी कारण 15 को खुद आ रहें प्रधानमंत्री

खुद भाजपा से सीटें मांग रही आजसू कर रही नई सरकार का दावा: झामुमो

रांची, एजेंसी। झामुमो ने सोमवार को कभी आजसू का नाम लेकर, तो कभी बगैर नाम लिए कई तरह की टिप्पणियां कीं। पार्टी के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव में यह पार्टी मात्र दो सीटों पर सिमट गई थी, क्योंकि बैसाखी के सहारे चुनाव में उतरती रही इस पार्टी के साथ भाजपा ने गठबंधन करने से इंकार कर दिया था। आज आजसू फिर भाजपा से सीटें मांग रही है। दिलचस्प कि चार-पांच सीटों पर चुनाव लड़ने वाली पार्टी आगामी सरकार का खाका खींच रही है।

भाजपा की हकीकत भी लोग जान चुके हैं, इसलिए 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद आ रहे हैं। उसके बाद भाजपा अपने और नेताओं को भी बुलाएगी, क्योंकि अब इन्हें खुद पर भरोसा नहीं है। सुप्रियो ने कहा कि आजसू सत्ता में बने रहने का कोई भी अवसर नहीं चूकने वाली पार्टी रही है। मधु कोड़ा की सरकार में जब आजसू के दो विधायक थे, तब एक सरकार में मंत्री और दूसरा विपक्ष में था। हालांकि, अब मधु कोड़ा खुद भाजपा में हैं। उन्होंने

कहा कि भाजपा और आजसू हेमंत सोरेन से क्यों डर रही है।

हालांकि, इसका मूल कारण यह है कि विपक्ष के पास मुद्दा ही नहीं बचा है। हेमंत सरकार द्वारा समाज के हर तबके लिए शुरू की गई योजनाओं से ये भयभीत हो गए हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति में बार्गेन होता है, लेकिन ये राजनीतिक परजीवी हो गए हैं। सुप्रियो ने कहा कि आठ सितंबर को आजसू ने रैली के जरिए युवाओं को भटकाने की भी कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं होंगे।

वीजा और ज्वाइनिंग लेटर सही, पर एक जगह फंसा मामला सऊदी जाने से पहले दिल्ली में 21 युवकों के साथ हो गया खेला

कुमारधुबी, एजेंसी। विदेशों में नौकरी के नाम पर किए गए फर्जीवाड़ा मामले में 21 अन्य युवक सोमवार को कुमारधुबी ओपी पहुंचे और ओपी प्रभारी को आपबीती सुनाई।

ये सभी युवक सऊदी अरब जाने के लिए दिल्ली पहुंचे थे। वहां पहुंचने पर जब फ्लाइट का टिकट चेक किया तो देखा कि उसमें दूसरे पैसेंजर का नाम अंकित है। उसके बाद उनलोगों को समझ आया कि वे लोग फर्जीवाड़ा का शिकार हुए हैं। सभी युवक दिल्ली में सऊदी अरब के एंबेसी सहित अन्य स्थानों पर गए, लेकिन बात नहीं बन पाने की स्थिति में सभी लौटकर कुमारधुबी पहुंचे। दिल्ली से लौटे युवकों ने बताया कि उनका पासपोर्ट सही है।

ज्वाइनिंग लेटर व वीजा भी सही है,

लेकिन फ्लाइट की टिकट ही फर्जी बनाकर दे दिया गया। फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद 31 युवकों ने लिखित रूप से शिकायत की थी। सोमवार को 21 युवकों द्वारा शिकायत किए जाने के बाद अब यह संख्या बढ़कर 52 पहुंच गई है।फर्जीवाड़ा करने वाला अबुलेस अंसारी ने 35 हजार रुपये से लेकर एक लाख 10 हजार रुपये तक की वसूली कर चुका है। कुमारधुबी प्रभारी पंकज कुमार को सारी जानकारी दी गई।

गिरिडीह में मारपीट के आरोप में दो सगे भाइयों को दोषी पाया गया। न्यायिक दंडाधिकारी मेहबूब आलम की अदालत ने दोनों को गत शुक्रवार को दोषी करार देते हुए मारपीट के एक मामले में एक-एक साल कारावास की सजा सुनाई।

अदालत ने नगर थाना क्षेत्र के बरमसिया निवासी अरबिंद वर्णवाल और मुकेश वर्णवाल को मारपीट में एक साल कारावास और एक हजार जुर्माना का आदेश दिया। वहीं न्यायालय ने घर में घुसकर अपराध करने में एक साल कारावास और एक हजार रुपये जुर्माना जमा करने का आदेश दिया है।

दोनों ही धाराओं में जुर्माना की राशि का भुगतान नहीं करने पर दोषियों को एक-एक माह अतिरिक्त कारावास की सजा काटनी पडेगी। यह मामला नगर थाना क्षेत्र के बरमसिया का है। इस मामले की सूचक बरमसिया निवासी मीरा सिंह ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी।प्राथमिकी में घर में घुसकर मारपीट करने समेत अन्य आरोप लगाए गए थे।

झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा में लोहरदगा की रही महत्वपूर्ण भागीदारी

रांची, एजेंसी। युवा आजसू के तत्वाधान में प्रभात तारा मैदान, धुर्वा रांची में आयोजित नवनिर्माण संकल्प सभा में भाग लेने के लिए लोहरदगा से सैकड़ों कार्यकर्ता पहुंचे। ये लोग जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश भारती, युवा प्रदेश प्रभारी डॉक्टर लाल मनीष नाथ शाहदेव एवं लोहरदगा विधानसभा प्रभारी केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत के नेतृत्व में कार्यक्रम में शामिल हुए। बता दें कि आजसू ने आरोप लगया है कि झारखंड सरकार बेरोजगार युवाओं को नौकरी के नाम पर ठगने का काम कर रही है।

इसके खिलाफ संकल्प सभा में पूरे झारखंड के युवा एवं लोहरदगा के युवा शिक्षा की डिग्री के साथ सम्मिलित हुए। यह डिग्री सरकार को मुहैया कराई जाएगी। जिससे उनको नौकरी या भत्ता दिया जा सके। जो कार्य हेमंत सरकार 5 सालों में नहीं कर पाई है, उस काम को याद दिलाते हुए बेरोजगार युवाओं की डिग्रियों की लिस्ट सरकार को सौंपी जाएगी। इस सभा में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने युवाओं को राज्य नवनिर्माण के लिए अपने साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए प्रोत्साहित किया। कहा, युवा जब जब जगा है देश की तकदीर बदली है। इसी आशा के साथ यह संकल्प रैली रखी गई है। युवाओं के लिए झारखंड नवनिर्माण का सपना सुदेश महतो एवं आंदोलनकारियों ने देखा था। उन सपनों को पूरा करने के लिए आजसू पार्टी आज के बाद फिर से आंदोलन चलाते हुए झारखंड का नवनिर्माण करने के लिए आगे बढ़ने का कार्य करेगी।

जेडीयू की महासचिव बबिता और प्रवक्ता जयंत ने थामा राजद का दामन, कैलाश यादव ने किया स्वागत

रांची, एजेंसी। झारखंड प्रदेश राजद कार्यालय में प्रदेश जेडीयू की महासचिव बबिता राव पटेल और देवघर जिला प्रवक्ता जयंत पटेल ने राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के नेतृत्व में आज सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, उपाध्यक्ष श्यामदास सिंह यादव, अनीता यादव प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव, गिरधारी गोप, युवा अध्यक्ष रंजन यादव, चंद्रिका यादव, फैजुल हक नवल किशोर यादव, जमीरुद्दीन अंसारी, धनंजय पासवान, सूरज सिंह, केदार यादव, रामप्रवेश यादव, रामकुमार यादव और डॉ तुलसी महतो ने बुके देकर जेडीयू में शामिल हुए बबिता पटेल और जयंत पटेल को बधाई दी।

इस संबंध में प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने बताया कि राजद का संगठन प्रतिदिन मजबूत हो रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव में राजद मजबूती से चुनाव लड़ेगा। इसके लिए कार्यकर्ताओं को तैयार किया जा रहा है। कहा कि कुछ दिनों के बाद पार्टी के प्रमुख नेता तेजस्वी यादव भी झारखंड दौरे पर आयेंगे और कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम करेंगे।

चुनावी विसात:कांग्रेस जनता की राय से घोषणा पत्र बनाने में जुटी, तो भाजपा कर रही परिवर्तन संकल्प यात्रा की तैयारी

रांची, एजेंसी। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि 10 से 12 दिनों के भीतर इंडिया गठबंधन में सीट शेयरिंग पर निर्णय होने की उम्मीद है। दो दिवसीय दौरे पर आए मीर ने सोमवार को मीडिया के सवालों पर ये बातें कहीं। प्रदेश कांग्रेस के प्रमुख नेताओं के साथ बैठक करके वापस लौट गए। बैठक में विधानसभा चुनाव की रणनीति पर मंथन हुआ।

मीर ने प्रदेश कांग्रेस के दोनों सह प्रभारियों समेत प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता को अहम टास्क दिया है। कहा है कि वे जिलों का दौरा कर घोषणा पत्र तैयार करने के मामले के आम लोगों का सुझाव प्राप्त करें। यह काम जल्द से जल्द पूरा करें, ताकि चुनाव घोषणा पत्र उसके अनुरूप तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी कुछ कमेटियों का गठन करेगी और घोषणा पत्र बनाने से पहले जनता से राय लेगी।

बैठक में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि चुनाव की तैयारी पहले से ही चल रही है। कई टास्क मिले हैं। पीसीसी को इसपर काम करना होगा। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता व मंत्री रामेश्वर उरांव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बालमुचू, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की समेत अन्य नेता शामिल थे। प्रदेश प्रभारी मीर जम्मू कश्मीर में विधानसभा का चुनाव लड़ रहे हैं, इसलिए वे वापस जम्मू-कश्मीर लौट गए।

प्रदेश अध्यक्ष और विधायक दल के नेता दिल्ली तलब

झारखंड के सभी लोकसभा क्षेत्रों में तैनात किए गए ऑब्जर्बर की बैठक दिल्ली

में बुधवार को बुलाई गई है। बैठक में भाग लेने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विधायक दल के नेता डॉ. रामेश्वर उरांव को दिल्ली तलब किया गया है। इस मीटिंग में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल शामिल होंगे। यह बैठक दिन में चार बजे से दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में होगी। बैठक में खास तौर पर विधानसभा चुनाव को लेकर ही रणनीति पर मंथन किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को झारखंड में भाजपा के चुनाव अभियान का श्रीगणेश करेंगे। संगठन की दृष्टि से छह प्रमंडलों में आयोजित होनेवाली परिवर्तन संकल्प यात्रा के समापन समारोह में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित कई राष्ट्रीय नेता भाग लेंगे। मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहनचरण मांझी भी झारखंड आएंगे।

ये सभी परिवर्तन संकल्प यात्रा में भाग लेंगे। विभिन्न प्रमंडलों में यह यात्रा 20-21 सितंबर से शुरू होगी, जो 10-11 दिनों तक चलेगी। प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा और प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी अलग-अलग प्रमंडलों की यात्रा में शामिल रहेंगे। पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी इस दौरान झारखंड आने का आग्रह किया है।

प्रदेश नेतृत्व ने अपने विचार से केंद्रीय नेतृत्व को अवगत करा दिया है। जानकारी के अनुसार, जेपी नड्डा और राजनाथ सिंह के झारखंड दौरे पर केंद्रीय नेतृत्व ने हामी भरी है, हालांकि, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की झारखंड यात्रा अभी तय नहीं हुई है। लेकिन, पार्टी नेताओं की कोशिश है कि अमित शाह को चुनाव की घोषणा होने से पहले झारखंड बुलाया जा सके, ताकि कार्यकर्ता चार्ज हो सकें। उल्लेखनिय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को राज्य के 1 लाख 13 हजार 195 लाभुकों के बैंक खाते में प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किश्त के रूप में 2-2 लाख रुपए डालेंगे।

विचार-मंथन

संपादकीय

पुतिन और मध्यस्थता

जब रूस और यूक्रेन भयानक युद्ध की आग में झुलस रहे हों, तब शांति का एक हल्का सा झोंका भी खुशी व उम्मीद से भर देता है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को कहा कि भारत, चीन और ब्राजील संभावित शांति-वार्ता में मध्यस्थ के रूप में काम कर सकते हैं। रूसी राष्ट्रपति ने इस मौके पर यह भी याद दिलाया कि युद्ध के शुरुआती हफ्तों में इस्तांबुल में हुई वार्ता में रूसी और यूक्रेनी वार्ताकारों के बीच एक शुरुआती समझौता हुआ था, जिसे कभी लागू नहीं किया गया, वही छूटा हुआ समझौता आगे शांति-वार्ता के लिए जमीन तैयार कर सकता है। पुतिन अगर वाकई युद्ध से अलग कुछ सोच रहे हैं, तो उनकी प्रशंसा होनी चाहिए। वास्तव में, यह ऐसा युद्ध है, जो मानो दो भाइयों के बीच हो रहा है और इसके नतीजे कभी सुखद नहीं होंगे। अंततः वार्ता की मेज पर अमन-चैन की राह तैयार करनी पड़ेगी, यह समझ जितनी जल्दी जाग जाए, दुनिया के लिए उतना ही अच्छा है। इस युद्ध में हार-जीत बहुत मुश्किल है। रूस हार नहीं सकता और यूक्रेन को अमेरिका हारने नहीं देगा। अब पहला सवाल तो यही उठता है कि क्या वाकई रूस शांति चाहता है? क्या भारत, चीन या ब्राजील को आगे करते हुए पुतिन शांति-वार्ता के लिए लालायित हैं? क्या शांति-वार्ता या मध्यस्थता की चर्चा छेड़ना रूस की युद्ध रणनीति का नतीजा है? पुतिन ने युद्ध में जैसी निर्ममता का परिचय दिया है, उसे जल्दी भुलाया नहीं जा सकता। एक दशक पहले तक उनकी छवि बहुत अच्छी थी, पर धीरे-धीरे उनकी उग्रता बढ़ती गई और दूसरे देशों के प्रति बैर-भाव भी बढ़ता चला गया। साल 2022 से ही युद्ध जारी है और ढाई वर्ष से ज्यादा समय बीत चुका है, अब भी युद्ध का अंत नहीं दिख रहा है, तो इसके लिए सर्वाधिक जिम्मेदारी पुतिन के खाते में ही दर्ज है। पुतिन ने ही पहले हमला किया और कायदे से उन्हें ही पहले हथियार पीछे करने चाहिए। क्या ब्राजील की बात रूस मानेगा? क्या चीन खुलकर युद्ध के खिलाफ कुछ कहेगा? अकेला भारत ही है, जो शुरू से ही कह रहा है कि वह युद्ध नहीं चाहता। चीन को ज्यादातर रूस के करीबी सहयोगी के रूप में देखा गया है और धीरे-धीरे रूस की चीन पर निर्भरता बहुत बढ़ती गई है।

सजा या अत्याचार

उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग उन ने हैवानियत की हदों को फिर एक बार पार कर लिया है। इसकी जितनी निंदा की जाए, कम ही होगी। सनसनीखेज खबर ने पूरी दुनिया को हिलाकर रख दिया है कि उत्तर कोरिया में करीब 30 अधिकारियों को लापरवाही के लिए जिम्मेदार ठहराकर फांसी पर लटका दिया गया है। यहां यह ध्यान रखना चाहिए कि पिछली गर्मियों में उत्तर कोरिया में भयंकर बाढ़ की स्थिति थी, जिसके चलते करीब 3,000 लोगों की मौत हुई थी। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अपने अधिकारियों को भ्रष्ट माना और सजा सुना दी। अगर बांधों के निर्माण में किसी तरह की कोताही बरती गई है, तो यह गंभीर बात है और हो सकता है कि भ्रष्टाचार हुआ हो। दुनिया का कोई भी कानून भ्रष्टाचारियों को बचाने की हिमायत नहीं करेगा, पर भ्रष्टाचार के लिए सीधे मृत्युदंड दे देना कहां का इंसाफ है? सजा और अत्याचार में अंतर होता है, पर उत्तर कोरिया के तानाशाह शायद इस अंतर को भूल गए हैं। ऐसी कड़ी सजा की परिपाटी के साथ वह अपने देश को चला रहे हैं कि उनके लोग भी उन्हें क्रूरता के लिए सदियों तक याद रखेंगे। त्वरित न्याय का ऐसा चस्का अत्यंत दुखद है। इसकी वजह से जो लोग अपनी जान गंवा रहे हैं, उन सबके लिए प्रार्थना करने का समय है। कोरिया के मामले में प्रकृति का भी हाथ है। वहां अनेक इलाकों में भीषण बारिश हुई और यह बात छिपी नहीं है कि प्राकृतिक आपदाओं का मुकाबला करने में हर देश समान रूप से सक्षम नहीं होता है। बाढ़ की स्थिति में तो अच्छे-अच्छे देशों में भी अधिकारियों के हाथ-पांव फूल जाते हैं। भूकंप की स्थिति में तो और भी भयानक स्थिति रहती है, अफरा-तफरी का आलम रहता है और अधिकारियों को स्थिति संभालने में काफी वक्त लग जाता है। वास्तव में, आपदाओं के समय सभी को मिलकर अपनी भूमिका का निर्वहन करना पड़ता है। अगर ऐसी आपदाओं के लिए हम सीधे सरकारी अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराने लगेंगे, तो किसी अन्याय से कम नहीं होगा। अगर हम आपदाओं के समय हुए नुकसान का मुद्दा उठाएंगे, अगर पूरा ठीकरा अधिकारियों पर फोड़ेंगे, तो यह किसी अन्याय से कम नहीं है। सवाल तो यह भी पूछा जा सकता है कि देश में जब आपदा आई थी, तब देश के आका कहां-क्या कर रहे थे।

मुफ्त की संस्कृति से पंजाब-हिमाचल की बढ़ी आर्थिक मुश्किलें

(ललित गर्ग)

कैग की रिपोर्ट बताती है कि कैसे पंजाब राज्य का राजस्व घाटा, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 1.99 फीसदी लक्ष्य के मुकाबले 3.87 फीसदी तक जा पहुंचा है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि राज्य का सार्वजनिक ऋण जीएसडीपी का 44.12 फीसदी हो गया है। दिल्ली, पंजाब व हिमाचल सरकारों के सम्मुख वित्तीय संकट के धुंधलके छाने लगे हैं। सत्ता पर बैठी आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस की सरकारों के सामने चुनाव के दौरान वोटरों को लुभाने के लिए की गयी फ्रीबीज या रेवड़ी कल्चर की घोषणा आर्थिक संकट का बड़ा कारण बन रही है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने एवं लोक-लुभावन घोषणाओं के कितने भारी नुकसान होते हैं, इस बात को दिल्ली, पंजाब व हिमाचल सरकारों के सामने खड़ी हुई वित्तीय परेशानियों से समझा जा सकता है। इन सरकारों के लगातार बढ़ते राजस्व घाटा व बड़ी होती देनदारियां राज्य की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रही हैं। विकास योजनाओं को तो छोड़े, इन राज्यों में कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृत्त कर्मियों को समय पर पेंशन देने में मुश्किलें आ रही हैं। इन जटिल होती स्थितियों को लेकर 'रेवड़ी कल्चर' पर न्यायालय से लेकर बुद्धिजीवियों एवं राजनीति क्षेत्रों में व्यापक चर्चा है। पंजाब के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की हालिया रिपोर्ट में राज्य की वित्तीय प्राप्तियों और खर्चे के बीच बढ़ते राजकोषीय अंतर को उजागर किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुक्त की संस्कृति पर तीखे प्रहार करते हुए इसे देश के लिए नुकसानदायक परंपरा बता चुके हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने भी मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चलन पर गंभीर चिंता जता चुके हैं। नीति आयोग के साथ रिजर्व बैंक भी मुफ्त की रेवड़ियों पर आपत्ति जता चुका है, लेकिन राजनीतिक दलों पर कोई असर नहीं है। कैग की रिपोर्ट बताती है कि कैसे पंजाब राज्य का राजस्व घाटा, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 1.99 फीसदी लक्ष्य के मुकाबले 3.87 फीसदी तक जा पहुंचा है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि राज्य का

> *इन जटिल होती स्थितियों को लेकर 'रेवड़ी कल्चर' पर न्यायालय से लेकर बुद्धिजीवियों एवं राजनीति क्षेत्रों में व्यापक चर्चा है। पंजाब के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की हालिया रिपोर्ट में राज्य की वित्तीय प्राप्तियों और खर्चे के बीच बढ़ते राजकोषीय अंतर को उजागर किया गया है।*

सार्वजनिक ऋण जीएसडीपी का 44.12 फीसदी हो गया है। यदि अब भी सत्ताधीश वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं करते एवं मुक्त की सुविधाएं देने से बाज नहीं आते तो निश्चित ही राज्य को बड़ी मुश्किल की ओर धकेलने जैसी बात होगी। जिसका उदाहरण सामने है कि बीते माह का वेतन निर्धारित समय पर नहीं दिया जा सका है। इसके बावजूद सत्ता पर काबिज नेता मुफ्त की रेवड़ियों को बांटने का क्रम जारी रखे हुए हैं तो उसकी कीमत न केवल टैक्स देने वालों को चुकानी पड़ रही है बल्कि आम लोगों के जीवन पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर राज्य का खर्चा जहां 13 प्रतिशत की गति से बढ़ रहा है, वहीं राजस्व प्राप्तियां 10.76 फीसदी की दर से बढ़ रही हैं। जाहिर है, ये अंतर राज्य की आर्थिक बदहाली, आर्थिक असंतुलन एवं आर्थिक अनुशासनहीनता की तस्वीर ही उकेरता है। दिल्ली से लेकर पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकारें हों या हिमाचल प्रदेश से लेकर अन्य राज्यों में कांग्रेस की सरकारें तमाम तरह की मुफ्त की रेवड़ियां बांट कर भले ही वोट बैंक को अपने पक्ष में करने का स्वार्थी खेल खेला जा रहा हो, लेकिन इससे वित्तीय बजट लडखड़ाने ने इन राज्यों के लिये गंभीर चुनौती बन रहा हैं। दरअसल, जिस भी नागरिक सुविधा को मुफ्त किया जाता है, उस विभाग का तो भट्टा बैठ जाता है। फिर उसका आर्थिक संतुलन कभी नहीं संभल पाता। कैग की हालिया रिपोर्ट बताती है कि पंजाब में एक निर्धारित यूनिट तक मुफ्त बिजली बांटे जाने से राज्य के अस्सी फीसदी घरेलू उपभोक्ता मुफ्त की बिजली इस्तेमाल कर रहे हैं। ये और ऐसी ही अन्य मुफ्त सुविधाओं की भरमार के कारण सरकारों के सामने अपने कर्मियों को समय पर वेतन देने के लिये वित्तीय संकट है, जबकि वेतन पर आश्रित कर्मियों को राशन-पानी, बच्चों की स्कूल की फीस व लोन की ईएमआई आदि समय पर चुकाने में दिक्कत हो रही है। इन जटिल होते हालातों को देखते हुए अपेक्षा है कि राजनेता सस्ती लोकप्रियता पाने के लिये सब्सिडी की राजनीति एवं मुफ्त की संस्कृति से परहेज करें और वित्तीय अनुशासन से राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास करें। जब भी ऐसी लोक-लुभावन घोषणाएं की जाती हैं तो उन दलों को अपने घोषणापत्र में यह बात स्पष्ट करनी चाहिए कि वे जो लोकलुभावनी योजना लाने जा रहे हैं, उसके वित्तीय स्रोत क्या होंगे? कैसे व कहां से यह धन जुटाया जाएगा? साथ ही जनता को भी सोचना चाहिए कि मुफ्त के लालच में दिया गया वोट कालांतर उनके हितों पर भारी पड़ेगा। जनता को गुमराह करते हुए, उन्हें ठगते हुए देश में रेवड़ियां बांटने का वादा और फिर उन पर जैसे-तैसे और अक्सर आधे-अधूरे ढंग से अमल का दौर चलता ही रहता है। लोकलुभावन वादों को पूरा करने की लागत अंततः मतदाताओं को खासकर करदाताओं को ही वहन करनी पड़ती है-अक्सर करों अथवा उपकरों के रूप में। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के समय मुफ्त रेवड़ियां देने के मुद्दे को उठाते हुए कहा था कि कई राज्यों ने अपनी वित्तीय स्थिति की अनदेखी करते हुए मुफ्त की सुविधाएं देने का वादा कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कुछ समय पहले उन दलों को आड़े हाथों लिया था, जो वोट लेने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां देने के वादे करते हैं। उनका कहना था कि रेवड़ी बांटने वाले कभी विकास के कार्यों जैसे रोड, रेल नेटवर्क आदि का निर्माण नहीं करा सकते। वे अस्पताल, स्कूल और गरीबों के घर भी नहीं बनवा सकते। रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है। इससे मुफ्तखोरी की संस्कृति जन्म लेती है। मुफ्त की सुविधाएं पाने वाले तमाम लोग अपनी आय बढ़ाने के जतन करना छोड़ देते हैं। पंजाब में महिलाओं को नगद राशि देने की घोषणा हुई, जबकि वहां की महिलाएं समृद्ध है। दिल्ली में उन महिलाओं को भी डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई है, जिन्हें इस तरह की सुविधा की जरूरत नहीं। आधी आबादी को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने से दिल्ली में डीटीसी को हर साल 15 करोड़ रुपये तक का नुकसान होगा। इस राशि का उपयोग दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया जा सकता है। मुफ्तखोरी की राजनीति से देश का आर्थिक बजट लडखड़ाने का खतरा है। और इसके साथ निष्क्रियता एवं अकर्मण्यता को बल मिलेगा।

बांग्लादेश पर ही भारी न पड़ जाए आतंकियों की रिहाई

(शशांक, पूर्व विदेश सचिव)

अपनी सेवा के दौरान जब मेरी मुलाकात पाकिस्तान में स्कॉलरों व शिक्षाविदों से होती थी, तो उनकी एक सोच मुझे बराबर महसूस होती कि पाकिस्तान इस्लाम व इस्लामी विचारों को आगे बढ़ाने के लिए बनाया गया है, न कि किसी सैन्य शासन के अधीन संचालित होने या पश्चिमी देशों का पिट्ठू बनने के लिए। पाकिस्तान का पूर्वी हिस्सा रह चुका बांग्लादेश भी इसी सोच को जीता रहा है। चूंकि उसके निर्माण की बुनियाद ही यह है, इसलिए मौजूदा अंतरिम सरकार में शामिल अधिकतर लोग यही राय रखते हैं कि बांग्लादेश को इस्लामी राष्ट्र बनना चाहिए। इसी कारण, शेख हसीना के तख्ता-पलट के बाद बांग्लादेश में हालात पूरी तरह से उलट-पलट हो चुके हैं और कट्टरपंथियों को अहमियत देने के साथ-साथ अब उन दहशतगर्दों को भी जेलों से बाहर निकाला जाने लगा है, जो इस्लामी आतंकवाद का चेहरा रहे हैं। इनमें जमात-ए-इस्लामी और अंसार अल इस्लाम जैसे आतंकी गुटों के नेता भी शामिल हैं। बेशक यह कहा जा रहा है कि शेख हसीना के कार्यकाल में इन्हें गैर-कानूनी ढंग से कालकोठरी में डाल दिया गया था, लेकिन सच यही है कि रिहा होने वाले आतंकियों में से कई किसी भी राष्ट्र को अशांत कर सकने में सक्षम हैं। वास्तव में, इन दहशतगर्दों को भारत जैसे देशों की मांग पर ही गिरफ्तार किया गया था। नई दिल्ली ही नहीं, दक्षिण एशिया के तमाम राष्ट्र यह कहा करते थे कि पाकिस्तान और बांग्लादेश में ऐसे-ऐसे गुट पनप रहे हैं, जिन्हें क्षेत्रीय अस्थिरता को बढ़ावा देने के लिए खाद-पानी दिया जा रहा है। चूंकि शेख हसीना भारत की हितैषी थीं, इसलिए उन्होंने अपने शासनकाल में ऐसे तमाम अपराधियों को सलाखों के पीछे भेज दिया था। मगर अब अंतरिम सरकार ने उनके लिए जेल के दरवाजे खोल दिए हैं। विडंबना यह है कि रिहाई का सूरज देखने वाले जमात-ए-इस्लामी के नेतागण आज भी बांग्लादेश को पाकिस्तान का ही हिस्सा मानते हैं और बांग्ला संस्कृति की खुलकर मुखालफत करते हैं। फिर भी, मोहम्मद यूनुस की कार्यकारी सरकार यही मानकर चल रही है कि देश के हालात यदि स्थिर करने हैं, तो न सिर्फ जमात-ए-इस्लामी से संबंध बेहतर बनाने होंगे, बल्कि पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों का भी हाथ पकड़ना होगा और चीन-अमेरिका जैसे बड़े देशों का भी। बहरहाल, बांग्लादेश और भारत के आपसी रिश्ते काफी जटिल हैं। ऐसे में, वहां आतंकियों की मिलती रिहाई को देखकर हमें अपनी सुरक्षा तैयारियां को एक बार फिर से परख लेना चाहिए। यह जानते हुए कि पूर्व में बांग्लादेश से हमें नकली भारतीय मुद्रा, हथियारों के अवैध कारोबार, गैर-कानूनी घुसपैठ जैसी तमाम चुनौतियां मिलती रही हैं, हमें इस बार खास तैयारी कर लेनी चाहिए। सबसे पहले तो हम बांग्लादेश की कार्यकारी सरकार से अपनी चिंता साझा करें और उनको बताएं कि कैसे ये आतंकी न सिर्फ भारत, बल्कि पूरी इंसानियत के दुश्मन हैं। इसके बाद हमें आसपास के सभी देशों को भी अपनी चिंता से अवगत कराना चाहिए। यह इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि आतंकवाद किसी भौगोलिक सरहद के अधीन नहीं होता। अगर आज यह बांग्लादेश के अंदर पनपना शुरू हो जाए, तो आने वाले दिनों में आसपास के तमाम देश इसकी चपेट में आ जाएंगे। यह हर देश को डंसता है, यहां तक कि उस मुल्क को भी, जहां आतंकवाद को पनपने की जमीन उपलब्ध कराई जाती है। यकीन न हो, तो पाकिस्तान का हाल देख लीजिए। जाहिर है, बांग्लादेश को समय रहते सचेत होना होगा, जिसके लिए अनिवार्य है कि तमाम कट्टरपंथियों को फिर से सलाखों के पीछे भेज दिया जाए। कुल मिलाकर, बांग्लादेश के बदलते घटनाक्रम पर हमें पैनी निगाह बनाकर रखनी होगी। यह सुनिश्चित करना होगा कि आतंकियों की रिहाई भारतीय कानून-व्यवस्था के सामने कोई बड़ी चुनौती न बनने पाए। सीमा पर चौकसी बढ़ाने के साथ-साथ खुफिया एजेंसियों को भी विशेष सावधान रहने के निर्देश जारी करने होंगे। हमारी सरकार निश्चय ही यह सुनिश्चित करने में लगी होगी कि बांग्लादेश से कट्टरपंथियों की आमद भारत में न होने पाए।

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5488

	9	2					7	4
				2	3			5
4								
	6			3	4			7
2		8	7	1	5	4		9
1			6	9			3	
								8
8			5	6				
7	4					3	2	

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र.5487

8	5	1	7	2	9	6	4	3
4	2	3	5	6	8	1	7	9
7	9	6	1	4	3	2	8	5
2	8	7	3	1	5	4	9	6
3	6	9	4	8	7	5	2	1
1	4	5	6	9	2	8	3	7
9	7	2	8	5	6	3	1	4
5	1	8	9	3	4	7	6	2
6	3	4	2	7	1	9	5	8

आज का राशिफल

मेष

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपकी रुकी योजनाएं पूर्ण होंगी। आप परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण मुहाने पर खड़े हैं। किसी कठिन दौर से गुज़र सकते है। लेकिन याद रखें, कोई भी फैसला अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेने के बाद ही करें। सच्चाई का सामना करेंगे तो आपके समक्ष भावनात्मक समस्याएं भी आएंगी।

वृष

आज भाग्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जीवन के सभी क्षेत्रों में आप तरक्की करेंगे और दिन आनंद में बीतेगा। बिजनस को आगे बढ़ाने के लिए आप काफी मेहनत करेंगे। योजनाओं से संबंधित प्रस्ताव की मंजूरी मिलने और भुगतान मिलने के बाद आप व्यवसायिक कार्यक्रम को आगे बढ़ाएंगे। उम्दा अवसर आपको मिलते रहेंगे।

कर्क

आज भाग्य साथ दे रहा है। कोई व्यक्ति आपके समक्ष मदद का प्रस्ताव पेश करेगा, किन्तु उसके बहकावे में न आएं और अपने भविष्य के बारे में फैसला सोचकर करें। सायंकाल से रात्रि तक किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्राप्त होगा। सेहत पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। खराब खान-पान से बचें।

सिंह

आज दिन लाभ और सम्मान से भरा होगा और आप जो भी काम अपने हाथ में लेंगे उसमें आपको भाग्य का साथ मिलेगा। अपने मन की बात को सुनें तो आपको सफलता पाने से कोई रोक नहीं सकता। जीवन के कड़वे अनुभवों से सबक सीखें। अतीत को भूलकर वर्तमान में कदम आगे बढ़ाएं। आपके कार्यक्षेत्र में अप्रत्याशित बदलाव की संभावना है।

मिथुन

आज कारियर में लाभ का दिन है और आपके सम्मान में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। आप प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। विलासितापूर्ण माहौल का लुफ्त उठाएंगे। बड़ी मात्रा में पैसा हाथ में आने से आपको संतुष्टि महसूस होगी और आपके आत्मविश्वास में इजाफा होगा।

कन्या

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी कुछ समस्याएं दूर होंगी। जो उम्मीदें संजो रखी हैं, उनके पूरा न होने पर आप खिन्न रहेंगे। एक बात आज विशेष रूप से नोट कर लें कि जीवन में जब भी आपको आवश्यकता पड़ेगी तब आपको बाहर के लोगों का साथ मिलेगा। इसलिए सभी के साथ अपने अच्छे संबंध रखें।

तुला

आज दिन सफलता से भरा होगा। आप एक महत्वपूर्ण परियोजना आरंभ कर सकते हैं। इसको सफल होने में आपको पूरा एक साल लग सकता है। आर्थिक योजनाएं सफल होंगी और आपको धन संपत्ति के मामले में लाभ होगा। आर्थिक लाभ की उम्मीद कर सकते हैं। सेहत और वित्तीय मामलों की अनदेखी न करें।

वृश्चिक

आज दिन आपसी सहयोग से भरा होगा। योजनाओं को पूर्ण करने में काफी मेहनत करनी पड़ सकती है। आपके घर में किसी महान व्यक्ति के हस्तक्षेप से पारिवारिक विवाद का समाधान हो जाएगा। आपकी रचनात्मक क्षमता बढ़ेगी। परिस्थितियों का आकलन करें और फिर अपने मन की सुनकर कोई फैसला करें।

मकर

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आप कोई अच्छी साझेदारी निभा पाएंगे। आप अपने जीवन में तीन भूमिकाएं निभाएंगे। बेहतर यही होगी कि हर भूमिका को अलग-अलग रखें, उन्हें आपस में मिलाएं नहीं, अन्यथा आप संशयग्रस्त हो जाएंगे। जो लोग बिजनस करते हैं उनके लिए दिन मुनाफे से भरा होगा और आपका काम धंधा अच्छा चलेगा।

कुंभ

आज दिन सामान्य से थोड़ा बेहतर होगा। दूसरे लोगों के कार्यों के लिए ज्यादा वक्त और ऊर्जा बर्बाद न करें, क्योंकि ऐसे लोग एक के बाद एक दूसरी फरमाइशें पेश करेंगे। समाज में भी आपका महत्व बढ़ेगा। मूड में उतार-चढ़ाव पर नज़र रखें। धन के निवेश से जुड़ा कोई फैसला न करें, वरना नुकसान हो सकता है। परिवार के लोगों से आपको हरप्रकार की मदद मिलेगी।

धनु

आज दिन सफलता से भरा होगा और आपकी योजनाएं पूर्ण होंगी। आप विभिन्न कार्यों में सक्रियता पूर्वक भाग लेंगे। पार्टनर के साथ मिलकर आप अपने संसाधनों को एकजुट करने में सफल रहेंगे। शाम का समय अध्यात्म समागम में व्यतीत होगा। रात में आपको कोई तोहफा और सरप्राइज मिल सकता है। इससे आपका मन प्रसन्न होगा और आप परिवार के साथ एंजॉय करेंगे।

मीन

आज दिन मिलाजुला रहेगा और आपसी संबंध सभी के साथ बेहतर होंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान होने के बावजूद आप जो भी कार्य साहस के साथ करेंगे, उसमें सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र और परिवार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इनका सामना आप साहस के साथ करेंगे और विजेता बनकर उभरेंगे। किसी के साथ विवाद करने से बचें।

वर्ग पहेली 5488

1		2	3	4	■	5	6
	■	7			8		
9	10	■	■	11		■	
12		13	■		■	14	
15				■	16		
■	17		■	■	18		■
19	■	■	20	21		■	22
23			■	24			

संकेत: बाएं से दाएं

1. भारत में अंग्रेजी पद्धति की शिक्षा आरंभ करने वाले इस अंग्रेजी इतिहासकार व राजनीतिज्ञ ने 1800 को जन्म लिया था (5)
5. विलब्ध, पालायित अख्यात (2)
7. लाड़ या प्यार करके पालन करना (6)
9. आधार, फिल्म शॉट (2)
11. गुलाम, सेवक, खलासी (2)
12. चांदी के रंग की एक चमकीली धातु (3)
14. दर, निर्ख (2)
15. समूह गान, कई गायक-गायिकाओं का एक साथ गाना (4)
17. कामना, मनावांछा, तमन्ना, आरजू (4)
16. तारण का अपभ्रंश (3)
17. जंघा, जांघ (2)
18. मनोयोग से लगा हुआ, तन्मय (2)
20. उत्तरप्रदेश की यह नगरी प्राचीन काल में कालिप्रिया नगरी के नाम से विख्यात थी (3)
23. पंकज, नीरज, राजीव (3)
24. सितार की तरह एक वाद्य (4)

ऊपर से नीचे

1. मैदान में दो या चार के बीच खेला जाने वाला एक खेल (5)
2. मलिन, अस्वच्छ, गंदा (2)
3. वह संबंध सत्ता जिससे भूत, भविष्य और वर्तमान की प्रतीति होती है (2)
4. जिसे किसी से कुछ लेना हो, ऋण प्रदाता (4)
5. पुष्प, सुमन, फूल (2)
6. जो मन को भाए, आकाशवाणी इंदौर से प्रसारित कार्यक्रमों में से एक (5)
8. नजदीक, करीब, निकट (2)
10. क से ह तककी वर्णमाला (4)
13. खेती-बाड़ी की भूमि पर लगने वाला कर (3)
14. विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश (3)
16. पश्चिमी अफ्रीका का देश जिसकी राजधानी कोनक्री है (2)
21. कोमल कांड, सुंदर स्त्री (2)
22. बाली की पत्नी का नाम, अंगद इसी का पुत्र था, नक्षत्र, सितारा (2)

वर्ग पहेली 5487 का हल

ज	हां	गी	र	■	ज्ञी	व	न
य	■	ब	द	■	व	न	ज
दे	हा	त	■	मौ	न	■	र
व	र	■	था	■	अ	दा	■
■	मो	म	■	सा	व	न	■
म	नि	हा	र	■	धि	■	मि
ह	य	■	त	वा	■	ग	या
क	म	सि	न	■	रा	ज	द

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

संक्षिप्त समाचार

नागपुर में तेज रफ्तार ऑडी ने कई वाहनों को टक्कर मारी, दो गिरफ्तार

नागपुर, एजेंसी। महाराष्ट्र के नागपुर में तेज रफ्तार ऑडी ने अलग-अलग जगहों पर कई वाहनों को टक्कर मार दी। पुलिस ने चालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, ऑडी कार महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले के बेटे के नाम पर पंजीकृत होने की जानकारी सामने आई है। यह घटना नागपुर के रामदासपेठ इलाके की है। सीताबल्डी थाने में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार लोगों की पहचान चालक अर्जुन हावरे और रोनित चित्तमवार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शराब के नशे की वजह से ये घटना हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों की मेडिकल जांच भी कराई है। रिपोर्ट का इंतजार है। ऐसी खबर है कि नेता के बेटे को बचाने के लिए ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीताबल्डी थाने की इंस्पेक्टर अनामिका मिर्झापुरे ने कहा कि यह घटना रात में सेंटर प्वाइंट होटल के सामने हुई है। एक तेज रफ्तार कार दो कार और एक बाइक को टक्कर मारके भाग गई थी। दो आरोपियों अर्जुन हावरे और रोनित चित्तमवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनकी मेडिकल जांच कराई गई है और मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। सीताबल्डी थाने के एक अधिकारी के मुताबिक, तेज रफ्तार ऑडी ने पहले शिकायतकर्ता जितेंद्र सोनकांबले की कार को देर रात एक बजे टक्कर मारी थी। इसके बाद एक मोपेड को टक्कर मार दी, जिससे उस पर सवार दो युवक घायल हो गए। हालांकि, यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। इस पूरे मामले पर को लेकर विपक्ष आक्रामक है। चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा है कि कार मेरे बेटे के नाम पर है, घटना की निष्पक्ष जांच की जाए, जो दोषी हो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

कंगना रनौत ने 32 करोड़ रुपए में बेचा अपना बंगला, बीएमसी का भी चल चुका है बुलडोजर

मुंबई, एजेंसी। भाजपा सांसद और बॉलीवुड एक्टर कंगना रनौत, जो अब अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म इमरजेंसी से सभी का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, इस बीच कंगना ने अब अपना बंगला बेच दिया है, जो बांद्रा के पाली हिल के आलीशान इलाके में स्थित है। जैपकी को मिले संपत्ति पंजीकरण दस्तावेजों के अनुसार, बंगला 32 करोड़ रुपए में बेचा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बंगला खरीदने वाली शख्स कमलिनी होल्डिंग्स की पार्टनर श्वेता बथिजा हैं, जो तमिलनाडु के कोयंबटूर में रहती हैं। यह बंगला हैदराबाद की एक कंपनी द्वारा खरीदा गया है।

सावधान! 6 माह, 20 हजार वारदात और 285 करोड़ की ठगी; साइबर अपराधियों के निशाने पर गुरुग्राम

गुरुग्राम एजेंसी।
मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में साइबर ठगी की वारदात दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। पिछले छह महीने के अंदर साइबर ठगी की 20 हजार वारदात हुई। इसमें साइबर ठगों ने करीब 285 करोड़ रुपये ठग लिए। गुरुग्राम पुलिस ने इनमें से करीब 16 हजार मामलों को सुलझाने का दावा किया है, लेकिन अभी तक सिर्फ करीब 45 करोड़ रुपये की राशि को ही वसूल किया जा सका है। पुलिस ने ठगी के 597 मामलों को दर्ज किया है। अब तक 788 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

यदि साल 2021 की बात करें तो साइबर ठगी के करीब 11 हजार मामले पुलिस के समक्ष आए थे, जिसमें सभी मामलों को सुलझा लिया गया था। इस दौरान करीब 6.82 करोड़ रुपये की ठगी हुई थी, जिसमें से 6.49 करोड़ रुपये वसूल किए जा चुके हैं। 131 साइबर ठगों को इस दौरान पकड़ा गया था। साल 2022 में करीब 18 हजार लोगों को साइबर ठगों ने अपना निशाना बनाया था। इनसे करीब 109 करोड़ रुपये ठगे गए थे। पुलिस ने इन मामलों में 335 ठगों को पकड़ा है। सभी वारदातों को सुलझाया जा चुका है,



लेकिन सिर्फ 4.79 करोड़ रुपये की राशि इन ठगों से वसूली गई है।

साल 2023 में ठगी की वारदात साल 2022 की अपेक्षा दोगुनी हो गई। इन साइबर ठगों ने इस साल करीब 33 हजार लोगों के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दिया। हालांकि, पुलिस ने ठगी के इन सभी मामलों को सुलझा लिया। डिजिटल अरेस्ट के जरिये 121 लोगों से ठगी ~ साइबर ठगों ने गुरुग्राम के 121 लोगों को डिजिटल अरेस्ट करके करीब दो करोड़ रुपये की ठगी की। जालसाजों ने खुद को दिल्ली, मुंबई और सीबीआई का अधिकारी बताकर ठगी की।

मूलरूप से जींद के नरवाना के गांव बेलरखा निवासी शैलेंद्र फिलहाल सुशांत लोक दो के एच ब्लॉक में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि एक जून को उनके पास वॉट्सऐप के माध्यम से मैसेज आया, जिसमें विज्ञापन को स्टार रेटिंग देने के नाम पर कमाई करने की बात कही गई थी। उसके रुचि दिखाने के बाद उसे टेलीग्राम पर ग्रुप जॉइन करवाया गया। विज्ञापन को स्टार रेटिंग देकर कमाई गई राशि को लेने के लिए उससे 1 जून से लेकर 3 जून तक उसने 11 खातों में 6.29 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। युवक को बाद में ठगी का अहसास हुआ। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

सहायक उपायुक्त (साइबर अपराध) प्रियांशु दीवान ने कहा, सावधानी बरतकर साइबर ठगों से बचा जा सकता है। यदि किसी का अधिक कमाई का लालच देने के लिए कॉल आता है तो उसे नजरअंदाज किया जाए। किसी के साथ अपने बैंक खातों, एटीएम या क्रेडिट कार्ड की जानकारी को साझा नहीं करें। कानून में डिजिटल अरेस्ट का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे में डरने की आवश्यकता नहीं है। इस तरह की कॉल आने पर पुलिस से संपर्क किया जाना चाहिए। पुलिस के अनुसार साइबर ठगी की शिकायत साइबर सेल के टोल फ्री नंबर 1930 और 155260 पर कॉल कर की जा सकती है। ठगी की शिकायत 24 घंटे में करने पर रकम वापसी की उम्मीद रहती है।

20 लाख दो वरना... गाजियाबाद में महिला डॉक्टर से मोहम्मद हसीन ने ऐंठें 20 लाख

गाजियाबादएजेंसी। गाजियाबाद के नंदग्राम थानाक्षेत्र में अस्पताल संचालक द्वारा अश्लील वीडियो और फोटो के जरिये स्त्री रोग विशेषज्ञ को ब्लैकमेल कर 20 लाख रुपये ऐंठने का मामला सामने आया है। पति और बेटी की हत्या की धमकी देकर आरोपी 20 लाख रुपये और मांगने लगा तो पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मूलरूप से मेरठ निवासी आरोपी फिजियोथेरेपिस्ट को गिरफ्तार कर लिया। राजनगर एक्सटेंशन की सोसाइटी में रहने वाली डॉक्टर का कहना है कि वह स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं। उनके पति भी सशस्त्र बल चिकित्सा में चिकित्सक हैं। वह अपनी बेटी के साथ ससुरालवालों के साथ रह रही हैं। अक्तूबर 2023 में डॉ. मोहम्मद हसीन ने उनसे संपर्क किया। मूलरूप से तहसील सरधना, जिला मेरठ के गांव पिथलोखर निवासी डॉ. हसीन वर्तमान में राजनगर एक्सटेंशन की ब्रेव हार्ट सोसाइटी में रहता है। उसने खुद को एमबीबीएस डॉक्टर और बाल रोग विशेषज्ञ बताया। साथ ही साहिबाबाद स्थित आरएस अस्पताल के मालिक होने का दावा किया। डॉ. हसीन के कहने पर वह विजिटिंग स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में उसके अस्पताल जाने लगी। एक दिन मोहम्मद हसीन ने उनसे कहा कि वह अगर अस्पताल के उपकरणों में निवेश करेंगी तो उन्हें भी आर्थिक लाभ मिलेगा। उसने 20 लाख रुपये की अल्ट्रासाउंड मशीन लगवाने के लिए कहा। उन्होंने पैसा लगाने से इनकार कर दिया तो मोहम्मद हसीन उन पर दबाव डालने लगा। चिकित्सिका का कहना है कि एक दिन मोहम्मद हसीन ने अस्पताल में पैसा लगाने के संबंध में आखिरी बार बात करने के लिए उन्हें ब्रेव हार्ट सोसाइटी स्थित अपने घर आने को कहा। 11 नवंबर 2023 को वह डॉ. हसीन के घर गईं तो उसने कोल्डड्रिंक पीने को दी। उसे पीते ही वह बेहोश हो गई। इसके बाद वह अस्पताल गई तो डॉ. हसीन ने अपने मोबाइल में उनके अश्लील फोटो और वीडियो दिखाए। फोटो-वीडियो डिलीट करने के बदले अल्ट्रासाउंड मशीन खरीदने के लिए 20 लाख रुपये की व्यवस्था करने को कहा।

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने एनसी-कांग्रेस गठबंधन पर साधा निशाना

जम्मू-कश्मीर, एजेंसी। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी ने जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद के चंगुल से मुक्त कराया और इस क्षेत्र में शांति, समृद्धि और विकास की गारंटी दी है। ठाकुर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में भाजपा का मतलब राहत है। जबकि नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस का मतलब आफत है। एनसी-कांग्रेस गठबंधन केवल लोगों के लिए विनाश और दुख ला सकता है। ठाकुर ने यह टिप्पणी उस वक्त की जब उन्होंने भाजपा के जम्मू उत्तर से उम्मीदवार शाम लाल शर्मा और जम्मू पश्चिम से उम्मीदवार अरविंद गुप्ता के साथ विधानसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए नामांकन दाखिल करवाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता भी उनके साथ थे। इस दौरान पार्टी के समर्थन में नारे लगाए गए। अनुराग ठाकुर ने कहा कि सिर्फ भाजपा ही शांति स्थापित कर सकती है। विकास सुनिश्चित कर सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब-जब नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस ने मिलकर काम किया। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए विनाश और कठिनाइयाँ लाई हैं। जम्मू-कश्मीर में एनसी और कांग्रेस की गलतियों के कारण 45 हजार से अधिक लोगों की जान चली गई है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने अनुच्छेद 370 को निरस्त कर शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त किया है। एनसी-कांग्रेस अनुच्छेद 370 को वापस लाने की बात कर रहे हैं। लेकिन मैं उन्हें बताना चाहता हूँ कि अनुच्छेद 370 अब इतिहास बन चुका है।

ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाला: असम पुलिस ने सुमी बोरा के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया

गुवाहाटी, एजेंसी।
असम पुलिस ने असमिया अभिनेत्री-कोरियोग्राफर सुमी बोरा और उनके पति तारिक बोरा के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। यह करोड़ों रुपये के ऑनलाइन ट्रेडिंग घोटाले में गिरफ्तारी से बच रहे हैं। इससे पहले पुलिस को आशंका थी कि सुमी बोरा और उनके पति मेघालय जाकर छिप गए होंगे। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, घोटाले के सरगना बिशाल फुकन की गिरफ्तारी के तुरंत बाद यह दोनों नेपाल भाग गए।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने आईएएनएस को बताया, हम आरोपी सुमी बोरा और उसके पति को पकड़ने के लिए व्यापक तलाशी अभियान चला रहे हैं। हमारी टीम अलग-अलग जगहों पर फैली हुई है। हमें पूरा भरोसा है कि उन्हें बहुत जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी आश्वासन दिया है कि बोरा किसी भी समय पुलिस के घेरे में आ जाएंगी। कुछ गिरफ्तारियां अपराध के तुरंत बाद होती हैं। लेकिन कुछ गिरफ्तारियों के लिए लंबे समय की जरूरत होती है और यह स्थिति पर निर्भर करता है। हालांकि, मैं सभी को आश्वस्त करता हूं कि कोई भी बहुत लंबे समय तक पुलिस की गिरफ्तारी से बच नहीं सकता। पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।

बता दें कि बिशाल फुकन की गिरफ्तारी के

बाद सुमी बोरा तुरंत पुलिस की नजर में आ गईं। पुलिस गुवाहाटी के पठार क्वारी इलाके में उनके अपार्टमेंट में गई; हालांकि, अभिनेत्री और उनके पति घर पर नहीं थे। पुलिस ने सोसायटी परिसर के हर अपार्टमेंट की तलाशी ली, लेकिन दोनों का कोई सुराग नहीं मिला।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, हमें अपार्टमेंट के बेसमेंट में सुमी बोरा की लग्जरी कार मिली। हालांकि, जांच टीम के वहां पहुंचने से पहले ही दोनों फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, फुकन ने असमिया फिल्म इंडस्ट्री में बोरा के नेटवर्क का इस्तेमाल किया। वह ग्राहकों को अधिक रिटर्न की उम्मीद में फुकन की कंपनी में निवेश करने के लिए राजी करने में सफल रही।

पुलिस ने पिछले हफ्ते असम में ऑनलाइन ट्रेडिंग से जुड़े 2,200 करोड़ रुपये के बड़े घोटाले का पर्दाफाश किया था। पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों- डिब्रूगढ़ के बिशाल फुकन और गुवाहाटी के स्वप्निल दास को उनके घरों से गिरफ्तार किया था। अदालत ने दोनों को पुलिस हिरासत में भेज दिया। इस बड़े घोटाले में कथित संलिप्तता के लिए पुलिस ने अब तक कुल 39 लोगों को गिरफ्तार किया है।

हरियाणा की जनता चाहती है मैं सीएम बनूं, चुनाव के बीच राव इंद्रजीत ने खुलकर ठोका दावा

रेवाड़ी , एजेंसी।
हरियाणा में विधानसभा चुनाव से पहले ही केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने इशारों ही इशारों में प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए अपनी इच्छा जाहिर कर दी है। राव इंद्रजीत ने कहा है कि जनता की इच्छा है कि मैं मुख्यमंत्री बनूं, लेकिन चुनाव के माध्यम से जनता ही फैसला ही सुनाती है। फिलहाल नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री हैं। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व जो कहता है, उसे स्वीकार करना पड़ता है। 90 सीटों वाली हरियाणा विधानसभा के लिए 5 अक्टूबर को चुनाव होंगे और मतगणना 8 अक्टूबर को होगी।

राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि दक्षिण हरियाणा के लोगों ने वर्ष 2014 और 2019 के चुनावों में मदद नहीं की होती तो मनोहर लाल खट्टर दो बार मुख्यमंत्री नहीं बनते। राव रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी लक्ष्मण सिंह यादव का नामांकन पत्र जमा

कराने के लिए जिला भाजपा कार्यालय पहुंचे थे। नामांकन के लिए जब पार्टी कार्यालय से काफिला शुरू हुआ तो हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं और समर्थकों का हुजूम दिखाई दिया।

जिला सचिवालय में राव इंद्रजीत सिंह की मौजूदगी में लक्ष्मण सिंह ने शासकीय अधिकारी के समक्ष नामाकंन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात पत्रकारों से बातचीत करते हुए राव ने अनेक ज्वलंत मुद्दों पर बेबाकी से जवाब दिए। उन्होंने कहा कि टिकट नहीं मिलने से नाराज कुछ कार्यकर्ता बागी होकर चुनाव लड़ना चाहते हैं।

बता दें कि, इस साल मार्च महीने में भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने मनोहर लाल खट्टर के स्थान पर नायब सिंह सैनी हरियाणा का मुख्यमंत्री बना दिया गया था। हालांकि, बाद में खट्टर को मोदी सरकार में शामिल कर लिया गया। वार्ता के मुताबिक, हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के अनुसार इस बार 2,02,24,958 मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। इनमें से 1,07,11,926 पुरुष मतदाता, 95,12,574 महिला मतदाता और 458 थर्ड जेंडर मतदाता है। 18 से 19 आयु वर्ग के 5,01,682 युवा मतदाता हैं।

नरेंद्र मोदी आएंगे ग्रेटर नोएडा, बतौर पीएम जिलें में होगा 10वां दौरा; एसपीजी ने संभाली सुरक्षा

नोएडा, एजेंसी। ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट सेंटर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री के रूप में यह उनका जिले का दसवां दौरा है। वह हेलीकॉप्टर से एक्सपो सेंटर पहुंचे और एक घंटे 50 मिनट तक यहां रहेंगे। कार्यक्रम के मद्देनजर एसपीजी और एटीएस ने सुरक्षा संभाल ली है। इस कार्यक्रम में दुनियाभर की सेमीकंडक्टर निर्माता कंपनियों को आमंत्रित किया गया है। गौतमबुद्ध नगर जिले को सेमी कंडेक्टर के उत्पादन का बड़ा हब बनाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने के लिए न्यूनतम निवेश राशि ही 80 हजार करोड़ से अधिक है। इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोगों को रोजागर मिलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले 10 वर्षों में सबसे अधिक दौरे सितंबर में हुए हैं। इससे पहले वह 12 सितंबर 2022 को विश्व डेयरी सम्मेलन का उद्घाटन करने के लिए एक्सपो मार्ट में आए थे। इस बार वह 11 सितंबर को यहां आएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में पहली बार गौतमबुद्ध नगर में होंगे। एक दिन पूर्व यानि मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जिले में आ जाएंगे और वह तैयारी की समीक्षा करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार वह हेलीकॉप्टर से दिल्ली से ग्रेटर नोएडा स्थित एक्सपो मार्ट में आएंगे। वह एक्सपो मार्ट से ही वापस दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे। इस दौरान वह एक घंटे 50 मिनट तक जिले में रहेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे की तैयारी के क्रम में सोमवार को हेलीकॉप्टर की लैंडिंग का ट्रायल किया गया। दिल्ली से दोपहर करीब 12~00 बजे एक हेलीकॉप्टर ग्रेटर नोएडा पहुंचा और लैंडिंग का ट्रायल किया। बताया जा रहा है कि मंगलवार को भी वायु सेना के तीन हेलीकॉप्टर यहां पहुंचेंगे और लैंडिंग ट्रायल किया जाएगा। पुलिस ने हेलीपैड की सुरक्षा कड़ी कर दी है। एसपीजी मोर्चा संभाले हुए है। एटीएस कमांडो की टीम भी पहुंच चुकी है। बम निरोधक दस्ते ने भी जांच की। कार्यक्रम के कारण यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। रोडवेज की जो बसें परी चौक पर सवारियां उतार और चढ़ा रही थीं, उनको एनआरआई सिटी की सर्विस लेन पर डायवर्ट किया गया है। ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से भारी माल वाहकों के एक्सपो मार्ट की ओर आने पर रोक रहेगी।

जांच में अमरोहा स्कूल प्रिंसिपल के खिलाफ आरोप निराधार पाए गए

अमरोहा, एजेंसी। स्कूल के प्रिंसिपल के खिलाफ दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए एक वायरल वीडियो की हालिया जांच में दावों को निराधार पाया गया है, अधिकारियों ने सोमवार को बताया। यह वीडियो, जिसमें एक नर्सरी छात्र की माँ और प्रिंसिपल के बीच बहस दिखाई गई थी, संपादित किया गया था और इसमें असंबद्ध दावे शामिल थे, जिसमें आतंकवादी शब्द का इस्तेमाल भी शामिल था। विवाद पिछले हफ्ते शुरू हुआ था, जिसमें प्रिंसिपल पर एक नर्सरी छात्र को बंधक बनाए रखने, उसे संस्थान से निकालने और उसके भोजन और धार्मिक मान्यताओं के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगाया गया था। जिला मजिस्ट्रेट राजेश त्यागी ने मामले की जांच के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) वीपी सिंह के नेतृत्व में एक जांच टीम का गठन किया। सिंह ने पुष्टि की कि जांच, जिसमें सीसीटीवी फुटेज और स्कूल रिकॉर्ड की समीक्षा शामिल थी, ने प्रिंसिपल के खिलाफ आरोपों को निराधार पाया। छात्र को बंधक बनाए रखने, उसे स्कूल से निकालने और अपमानजनक टिप्पणियां करने के दावे का कोई सबूत नहीं मिला।हालांकि, जांच में यह पता चला है कि प्रिंसिपल ने छात्र की माँ से कठोर तरीके से बात की थी।

हरियाणा विस चुनाव: इस बार रिकॉर्ड तोड़ वोटों से जीत दर्ज करेंगे, टिकट मिलने के बाद बोले मोहम्मद इलियास

पुनहाना, एजेंसी।
पुनहाना विधानसभा से दो बार मंत्री और मौजूदा विधायक मोहम्मद इलियास को कांग्रेस पार्टी ने फिर से टिकट दिया है। इस निर्णय के बाद, मेवात में उनका भव्य स्वागत किया गया। रोजका मेव से पुनहाना तक जनता ने फूलमालाओं और पगड़ी बांधकर उनका अभिनंदन किया। कांग्रेस पार्टी की पहली सूची में 32 सीटों की घोषणा हुई थी, जिसमें मेवात की तीनों सीटों पर प्रत्याशियों को टिकट दिया गया था। नूह से मौजूदा विधायक आफताब अहमद, पुनहाना से मोहम्मद इलियास और फिरोजपुर झिरका से विधायक मामन खान इंजीनियर को पार्टी ने चुनावी मैदान में उतारा है।

मोहम्मद इलियास का स्वागत: पुनहाना विधानसभा से टिकट मिलने के बाद मोहम्मद इलियास पहली बार मेवात पहुंचे। हजारों गाड़ियों के काफिले और समर्थकों के साथ रोजका मेव बॉर्डर पर पहुंचने पर जनता ने उनका भव्य स्वागत किया। रोड शो में उमड़े जनसैलाब ने जगह-जगह फूलमालाओं से उनका अभिनंदन किया। मोहम्मद इलियास ने कहा, पुनहाना की जनता द्वारा दिए गए प्यार और सम्मान का हमेशा आभारी रहूंगा। उन्होंने जनता के समर्थन का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह क्षेत्र की सभी मांगों को पूरा करने का काम करेंगे।

मोहम्मद इलियास ने बताया कि उनके चुनावी मुद्दे शिक्षा, स्वास्थ्य, युवाओं को रोजगार और क्षेत्र का विकास कराना होंगे। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में उन्होंने अपने क्षेत्र में कई विकासशील योजनाओं को अमली जामा पहनाया है और आगे भी यह काम जारी रहेगा।

उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार वह रिकॉर्ड तोड़ वोटों से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा, इस बार वह रिकॉर्ड तोड़ वोटों से जीत दर्ज करने जा रहे हैं जिसमें क्षेत्र की सभी जनता उनके साथ है। मोहम्मद इलियास ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो टिकट देकर भरोसा जताया है, उसके लिए वह पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं के आभारी हैं। उन्होंने हरियाणा में

भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार बनाने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि जहां पांच साल विधायक रहते हुए उन्होंने अपने क्षेत्र में कई विकासशील योजनाओं को अमली जामा पहनाया है, वहीं विधायक बनने के बाद भी वह सभी मांगों को पूरा करा कर क्षेत्र में विकास कराने का काम करेंगे।

मेवात पहुंचने पर लोगों ने फूलमालाओं और पगड़ी बांधकर मोहम्मद इलियास का स्वागत किया। पुनहाना विधानसभा से कांग्रेस के विधायक मोहम्मद इलियास ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो टिकट देकर भरोसा जताया है, उसके लिए वह पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं के आभारी हैं।

इस प्रकार, पुनहाना विधानसभा सीट पर कांग्रेस पार्टी द्वारा मोहम्मद इलियास को टिकट देने का निर्णय उनके प्रति विश्वास और समर्थन को दर्शाता है। जनता द्वारा किए गए भव्य स्वागत से यह स्पष्ट होता है कि उन्हें व्यापक समर्थन प्राप्त है और वे आगामी चुनाव में मजबूत दावेदार होंगे।

पूर्व अमेरिकी कप्तान एलेक्स मॉर्गन का फुटबॉल से संन्यास

नईदिल्ली, एजेंसी। अमेरिका की पूर्व कप्तान एलेक्स मॉर्गन ने रिटायरमेंट ले लिया है। वे एक दिन पहले करियर के आखिरी मुकाबले में सैन डिएगो वेव्स की ओर से विमेंस सॉकर लीग में उतरीं, हालांकि उनकी टीम उत्तरी कैरोलिना के खिलाफ 1-4 से हार गई।डिएगो के लिए यह मॉर्गन का 63वां मैच था। उन्होंने इस लीग में 150वां मुकाबला खेला।

35 साल की मॉर्गन ने 16 साल लंबे इंटरनेशनल करियर में 2 ओलिंपिक मेडल और 2 बार फीफा वर्ल्ड कप जीते। मॉर्गन ने अमेरिका की नेशनल टीम के लिए 224 मैच खेले। वे 9वीं सबसे यादा मैच खेलने वाली और 123 गोल के साथ 5वीं सबसे यादा गोल करने वाली खिलाड़ी भी हैं। मॉर्गन वही फुटबॉलर हैं, जिन्होंने सबसे पहले विमेंस प्लेयर्स के लिए समान वेतन की आवाज उठाई थी।

मॉर्गन ने 4 दिन पहले ही रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था। एक सोशल पोस्ट के जरिए अमेरिकी फुटबॉलर ने बताया था वे अपना आखिरी मैच खेलने जा रही हैं। इस पोस्ट में मॉर्गन ने दूसरी बार मां बनने की जानकारी भी दी थी। मैसेज में मॉर्गन ने बताया कि यह फैसला उनके लिए आसान नहीं था, लेकिन 2024 के शुरुआत से ही वे जानती थीं कि यह उनका आखिरी फुटबॉल सीजन होने वाला है।

मॉर्गन ने अपनी साथी खिलाड़ियों के साथ अमेरिकी फुटबॉल में महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों के वेतन में असमानता की शिकायत की थी। 2019 में यूएस सॉकर के खिलाफ केस भी दर्ज हुआ। खिलाड़ियों ने यूएस सॉकर पर लैंगिक भेदभाव और असमान वेतन का आरोप लगाया था। 6 साल की लड़ाई के बाद 2022 में उन्हें सफलता मिली और अमेरिका की महिला एवं पुरुष टीमों को समान वेतन दिए जाने पर समझौता बना।

भारत के खिलाफ ओपनिंग कर सकते हैं ट्रेविस हेड-कोच ने कहा- टीम मैनेजमेंट जल्द फैसला लेगा, बतौर ओपनर फेल रहे स्मिथ

मेलबर्न, एजेंसी। ट्रेविस हेड भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज में ओपन कर सकते हैं। वहीं, स्टीव स्मिथ को उनके पुराने रोल पर वापस लाया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने टीम लीडर्स के बीच इस चर्चा की पुष्टि की है।43 साल के मैकडोनाल्ड ने कहा- हां, इस बात की चर्चा है, लेकिन हमने कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। अभी सिर्फ बातचीत हो रही है। इस पर कप्तान की राह अहम होगी। एक दिन पहले एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि स्मिथ बैटिंग ऑर्डर में खुद को डाउन कर सकते हैं। टीम इंडिया को नवंबर महीने में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है। 5 टेस्ट की सीरीज 22 नवंबर से शुरू होगी।वॉर्नर के संन्यास के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने स्टीव स्मिथ से ओपनिंग कराई थी, लेकिन यह जोड़ी फेल रही। स्मिथ-ख्वाजा ने पिछले 4 टेस्ट में 24.85 के एवरेज से 174 रन की जोड़े हैं।

धोनी बनाम विराट बनाम रोहित

वीरेंद्र सहवाग ने अपने पसंदीदा क्रिकेटर रोहित को चुना

नईदिल्ली (एजेंसी)। वीरेंद्र सहवाग ने 'दिस ऑर दैट' चैलेंज में विराट कोहली, एमएस धोनी और रोहित शर्मा के बीच अपने पसंदीदा क्रिकेटर का खुलासा किया है। 'दिस ऑर दैट' चैलेंज सोशल मीडिया पर एक ट्रेंड बन गया है जिसमें मशहूर हस्तियों को रैपिड-फायर राउंड में दो नामों में से एक चुनने के लिए कहा जाता है। भारत के पूर्व क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने भी दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट में इस चैलेंज में हिस्सा लिया समें उन्हें क्रिकेट इतिहास के कुछ सबसे बड़े नामों में से अपनी पसंद बताने के लिए कहा गया। चुनौती की शुरुआत सहवाग से एमएस धोनी और बेन स्टोक्स में से किसी एक को चुनने के लिए कहा गया और पूर्व भारतीय कप्तान का नाम लिया। हालांकि धोनी दक्षिण अफ्रीका के महान खिलाड़ी एबी डिविलियर्स से हार गए, जिनका नाम अगले नंबर पर आया। जब सहवाग से डिविलियर्स और विराट कोहली में से किसी एक को चुनने के लिए कहा गया तो उन्होंने कोहली वाले को प्राथमिकता दी। लेकिन जब कोहली का सामना रोहित शर्मा से हुआ, तो सहवाग ने टीम इंडिया के मौजूदा वनडे और टेस्ट कप्तान को चुना। रोहित शर्मा का कद पिछले एक साल में बढ़ा है, खासकर तब जब उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम को वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में पहुंचाया, हालांकि वह टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल मुकाबले में उनके और टीम के लिए दिल तोड़ने वाला रहा।

मुशीर खान ने मात्र 7 प्रथम श्रेणी मैच खेलकर सभी को बनाया मुरीद, अब ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएंगे

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारत के टेस्ट क्रिकेटर सरफराज के भाई मुशीर खान को इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत ए टीम में शामिल किया जाना तय है क्योंकि उन्होंने दलीप ट्रॉफी 2024 के पहले मैच में शानदार शतक लगाया था। मुशीर ने कथित तौर पर बेंगलुरु में भारत ए बनाम भारत बी दलीप ट्रॉफी मैच में दबाव में अपने स्वभाव से मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर का ध्यान आकर्षित किया है।

दलीप ट्रॉफी में अपने पदार्पण मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने दूसरे छोर पर विकेट गिरने के बावजूद अपना धैर्य नहीं खोया और 181 रन बनाए जो उनका तीसरा प्रथम श्रेणी शतक है। उनकी मैराथन पारी ने भारत बी को 94/7 के मुश्किल स्कोर से उबारा और 321 रन बनाने में सक्षम बनाया, जो निर्णायक कारक साबित हुआ और उन्होंने मैच 76 रनों से जीत लिया।

रिपोर्ट के मुताबिक अब 19 वर्षीय मुशीर खान ए शैडो टूर के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसमें तीन 'चार दिवसीय' टेस्ट मैच होंगे। रणजी क्वार्टर फाइनल में दोहरा शतक और फाइनल में शतक लगाने के बाद मुशीर चयन समिति के रडार पर आ गए हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारत ए टीम का चयन दलीप ट्रॉफी के प्रदर्शन और शेष भारत और रणजी चैंपियन मुंबई के बीच ईरानी कप मैच के आधार पर किया जाएगा, जो

ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले होगा।

फिटनेस संबंधी किसी भी चिंता को छोड़कर मुशीर और राजस्थान के बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार चयन के लिए मजबूत दावेदार हैं। सुथार ने सौरभ कुमार को पीछे छोड़ दिया है और वे रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल के बाद दूसरे सर्वश्रेष्ठ बाएं हाथ के स्पिनर बन गए हैं। मुशीर के प्रभावशाली प्रदर्शन जिसमें रणजी ट्रॉफी फाइनल जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर और शीर्ष तेज गेंदबाजों के खिलाफ बड़े रन बनाने की उनकी क्षमता शामिल है, उन्हें भारत ए के ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए संभावित विकल्प बनाते हैं। उनकी 373 गेंदों की पारी (116 में से 62.1 ओवर) और पुछल्ले बल्लेबाज नवदीप सैनी के साथ साझेदारी से प्रदर्शित उनके धैर्य और धैर्य ने चयन के लिए उनके दावे को और मजबूत कर दिया है।

मुशीर ने अपने सात मैचों के प्रथम श्रेणी करियर में पहले ही तीन शतक और एक अर्धशतक जड़ दिया है। उनके दो शानदार शतक तब आए जब उनकी टीम काफी दबाव में थी और दांव बहुत ऊंचे थे। मूविंग बॉल के खिलाफ उनकी दिक्कतें एक मुद्दा हो सकती हैं लेकिन वह केवल 19 साल के हैं और सुधार करेंगे। तथ्य यह है कि मुशीर एक उपयोगी बाएं हाथ के स्पिनर हैं, ऐसे समय में जब भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों में से शायद ही कोई नियमित रूप से गेंदबाजी करता हो, यह निश्चित रूप से उनके पक्ष में काम करेगा।

पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज विजय दहिया ने कहा, मुशीर को जो चीज अलग बनाती है, वह है उनकी मानसिकता, जो बहुत मजबूत है। मैं भविष्यवाणी नहीं कर सकता, लेकिन अगर वह लगातार रन बनाते रहे, तो वह भारतीय टीम के लिए एक बहुत अच्छा विकल्प हो सकते हैं। दहिया मुशीर की निरंतरता से हैरान थे। उन्होंने कहा, उनकी बल्लेबाजी की सबसे खास बात उनकी निरंतरता है। उन्होंने पिछले सीजन में जहां से छोड़ा था, वहीं से शुरुआत की। उन्होंने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल और फाइनल में रन बनाए और फिर 2024 में घरेलू क्रिकेट के पहले दिन शतक बनाया।

45वां शतरंज ओलंपियाड

भारतीय महिला टीम को शीर्ष वरीयता

बुडापेस्ट , हंगरी (एजेंसी)। भारतीय महिला शतरंज टीम को 10 सितंबर से शुरू होने जा रहे 45वें विश्व शतरंज ओलंपियाड में शीर्ष वरीयता दी गई है , पिछले बार की कांस्य पदक विजेता भारतीय महिला टीम इस बार दिग्गज महिला खिलाड़ी ग्रांड मास्टर हरिका द्रोणावल्ली के नेतृत्व में खेलने उतरेंगी और युवा खिलाड़ियों से भरी इस टीम से देश को स्वर्ण पदक की आस रहेगी । भारतीय टीम में पहले बोर्ड पर हरिका दूसरे बोर्ड पर वैशाली आर , तीसरे बोर्ड पर दिव्या देशमुख , चौथे बोर्ड पर वन्तिका अग्रवाल और पांचवें बोर्ड पर तानिया सचदेव खेलते हुए नजर आएंगी ।

महिला वर्ग में 2467 औसत रेटिंग के साथ भारत को पहली , 2462 रेटिंग के साथ जॉर्जिया को दूसरी ,और 2422 रेटिंग के साथ पोलैंड तीसरी वरीय टीम है । अन्य टीमों में चीन , उक्रेन , अजरबैजान, यूएसए जर्मनी ,स्पेन और कज़ाकिस्तान को क्रमशः चौथे से दसवीं वरीयता दी गई है । महिला वर्ग में इस बार 184 टीमों की प्रतिभागिता नें एक नया रिकॉर्ड बना दिया है । शतरंज ओलंपियाड 11 सितंबर से 22 सितंबर के दौरान खेला जाएगा ।

रैना, हरभजन, हाफीज, ब्रावो यूएस मास्टर्स टी10 के दूसरे सीजन में बिखेरेंगे जलवा

आठ नवंबर से शुरु होगा

लॉडरहिल (फ्लोरिडा) (एजेंसी)। अमेरिका के टेक्सास में आठ नवंबर से 17 नवंबर तक होने वाले यूएस मास्टर्स टी-10 के दूसरे सीजन सुरेश रैना, हरभजन सिह, हाफीज सईद, ड्वेन ब्रावो सहित क्रिकेट के कई पूर्व दिग्गज टूर्नामेंट में बिखेरेंगें अपना जलवा। पहले संस्करण की तरह इस सीजन में भी कई रोमांचक मुकाबले होने वाले हैं और निश्चित रूप से क्रिकेट के सबसे तेज तथा मनोरंजक प्रारूप में कई बड़ी हिट्स देखने को मिलेंगी। टूर्नामेंट में 60 स्थानों के लिए दावेदारी के साथ दुनियाभर के 500 से अधिक क्रिकेटरों ने यूएस मास्टर्स टी-10 के सीजन 2 के लिए प्लेयर ड्राफ्ट के लिए पंजीकरण कराया।

इस लीग में कैलिफोर्निया बोल्ट्स, डेट्रायट फाल्कन्स, शिकागो प्लेयर्स, न्यूयॉक वॉरियर्स, मॉरिसविले यूनिटी कैंप और अटलांटा राइडर्स टीमों के लिए दुनियाभर के खिलाड़ी खेलेंगे। टी-10 ग्लोबल स्पोर्ट्स के संस्थापक और अध्यक्ष नवाब शाजी उल मुल्क ने कहा, 'अमेरिका में क्रिकेट तेजी से बढ़ रहा है और हम इस खास यात्रा का हिस्सा बनना चाहते हैं। इस साल आईसीसी टी-20 विश्वकप ने इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है और हम उस गति को बनाए रखना चाहते हैं और इसे आगे बढ़ाना चाहते हैं। यूएस मास्टर्स के दूसरे सीजन के साथ हमारा लक्ष्य प्रशंसकों को अधिक यादगार मुकाबले प्रदान करना और इस खेल को और अधिक रोमांचक बनाने में मदद करना है।

बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले मैदान पर लौटेंगे सूर्यकुमार

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव चोटिल होने के बाद अब फिट हो गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज से पहले यह टीम इंडिया के लिए अच्छी खबर है। हालांकि टीम इंडिया में वापसी से पहले ही सूर्यकुमार यादव की मैदान पर एंट्री होगी। सूर्यकुमार दलीप ट्रॉफी का दूसरा मैच खेलने उतर सकते हैं।

सूर्यकुमार यादव हुए रिकवर

हिंदुस्तान टाइम्स ने बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से लिखा, 'सूर्यकुमार यादव की रिकवरी अच्छी जा रही है। वह 100 प्रतिशत फिट हैं। सूर्यकुमार भी यह बात जानते हैं।'

दलीप ट्रॉफी मैच से पहले चोटिल हो गए थे

सूर्यकुमार यादव दलीप ट्रॉफी में इंडिया सी का हिस्सा हैं। उन्हें इंडिया डी के खिलाफ मैच खेलना था। हालांकि बुची बाबू टूर्नामेंट के दौरान उन्हें अंगूठे में चोट लग गई। वह मैच की दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। उन्हें वहां से नेशनल क्रिकेट अकेडमी जाना पड़ा। एनसीए में सूर्यकुमार बीसीसीआई की मेडिकल टीम की निगरानी में रहे।

14 महीने से रेड बॉल क्रिकेट नहीं खेले हैं

सूर्यकुमार यादव बेंगलुरु में खेले गए इंडिया ए बनाम इंडिया बी के मैच के दौरान स्टेडियम में नजर आए थे। यह मैच बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया था। इंडिया सी ने अब तक सूर्यकुमार यादव की रिप्लेसमेंट का ऐलान किया है। ऐसे में उनकी वापसी की उम्मीद बढ़ गई है। अगर सूर्य यह मैच खेलते हैं तो यह 14 महीने में उनका पहला रेड बॉल क्रिकेट मैच होगा।

सूर्यकुमार यादव के लिए अहम है दलीप ट्रॉफी

सूर्यकुमार यादव के लिए दलीप ट्रॉफी काफी अहम है। वह इसी के जरिए टेस्ट टीम में अपनी जगह बनाने की कोशिश में है। सूर्यकुमार टी20 के कप्तान हैं लेकिन टेस्ट टीम में जगह पक्की नहीं कर पाए हैं। उन्हें बीते साल बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में टेस्ट डेब्यू का मौका मिला हालांकि वह एक ही मैच के बाद चोटिल हो गए थे। वनडे में भी उनका प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने 35 पारियों में 25 के औसत से रन बनाए हैं।

विराट कई मायनों में ऑस्ट्रेलियाई हैं: स्टीव स्मिथ

नई दिल्ली, एजेंसी। अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने मैदान पर विराट कोहली के दृष्टिकोण को ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी की सोच तरह बताया है और उनका मानना है कि भारतीय दिग्गज बल्लेबाज

अपने विचारों और कार्यों में ऑस्ट्रेलियाई हैं।भारत और ऑस्ट्रेलिया 2024/25 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में आमने-सामने होंगे। दोनों देश क्रमशः पर्थ, एडिलेड, ब्रिस्बेन, मेलबर्न और सिडनी में पांच मैचों की श्रृंखला में आमने-सामने होंगे।भारत ने क्रमशः 2018/19 और 2020/21 में ऑस्ट्रेलिया में आयोजित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पिछले दो संस्करण जीते हैं। स्मिथ ने स्टार स्पोर्ट्स द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, मेरा मानना है कि विराट कोहली विचारों और कार्यों में ऑस्ट्रेलियाई हैं। जिस तरह से वह लड़ाई में उतरते हैं, जिस तरह से वह चुनौती का सामना करते हैं और विपक्ष पर हावी होने की कोशिश करते हैं। मैं कहूंगा कि वह संभवतः भारतीय खिलाड़ियों में सबसे अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जैसी सोच रखते हैं।कोहली ने 29 टेस्ट शतकों सहित 80 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं और 113 टेस्ट मैचों में 49.16 की औसत से 8,846 रन बनाए हैं, जबकि स्मिथ ने 109 टेस्ट मैचों में 32 शतकों के साथ 56.97 की औसत से 9,685 रन बनाए हैं।स्मिथ ने आगे बताया कि दोनों खिलाड़ी अक्सर एक-दूसरे को बात करते हैं, और वो 22 नवंबर से शुरू हो रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में कोहली का सामना करने के लिए उत्साहित हैं।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी

जीत का सिलसिला जारी रखने उतरेगा भारत

हुलुनबुइर (चीन),एजेंसी। पहले दो मैच में जीत से उत्साहित गत चैंपियन भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट में बुधवार को यहां मलेशिया के खिलाफ होने वाले मैच में जीत का अपना सिलसिला जारी रखने के लिए उतरेगी। भारतीय टीम ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता था लेकिन तब मैदानी गोल नहीं कर पाना उसके लिए चिंता का विषय बना हुआ था। प्रतियोगिता में भारत ने 15 गोल किए थे लेकिन इनमें केवल तीन मैदानी गोल शामिल हैं। वर्तमान टूर्नामेंट में हालांकि उसके युवा स्ट्राइकरों ने उसकी इस चिंता को कुछ हद तक कम किया है।

ओलंपिक के बाद संन्यास लेने वाले गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने भी इस क्षेत्र में सुधार करने की जरूरत पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था, 'अगर हमें भारतीय हॉकी टीम को अगले स्तर पर पहुंचाना है और ओलंपिक में लगातार पदक जीतने हैं तो हमें अधिक मैदानी गोल करने होंगे क्योंकि हमारी रक्षापंक्ति की भी अपनी सीमाएं हैं। भारतीय रक्षापंक्ति लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उसने ओलंपिक में लगातार दूसरा कांस्य पदक जीतने में अहम भूमिका निभाई और एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भी उसने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

भारत ने पहले मैच में मेजबान चीन को 3-0 से हराकर खिताब का बचाव करने के अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी। उसने अपने अगले मैच में जापान को 5-1 से हराया था। भारत ने अभी तक जो आठ गोल किए हैं, उनमें सात मैदानी गोल शामिल है जबकि युवा ड्रैग-फ्लिकर संजय ने जापान के खिलाफ पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला था। पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम का हिस्सा रहे युवा स्ट्राइकर सुखजीत सिंह ने अभी तक तीन मैदानी गोल किए हैं जबकि अभिषेक और उत्तम सिंह ने दो-दो मैदानी गोल किए हैं। वर्तमान फॉर्म को देखते हुए भारतीय टीम इस टूर्नामेंट में जीत की प्रबल दावेदार है। वह इससे पहले चार बार चैंपियन रह चुकी है। दूसरी तरफ मलेशिया का प्रदर्शन अभी तक अच्छा नहीं रहा है। उसे एक मैच में हार का सामना करना पड़ा जबकि एक अन्य मैच उसने ड्रॉ खेला।

न्यूज बाइट्स

शराबी पति के खिलाफ पत्नी ने दर्ज कराई एफआईआर, पति गिरफ्तार

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)। रफीगंज थाना के कियाखाप गांव में शराब के नशे में मारपीट करने वाले पति के खिलाफ पत्नी ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि कियाखाप गांव के ललित यादव की पत्नी जयंती देवी ने थाना में आवेदन दिया। उल्लेख किया कि पति शराब के नशे में हमेशा मारता-पीटता हैं। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि आरोपी पति ललित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

अभियंत्रण महाविद्यालय में इंडस्ट्रियल टॉक का हुआ आयोजन

रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)। औरंगाबाद के रफीगंज के अरथुआ स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में विद्युत अभियंत्रण विभाग द्वारा मंगलवार को एकदिवसीय इंडस्ट्रियल टॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आईएसएसपीएल स्कोप ग्रुप ऑफ कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधक अविनाश सिंहा, पावर सब स्टेशन टेस्टिंग एवं कमीशनिंग विशेषज्ञ वेडीवेल सी बतौर एक्सपर्ट्स शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि, विद्युत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. निर्भय कुमार, विशेषज्ञ अविनाश सिंहा, वेडीवल सी, विद्युत विभाग के प्राध्यापक डॉ. कुमारी सरिता, प्रो. विजेता सिंह, प्रो. स्नेहा शर्मा, प्रो. रम्या सोनी, प्रो. शाहनवाज आलम, प्रो. नरेश जायसवाल, प्रो. अमित भारद्वाज एवं प्रो. आनंद राज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में विद्युत विभाग के सभी प्राध्यापकों के साथ-साथ छठे सेमेस्टर के सभी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान पावर सब स्टेशन ऑटोमेशन सिस्टम एवं सब स्टेशन इक्विपमेंट्स की टेस्टिंग एवं कमीशनिंग की जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि ने बताया कि इस तरह का इंडस्ट्रियल टॉक छात्रों को उनकी किताबी ज्ञान एवं इंडस्ट्री के बीच ब्रिज का काम करता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग के लिए विद्युत विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. निर्भय कुमार ने सभी को धन्यवाद दिया।

कवि अरविंद अकेला को मिला विश्वगुरू भारत गौरव सम्मान

औरंगाबाद (एसवीवी सं.)। औरंगाबाद के जाने माने कवि, लेखक, कथाकार, समाजसेवक एवं स्वतंत्र पत्रकार अरविंद अकेला को पिछले दिनों शिक्षक दिवस पर जयपुर(राजस्थान) की सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था 'सत्य इंदिरा फाउंडेशन' ने विश्वगुरू भारत गौरव सम्मान तथा औरंगाबाद की साहित्यिक संस्था कवि स्पर्श ने 'गुरू नमन सम्मान' से नवाजा है। इसके पूर्व उन्हे मैजिक बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड द्वारा 'मल्टी टैलेंटेड अवार्ड' दिया गया है। इन सम्मानों से नवाजे जाने पर साहित्यकारों, कवियों एवं समाजसेवियों ने बधाई और शुभकामनाएं दी है।

मृतक महिला की पहचान 26 वर्षीय सुनीता कुमारी के रूप में हुई

संतान नहीं होने पर ससुरालियों ने की विवाहिता की हत्या, पति समेत छह नामजद

निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)

एक दिल दहला देने वाली घटना में, संतान न होने के कारण ससुराल वालों द्वारा एक विवाहिता को जलाकर मार देने का मामला सामने आया है। यह घटना जिले के गोह थाना क्षेत्र के दुल्ला बिगहा गांव की है। मृतक महिला की पहचान 26 वर्षीय सुनीता कुमारी के रूप में हुई है, जो महेश शर्मा की पत्नी थी। मृतका के परिजनों द्वारा पुलिस में दर्ज प्राथमिकी में छह लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें मृतका के पति महेश शर्मा, रिश्तेदार राकेश शर्मा और युगेश शर्मा भी शामिल हैं। परिजनों का कहना है कि 2018 में सुनीता कुमारी की शादी हिंदू रीति-रिवाजों के साथ दुल्ला बिगहा निवासी महेश शर्मा से हुई थी। शादी के समय मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार ससुराल वालों की मांगें पूरी की थीं, लेकिन शादी के कुछ ही दिनों बाद संतान न होने को लेकर सुनीता को ताने और प्रताड़ना का सामना करना पड़ा। मृतका के मायके वालों ने बताया कि शादी के कुछ ही समय बाद से ससुराल वाले सुनीता को संतान न होने के कारण ताने मारते थे और शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे थे। मायके वालों ने स्थिति को सुधारने के लिए कई बार पंचायतें कीं और ससुराल वालों को समझाया, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। स्थिति तब और बिगड़ गई जब ससुराल वालों ने दहेज की मांग करनी शुरू कर दी। ससुराल पक्ष ने साफ कर दिया कि अगर मायके वाले दहेज नहीं देंगे तो वे सुनीता को अपने घर में नहीं रखेंगे।सुनीता के पिता रामसकल शर्मा ने दहेज देने में असमर्थता जताई और ससुराल वालों से अपील की कि उनकी बेटी को प्रताड़ित न किया जाए। लेकिन ससुराल वालों ने बेटी को घर से बाहर निकालने की धमकी दी। इसके बाद सुनीता के ससुरालियों ने उसकी हत्या करने की साजिश रच डाली और उसे आग के हवाले कर दिया। सुनीता के परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए गोह थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मृतका के पिता रामसकल शर्मा के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की, जिसमें महेश शर्मा और अन्य पांच ससुरालियों को नामजद आरोपी बनाया गया है। गोह थाना के थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह घटना एक बार फिर से समाज में महिलाओं के प्रति हो रहे अत्याचारों की कड़वी सच्चाई को उजागर करती है। ऐसे मामलों में दोषियों को सख्त सजा देने की आवश्यकता है ताकि समाज में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की रक्षा हो सके।

फोन पर दी गई मौत की सूचना, शव को चुपके से जलाने की कोशिश

हत्या के बाद सुनीता के पति महेश शर्मा ने मायके वालों को फोन कर बताया कि उनकी बेटी की मौत हो गई है। इस सूचना के बाद ससुराल वालों ने शव को गांव के श्मशान घाट में चुपके से जला दिया। जब मायके वाले सूचना मिलने पर ससुराल पहुंचे तो घर बंद पाया और सभी ससुराली फरार हो चुके थे। गांव वालों ने बताया कि सभी श्मशान घाट गए हैं। जब मायके वाले श्मशान पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि सुनीता का शव जल रहा है और वहां कोई ससुराल पक्ष का व्यक्ति मौजूद नहीं था। यह दृश्य देखकर मृतका के परिजन स्तब्ध रह गए।

गणेशोत्सव के तीसरे दिन महाआरती में शामिल हुए रेडक्रॉस के चेयरमैन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

शहर के धर्मशाला चौक स्थित सिद्धि विनायक मंदिर में चल रहे 10 दिवसीय गणेशोत्सव के तीसरे दिन भक्तिभाव से ओतप्रोत माहौल में भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना और महाआरती का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर योग्य विद्वान आचार्यों के मार्गदर्शन में विधिपूर्वक पूजा संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश की मूर्ति के समक्ष भक्ति और श्रद्धा से झुकते हुए आराधना की।

संध्या समय हुए महाआरती में रेडक्रॉस चेयरमैन और भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश कुमार सिंह सपरिवार शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीगणेश की आरती कर भगवान से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, 'भक्तिमय वातावरण में आरती का हिस्सा बनना एक अद्भुत अनुभव है, जो आत्मिक शांति और आनंद की पराकाष्ठा है। यह अवसर ईश्वर की कृपा से हमें मिला है। महाआरती से पहले भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लोकल और क्षेत्रीय कलाकारों ने अपने शानदार भक्ति गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रवींद्र कुमार के नेतृत्व में कलाकारों की टोली ने भक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुति दी। प्रसिद्ध गायिका डिंपल भूमि और मोनू अलबेला ने अपने सुमधुर भजन और कीर्तन से पूरे वातावरण को आध्यात्मिकता से भर दिया। साथ ही मोहित अमित ने वाद्य यंत्रों पर अपनी संगत से कार्यक्रम को और भी मनोरंजक बना दिया। गणेशोत्सव के इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में सिद्धि विनायक मंदिर समिति के सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संस्था के संरक्षक रंजीत कुमार सिंह ने यजमान की भूमिका निभाई। सुरक्षा समिति के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह और अध्यक्ष कौशल कुमार सिंह ने आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाया। कार्यक्रम की सफलता में कार्यकारी अध्यक्ष वृंद कुमार सिंह और सूर्य नारायण सिंह, संयोजक प्रमोद कुमार सिंह, सचिव मुरारी कुमार सिंह, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार सिंह और सुबोध कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम में महिला मंडल अध्यक्ष रेखा सिंह के नेतृत्व में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया। इसके अलावा आरती मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र शर्मा, सदस्य कुंदन कुमार, मुन्ना तिवारी, बबलू सिंह, प्रवीण, विजय गुप्ता, निशांत कुमार, राजू शाह, सुनील कुमार और रितिक कुमार समेत अनेक युवाओं ने अपनी सहभागिता से आयोजन को सफल बनाया।

राजधानी रेल हादसे की मनी 22वीं बरसी, पटरी की पूजा व कैंडल जला कर दी गई मृतकों को श्रद्धांजलि

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

पूर्व मध्य रेल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल अंतर्गत गया-डिहरी रेलखंड पर बिहार के औरंगाबाद के रफीगंज स्टेशन से 2 किलोमीटर दूर धावा नदी रेल पुल के पास सोमवार को देर रात रेलकर्मियों औत समाजसेवियों ने रेल पटरी की पूजा कर और कैंडल जला कर राजधानी रेल हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी। गौरतलब है कि 22 वर्ष पूर्व 9 सितंबर 2002 की रात लगभग 10:45 के आसपास में अप कोलकाता-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस धावा नदी पुल पर दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। हादसे में लगभग 150 यात्रियों की जान गई थी और सैकड़ो लोग घायल हुए थे। इस मौके पर रफीगंज स्टेशन के पी डब्लू इंचार्ज अनिल कुमार सिंह एवं रामभजन सिंह ने बताया कि धावा नदी रेल पुल पर 2002 में राजधानी दुर्घटना हुई थी। इस दुर्घटना की पुनरावृति न हो, इसके लिए रेल पटरी की पूजा कर ईश्वर से प्रार्थना की गई। साथ ही दुर्घटना में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति हेतु कैंडल जलाकर 2 मिनट का मौन रखा गया। जिसमें। इस मौके पर कांग्रेस नेता डॉ. तुलसी यादव, अर्जुन सिंह, राजबल्लभ, दीपेंद्र कुमार, कृष्ण मुरारी, अभिमन्यु, रविंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संजय पासवान, दिलीप कुमार, प्रेमचंद, आरपीएफ के एनके सिंह, सिपाही ओम प्रकाश, रात्रि प्रहरी माहिप कुमार, रविशंकर कुमार, डीके सूरज, मनोज मधुकर, मनोज कुमार, पप्पू यादव बाबा, सुनील दीप, मनदीप कुमार एवं गोविंद कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में दो दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

मंगलवार को सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय, जो अपने शिक्षा क्षेत्र में निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है, ने आज एक और महत्वपूर्ण पहल की शुरुआत की। महाविद्यालय के न्यू सेमिनार हॉल में दो दिवसीय कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकेत्तर कर्मियों को कंप्यूटर शिक्षा में निपुण बनाना है ताकि महाविद्यालय डिजिटाइजेशन की दिशा में और तेजी से आगे बढ़ सके। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा आयोजित किया गया है और 10 से 11 सितंबर 2024 तक चलेगा। प्राचार्य ने अपने उद्घाटन भाषण में इस कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा, "डिजिटाइजेशन आज के समय की आवश्यकता है, और महाविद्यालय इसे अपनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रहा है। इस कार्यक्रम से शिक्षकेत्तर कर्मी कंप्यूटर के विभिन्न पहलुओं को समझने और उसे अपने कार्यक्षेत्र में लागू करने में सक्षम होंगे।"

पहला सत्रः सहायक प्राध्यापक आदित्य गुप्ता ने कंप्यूटर के बुनियादी परिचय से शुरुआत की। उन्होंने न केवल कंप्यूटर के मूल सिद्धांतों पर चर्चा की, बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), जेनरेटिव एआई और गूगल के विभिन्न उत्पादों के उपयोग पर भी विस्तृत जानकारी दी।

दूसरा सत्रः एमसीए विभाग के विभागाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने एमएस ऑफिस के विभिन्न उपकरणों के बारे में बताया। उन्होंने विशेष रूप से एमएस वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइंट आदि पर फोकस किया, ताकि कर्मी इनका अपने रोजमर्रा के कार्यों में आसानी से उपयोग कर सकें।

तीसरा सत्रः सहायक प्राध्यापक अंजनी कुमार ने महाविद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर की वेबसाइटों के उपयोग और प्रबंधन पर चर्चा की। उन्होंने कर्मियों को वेबसाइट की विभिन्न प्रक्रियाओं और उनसे संबंधित कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक नेहा कुमारी ने कुशलतापूर्वक किया, जबकि तकनीकी सहायता प्रदान करने में सहायक प्राध्यापक प्रवीण दुबे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस आयोजन में महाविद्यालय के विभिन्न शिक्षकेत्तर कर्मियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख शिक्षाविदों में डॉ. अनिल कुमार, डॉ. राजीव रंजन, अनिल कुमार यादव, अनिल कुमार सिंह, अरुण त्रिपाठी, शशि कांत कुमार, मनोज कुमार सिंह, शक्ति कुमार, एहसान अख्तर, अभिषेक दुबे, मनीष कुमार, हिमांशु, राहुल कुमार सिंह, पपु सिंह, रमेश सिंह आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

महाविद्यालय में हो रहे इस तरह के कार्यक्रम महाविद्यालय के डिजिटाइजेशन की दिशा में बढ़ते कदम को दर्शाते हैं। प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा का कहना है कि निकट भविष्य में महाविद्यालय के हर कर्मचारी और शिक्षक को डिजिटल तौर-तरीकों से लैस किया जाएगा, जिससे महाविद्यालय की कार्यक्षमता में और सुधार हो। उनका मानना है कि तकनीक का समुचित उपयोग ही आज के प्रतिस्पर्धी दौर में सफलता की कुंजी है। इस प्रकार, सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय अपने शिक्षण और प्रशासनिक कार्यों में डिजिटाइजेशन की दिशा में लगातार कदम बढ़ा रहा है और भविष्य में और भी उन्नत कार्यक्रमों के आयोजन की योजना बना रहा है।

प्राचार्य का विजन और महाविद्यालय की उन्नति

कार्यक्रम के दौरान आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर श्री बहादुर भीम कुमार सिंह ने प्राचार्य महोदय के निर्देशन में हो रहे महाविद्यालय के बदलावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'हमारा लक्ष्य महाविद्यालय को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है ताकि यह न केवल बिहार बल्कि पूरे भारत में एक मिसाल बने।' उन्होंने यह भी बताया कि कैसे इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम महाविद्यालय की उन्नति में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

चोरी हुई पल्सर बाइक के साथ एक गिरफ्तार

हसपुरा(औरंगाबाद)(नि.सं.)। पिछले 18 अगस्त को हसपुरा से चोरी हुई पल्सर बाईक को सोमवार की देर रात हसपुरा पुलिस ने टनकुपी गांव के युवक गोलू कुमार के पास से बरामद किया है। मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। दाऊदनगर के एसडीपीओ कुमार ऋषिराज ने बताया कि मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है। उन्होने बताया कि 18 अगस्त को मुख्य बाजार के आफ़ताब मेडिकल हॉल के सामने में स्थित पारा मिलिट्री कैंटीन के पीछे चौराहीं रोड से बाइक बीएसए 26 जेड 4393 चोरी कर ली गई थी। बाइक गोह थाना के पहाड़ीपुर गांव के सौरभ की थी। सौरभ अपने रिश्तेदार के यहां हसपुरा आया हुआ था। जिस स्थान पर बाइक लगा हुआ था, वहां जब सुबह देखा तो बाइक गायब थी। चोरों ने रात में बाईक की चोरी कर ली थी। मामले में हसपुरा थाना में कांड संख्या 231/024 दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने अपने स्तर से बाइक की खोजबीन शुरू कर दी। गिरफ्तार युवक ने पुलिस के समक्ष बाइक चोरी करना स्वीकार किया है। उसकी निशानदेही पर हीं पुलिस ने बाईक डुमरा पंचायत के रतनपुर गांव से उसके रिश्तेदार के यहां से बरामद किया।

एनसीसी के 13 बिहार बटालियन द्वारा कैडेटों को दिया जा रहा 10 दिवसीय सैन्य प्रशिक्षण, सेना में जाने का मिलेगा मौका

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

नेशनल कैडेट कोर(एनसीसी) की औरंगाबाद स्थित 13 बिहार बटालियन द्वारा रोहतास जिले के तिलौथु स्थित राधा शांता कॉलेज में कैडेटो के लिए 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरु किया गया है। 18 सितंबर तक चलने वाले शिविर का शुभारंभ कैंप कमांडेंट राजकुमार सिंह ने किया। कैंप में औरंगाबाद, रोहतास, आरा, बक्सर, गया एवं नालंदा जिले के लगभग 400 एनसीसी कैडेट (लड़के एवं लड़कियां) तथा 5 एएनओ भाग ले रहे हैं। कैंप कमांडेंट राजकुमार सिंह ने बताया कि शिविर में सभी कैडेट्स को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके तहत कैडेटो को मुख्यतः ड्रिल, मैप रीडिंग, फायरिंग, गेम, साहित्य एवं विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कैडेटो को विशेष रूप से फायर ब्रिगेड, उड़ान, आरटीओ, एआरओ, आपदा प्रबंधन, पोक्सो एक्ट एवं मेडिकल एमर्जेंसी का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से ग्रुप मुख्यालय स्तर पर बेस्ट कैडेट, सेकंड बेस्ट कैडेट(एसडी, एसडबल्यू, जेडी, जेडबल्यू) का चयन किया जाएगा। उन्होने बताया कि इस शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद कैडेट में नई ऊर्जा और उत्साह का विकास होगा जो आगे चलकर ए, बी एवं सी प्रमाण पत्र प्राप्त करने में काफी लाभदायक होगा। प्रशिक्षण के बाद एनसीसी कैडेट्स भारतीय सेना में शामिल होने के लायक होंगे एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओ में भी सफलता प्राप्त करने में उन्हे आसानी होगी। इस दौरान एनसीसी के समादेशी पदाधिकारी कर्नल राजकुमार सिंह एवं डिप्टी कैंप कमांडेट प्रदीप तक्षक ने भी कैम्प में दिए जा रहे प्रशिक्षण का जायजा लिया। जायजा लेने के बाद उन्होंने बताया कि इस संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले कैडेट्स विभिन्न प्रशिक्षण को प्राप्त कर रहे है। प्रशिक्षण का कैडेट्स बेहतर लाभ उठाएंगे। कहा कि एनसीसी सेना की एक लघु इकाई है और एनसीसी का प्रशिक्षण तथा ए, बी और सी सर्टिफिकेट हासिल करने वाले कैडेटो को सेना में भर्ती में वेटेज मिलता है। इस दौरान राधा शांता कॉलेज के प्रधानाचार्य अशोक कुमार सिंह, एएनओ, सीटीओ बटालियन के सूबेदार मेजर विराट टोपो के साथ ही बटालियन और कॉलेज के अन्य सैन्य एवं असैन्य कर्मी मौजूद रहे।

पुलिस अधीक्षक ने थाने का किया औचक निरीक्षण लंबित मामलों पर त्वरित कार्रवाई के दिए सख्त निर्देश

नि. संवाददाता | दाउदनगर (औरंगाबाद)

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने दाउदनगर थाना का औचक निरीक्षण किया, जिसमें थाने के कामकाज की विस्तृत समीक्षा की गई। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य थाने में लंबित मामलों और वारंटों के निष्पादन की स्थिति की समीक्षा करना था। पुलिस अधीक्षक ने सभी अनुसंधानकर्ताओं, थानाध्यक्ष, सर्कल इंस्पेक्टर और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के साथ एक विशेष बैठक की। इस बैठक में लंबित अजमानतीय वारंट और कुर्की के मामलों के त्वरित निपटारे के लिए सख्त निर्देश दिए गए।

बैठक में खास तौर पर उन गंभीर मामलों की समीक्षा की गई, जो लंबे समय से लंबित हैं और जिनका त्वरित निष्पादन करना आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक ने अनुसंधानकर्ताओं को निर्देशित किया कि वे लंबित मामलों का निपटारा तेजी से करें, विशेषकर वे मामले जो 60 दिनों की समय सीमा के भीतर आते हैं। उन्होंने कहा कि जो अनुसंधानकर्ता इन मामलों का ससमय निपटारा करेंगे, उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन अनुसंधानकर्ताओं का प्रदर्शन खराब रहेगा, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी कर्मी अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाएं, पुलिस अधीक्षक ने कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी। पुलिस अधीक्षक महोदया ने सभी पुलिसकर्मियों को क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम (सीसीटीएनएस) का प्रशिक्षण लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सीसीटीएनएस का सही तरीके से उपयोग करने से न केवल अपराध की जांच और निगरानी में आसानी होगी, बल्कि थाने के कार्यप्रणाली में भी सुधार आएगा। यह प्रशिक्षण अनिवार्य है ताकि पुलिस बल डिजिटल प्रक्रियाओं में भी सक्षम हो सके और तकनीक का उपयोग करके मामलों को तेजी से हल कर सके।

थाना में उपलब्ध संसाधनों के उचित उपयोग पर भी विशेष ध्यान दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि थाने के पास जो संसाधन उपलब्ध हैं, उनका अधिकतम और समुचित उपयोग सुनिश्चित किया जाना चाहिए। संसाधनों की कमी को लेकर किसी प्रकार का बहाना नहीं चलेगा, और थाना को अपने उपलब्ध साधनों से ही अधिक से अधिक परिणाम देने होंगे।

अनुशासन और सख्ती पर जोर

औचक निरीक्षण के दौरान यह भी देखा गया कि थाने में कौन-कौन से मामले लंबित हैं और उनके निष्पादन में देरी क्यों हो रही है। खराब प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिससे स्पष्ट संकेत मिलता है कि जिला पुलिस प्रशासन कार्यप्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं करेगा।

जिला पदाधिकारी ने दाखिल-खारिज मामलों में तेजी लाने का दिया निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

मंगलवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा समाहरणालय सभा कक्ष में राजस्व संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा राजस्व मामलों में दाखिल खारिज, आधार सीडिंग, एवं अभियान बसेरा फेस-2, सीएम डैशबोर्ड, अतिक्रमण का विशेष रूप से समीक्षा किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित अंचल अधिकारियों को विभागीय निर्देश के आलोक में जमाबंदी के आधार सीडिंग में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। दाखिल खारिज के मामले में जिले में 63 दिन से अधिक कुल 1446 लंबित मामलों में संबंधित अंचल अधिकारी को फटकार लगाई गई एवं एक सप्ताह के अंदर सभी लंबित मामलों का निष्पादन करने का आदेश दिया गया। सबसे अधिक 63 दिन से अधिक लंबित मामला औरंगाबाद सदर आंचल में 588 एवं सर्वाधिक कम 0 लंबित मामला हसपुरा आंचल में पाया गया। अभियान बसेरा फेस-2 जिले में कुल अब तक 1917 सर्वे के विरुद्ध 634 लोगों को जमीन उपलब्ध कराया गया है। सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत कुल 91 लंबित मामले में 81 का निष्पादित हो चुका है। शेष 10 लंबित मामले को जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचल अधिकारी को यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिए। तिक्रमण के मामले में जिले के सभी अंचल से कुल 397 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें 290 आवेदक को निष्पादित कर दिया गया है। जिसमें सर्वाधिक अतिक्रमण दाउदनगर अंचल में 48 एवं सबसे कम औरंगाबाद अंचल में 0 पाया गया। आधार सीडिंग के मामले में जिले में अभी तक कुल 32% रैयतों का आधार सीडिंग कार्य पूर्ण किया जा चुका है । जिला पदाधिकारी द्वारा आधार सीडिंग में में तेजी लाने हेतु पंचायत स्तर पर कैंप लगाने का निर्देश दिया गये। इसके अलावा सभी अंचल अधिकारियों को प्रत्येक शनिवार को भूमि विवाद से संबंधित बैठक को गंभीरता से आयोजित करने का निर्देश दिया गया एवं मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

14 सितंबर से एक अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान, सरकारी कार्यालयों से लेकर गांव-गांव तक होंगे विशेष कार्यक्रम

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

मंगलवार को समाहरणालय के सभा कक्ष में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा-2024 कार्यक्रम से संबंधित बैठक आहूत की गई। इसके अंतर्गत 14 सितंबर से 01 अक्टूबर 2024 तक स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता अंतर्गत जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड स्तर तक तिथि अनुसार कई कार्यक्रम चलाए जाने हैं। इसके अंतर्गत स्वच्छ भारत संस्कृति उत्सव,कचरा से कला का आयोजन, स्वच्छ फूड स्ट्रीट पहल, संपूर्ण स्वच्छता हेतु अभियान, सफाई मित्र शिविर, जीविका आधारित स्वच्छता संवाद, एक दिया स्वच्छता के नाम, तीन- दिन तीन दिन एक गांव अभियान, स्कूल कॉलेज आधारित गतिविधियों एवं समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया से संबंधित प्रचार प्रसार कार्यक्रम कराए जाने हैं। 14 सितंबर को कार्यक्रम शुभारंभ के दिन स्वच्छता ही सेवा अभियान जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें गांधी जी के पद चिन्ह स्थल, अन्य महत्वपूर्ण स्थल, धरोहर स्थल, पर्यटन स्थल पर श्रमदान, स्कूल छात्राओं की रैली, स्वच्छता के 10 वर्ष पूर्ण होने पर सफलता की कहानी एवं स्वच्छता शपथ दिलाया जाएगा। 15 सितंबर को चार दिवसीय मेगा सफाई अभियान प्रारंभ किया जाएगा जिसमें स्वच्छता लक्षित इकाई की आपसी समन्वय से सफाई आरंभ कर ग्राम पंचायत एवं नगर निकाय द्वारा एसएचएस कैंपेन के बारे में लाउडस्पीकर से घोषणा कर लोगों की सहभागिता की अपील की जाएगी। 16 सितंबर को स्वच्छता अभियान अंतर्गत सार्वजनिक स्थल, हाट बाजार, धार्मिक स्थल, बस स्टैंड, हाईवे, स्टेशन, रेलवे ट्रैक, सामुदायिक स्वास्थ्य परिसर पर सफाई अभियान कार्यक्रम चलाकर एक दीप स्वच्छता के नाम कार्यक्रम शुभारंभ किया जाएगा। 17 सितंबर को गांधी जी के पद चिन्ह पर स्वच्छता का शुभारंभ कर सभी सरकारी कार्यालय स्कूल, कॉलेज एवं अन्य सरकारी संस्थान में सफाई अभियान कार्यक्रम शुभारंभ किया जाएगा। 18 सितंबर को बिहार हमारा गौरव स्वच्छता हमारी पहचान के तहत सीमित धरोहर स्थलों पर विशेष संस्कृति उत्सव कार्यक्रम चलाया जाएगा। 19 सितंबर को जीविका के सभी समुदाय आधारित संगठनों में सफाई अभियान, स्वच्छता पर चर्चा, सूखा गीला कचरा पृथक्करण का प्रदर्शन आदि चलाया जाएगा। 20 सितंबर को स्वास्थ्य कर्मी सुरक्षा शिवर आयोजन, स्वच्छता दौड़ साइक्लोथान इत्यादि चलाया जाएगा। 21 सितंबर को दीवार चित्रण एवं एसबीएमजी संपत्तियों का सुंदरीकरण,विद्यालय स्वच्छता दिवस, चित्रकला प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता, स्कूलों में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसी तरह निर्धारित तिथियां के अनुसार जल स्रोतों की सफाई, जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी की उपस्थिति में चिन्हित गांव में स्वच्छता चौपाल का एवं उत्सव, स्वच्छता दीप,विशेष ग्राम सभा ग्राम, स्वच्छता उत्सव आदि कार्यक्रम 1 अक्टूबर तक चलाया जाना है।

12 सितंबर से हड़ताल पर रहेंगे एम्बुलेंस चालक

औरंगाबाद(एसवीवी संवाददाता)। ईएमटी, एम्बुलेंस और शव वाहन चालक 12 सितंबर से हड़ताल करेंगे। सदर अस्पताल, मदनपुर, रफीगंज, देव सहित पूरे जिले के प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और सरकारी अस्पतालों में ये सभी कार्यरत हैं। इस संबंध में 102 कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार टाइगर, ईएमटी सुरेंद्र प्रसाद ने बताया कि मई 2024 से अब तक हमलोगों का वेतन और भविष्य निधि अंशदान की रकम नहीं मिली है। इसके कारण टोल फ्री नंबर 102 एम्बुलेंस चालक और ईएमटी कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर 12 सितंबर से जाएंगे। उन्होंने बताया कि लगभग 4 महीने से हमलोगों का मानदेय प्राप्त नहीं हुआ है। इसके कारण हम सभी कर्मियों का परिवार और बाल बच्चे भुखमरी का शिकार हो रहे हैं। 11 सितंबर बुधवार को हमलोगों का पेमेंट नहीं आया तो 12 सितंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगा। बता दें कि हड़ताल पर जाने से पूरे जिले के 35 एम्बुलेंस, 2 शव वाहन की रफ्तार पर रोक लग जाएगी। इससे सरकारी अस्पताल में इलाज करवाने आ रहे मरीजों, गर्भवती महिलाएं, सड़क दुर्घटना में घायल लोग और अन्य तरह की मरीजों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। पूरे जिले से 72 एम्बुलेंस चालक, 68 ईएमटी, 2 शव वाहन चालक, दो शव वाहन हेल्पर सहित गुरुवार से कुल 144 लोग अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे। औरंगाबाद सदर अस्पताल में एंबुलेंस की संख्या 8 है। दाउदनगर अनुमंडल अस्पताल में एम्बुलेंस की संख्या 1, दाउदनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 1, रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 2, मदनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 3, देव में 3, गोह में 3, हसपुरा में 3, बरुण में 3, नबीनगर में 2, ओबरा में 3, जम्होर में 1 एंबुलेंस, तथा 2 शव वाहन हैं। कुल 37 वाहन के कुल 144लोग हड़ताल पर रहेंगे।